सूर्योदय : 6:00
सूर्यास्त : 5:47
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 24.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-124 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 11 अक्टूबर 2023
25 रबीउलअव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# शराब घोटाला: संजय सिंह की रिमांड तीन दिन बढ़ी

- ईडी ने कोर्ट में कहा शराब लाइसेंस के लिए घूस मांगी गई
- संजय के घर दो बार में दो करोड़ का लेनदेन हुआ



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाले के मामले में आरोपी आप सांसद संजय सिंह को आज राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। ईडी ने कोर्ट में संजय सिंह की पांच की रिमांड की मांग की, लेकिन कोर्ट ने तीन दिन की रिमांड स्वीकृत की।

अब आप सांसद 13 अक्तूबर तक ईडी की रिमांड में रहेंगे। ईडी ने कोर्ट में कहा कि घूस लेने के नहीं, घूस मांगने के सबूत हैं। शराब लाइसेंस के लिए घूस मांगी गई। इससे पहले, संजय सिंह को गिरफ्तार करने के बाद ईडी ने कोर्ट में पेश किया था। जहां से कोर्ट ने सांसद को पांच दिनों की ईडी की रिमांड पर भेज दिया था। रिमांड के दौरान सिंह से पूछताछ हुई तो वहीं दूसरी तरफ उनके करीबियों को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया गया। ईडी ने विवेक त्यागी और सर्वेश मिश्रा को समन जारी कर पूछताछ की। वहीं दूसरी तरफ कोर्ट के बाहर संजय सिंह के हजारों समर्थक धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। गिरफ्तार राज्यसभा सांसद संजय सिंह को 10 अक्तूबर तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेजा गया था। मामले में ईडी ने 10 दिन की कस्टडी मांगी थी। हालांकि कोर्ट ने सुनवाई के दौरान ईडी के समक्ष कई सवाल उठाए और इसके बाद सिर्फ पांच दिन की रिमांड दी।

### मुख्यमंत्री योगी ने 393 होम्योपैथिक फार्मासिस्ट को नियुक्ति पत्र बांटे

# आयुष क्षेत्र में अपार संभावनाएं: योगी

- कोई गलती करेगा तो जवाबदेही तय होगी: सीएम
- यूपी में छह वर्ष में छह लाख से अधिक युवाओं को दी सरकारी नौकरी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हेल्थ टूरिज्म के लिए आयुष के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इसके लिए हर स्तर पर तैयार होना होगा।

हमें आयुष के क्षेत्र में नए-नए शोध करने होंगे। वह मंगलवार को लोक भवन में 393 होम्योपैथिक फार्मासिस्टों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों के लिए 393 आयुष फार्मासिस्ट मिल रहे हैं। ये होम्योपैथ की विधा को निरंतर आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि आयुष क्षेत्र में कैरियर बनाने में लोग संकोच करते हैं। ऐसे में युवाओं को प्रेरित करने की जरूरत है। आयुष से जुड़े हर चिकित्सक अपना संकोच दूर करें। इस दिशा में शोध करें। इस विधा को बढावा दें। इस विधा से जुड़े डॉक्टर ही नहीं पैरा मेडिकल स्टॉफ की भी अहम भूमिका होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि पहले आयोग की नियुक्ति में कई साल लग जाते थे। अब बदलाव हुआ है। पारदर्शी तरीके से चयन प्रक्रिया हो रही है। प्रदेश सरकार की ओर से छह लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी क्षेत्र में रोजगार दिया गया है। ये व्यवस्था का हिस्सा बनकर पूरी ऊर्जा के साथ प्रदेश को ताकत दें जिससे प्रदेश की समृद्धि बढ़े। हर व्यक्ति को अपना आत्मावलोकन करना होगा। यदि कोई गलत करेगा, उसकी जवाब देही होगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश लगातार नए-नए रोजगार के सृजन का विकल्प बन रहा है।

#### निरंतर हो रहा आयुष का विकास: दयालु

आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि महायोगी गुरु गोरक्षनाथ महाविद्यालय बन रहा है। उससे सभी आयुष कॉलेजों को जोड़ा गया है। 393 होम्योपैथिक फार्मासिस्ट को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। इनसे विभाग के अस्पतालों को काफी फायदा मिलेगा। विभाग के डॉक्टरों एवं कर्मचारियों को प्रोन्नति दी गई है।

## अजित पवार ने खुद को बताया एनसीपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में फूट को लेकर चुनाव आयोग में चल रही सुनवाई के बीच अजित पवार ने खुद को एनसीपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बताया। अजित पवार आठ अन्य एनसीपी विधायकों के साथ इस साल 2 जुलाई को महाराष्ट्र सरकार में शामिल हुए। उन्होंने शिव सेना-भारतीय जनता पार्टी सरकार में उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। मंगलवार को उन्होंने कार्यालय में 100 दिन पूरे कर लिए। इस दौरान उन्होंने एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल होने के अपने कदम का बचाव किया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि राज्य की राजनीतिक इतिहास को देखे तो कई शीर्ष राजनेताओं ने अतीत में ''अलग रुख'' अपनाया था। अपने इस बयान से कही ना कही उन्होंने अपने चाचा शरद पवार पर निशाना साधा है। रोजगार, समाज के सभी वर्गों का आर्थिक सशक्तीकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और सभी कल्याणकारी योजनाओं का कार्यान्वयन राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

# पुलिस की बढ़ेगी कनेक्टिविटी

**योगी कैबिनेट**

### 19 प्रस्तावों को मंजूरी, शाहजहांपुर में खुलेगा नया विवि

- पुलिसकर्मियों को मिलेगा हाई स्पीड मोबाइल डाटा
- नेटवर्क फेल की समस्या भी होगी दूर
- फतेहपुर में सीवरेज परियोजना पर खर्च होंगें 293 करोड़



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में 19 प्रस्तावों को हरी झंडी प्रदान की गई। मुख्यमंत्री योगी प्रदेश के विभिन्न विभागों को टेक्नोलॉजी से जोड़ने पर जोर दिया है। उनकी मुहिम का असर है कि प्रदेश के सभी विभाग ई ऑफिस से संचालित होने लगे हैं। अब इसी के तहत योगी सरकार ने यूपी पुलिस में इस्तेमाल होने वाले सीयूजी नंबर के सिम को अपग्रेड करने का निर्देश दिया है। गृह विभाग की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह निर्देश दिए हैं, जिस पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके 3जी सिम की जगह 4जी सिम देने की तैयारी शुरू कर दी गयी है। इसको लेकर डीजीपी मुख्यालय के अधिकारियों ने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को निर्देशित किया है। 4जी सिम मिलने के बाद पुलिसकर्मियों को हाई स्पीड से जोड़ा जा सकेगा। उन्हें पहले की तुलना में ज्यादा डाटा मिलेगा और उनकी कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी, जिससे अपराधों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी। वहीं छोटे निकायों में मौजूद धार्मिक, सांस्कृतिक, पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व वाले स्थानों के अवस्थापना विकास के लिए सरकार ने वंदन के नाम से एक नई योजना शुरू करने का फैसला किया है। इस योजना के जरिए इन स्थानों पर प्रकाश, पेजयजल, जल निकासी, शौचालय और साफ-सफाई समेत सभी नागरिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी । इससे संबंधित नगर विकास विभाग के प्रस्ताव को मंगलवार कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि वंदन योजना के तहत सिर्फ ऐसे जरूरी कार्यों को ही कराया जाएगा, जो किसी दूसरी योजना में स्वीकृत न हों।

#### गंभीर सड़क दुर्घटनाओं की जांच के लिए बनेगी कमेटी



प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की जांच के लिए जिला स्तर पर कमेटी गठित की जाएगी। कमेटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर भी दुर्घटना में विधिक कार्यवाही की जाएगी। योगी कैबिनेट ने उप्र सड़क दुर्घटना जांच योजना 2023 का प्रस्ताव मंजूर किया है। परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में सड़क दुर्घटनाओं के विश्लेषण के लिए कोई मानीकृत प्रक्रिया नहीं है।

शाहजहांपुर में निजी क्षेत्र का वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय बनेगा। उच्च शिक्षा विभाग के तरह खुलने वाले इस निजी विश्वविद्यालय से क्षेत्र के छात्रों को अपने ही जिले में पढ़ाई करने का मौका मिलेगा।

#### दो मीटर तक मिट्टी खुदाई को खनन नहीं माना जाएगा

प्रदेश में ईंट एवं मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए 2 मीटर तक मिट्टी की खुदाई को खनन नहीं माना जाएगा। खनन पट्टे का तीन महीने में रजिस्ट्रेशन नहीं कराने के कारण पट्टा समाप्त नहीं होगा। योगी कैबिनेट की मंगलवार को आयोजित बैठक में उत्तर प्रदेश उप खनिज (परिवहन) (प्रथम संशोधन) नियमावली 2023 का प्रस्ताव पारित किया है।

#### पीसीएफ को लोन के लिए सरकारी गारंटी



कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड (पीसीएफ) और उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड (पीसीयू) को धान धरीद के लिए बैंक से लोन लेने के लिए सरकारी गारंटी के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। पीसीएफ को 4000 करोड़ रुपये और पीसीयू 1000 करोड़ रुपये के लोन के लिए बैंक गारंटी मिलेगी। पीसीएफ अपनी राशि में से ही उत्तर प्रदेश उपभोक्ता सहकारी संघ लिमिटेड (यूपीएसएस) को आवश्यक खरीद राशि उपलब्ध कराएगा।

#### 65 साल में रिटायर होंगे सरकारी डॉक्टर



प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सक अब 62 के बजाय 65 वर्ष की उम्र में सेवानिवृत्त होंगे, लेकिन अपर निदेशक से लेकर महानिदेशक स्तर के चिकित्साधिकारी 62 वर्ष में ही सेवानिवृत्त हो जाएंगे। अन्य स्तर के चिकित्सक प्रशासनिक कार्य छोड़ कर मरीजों के इलाज में 65 वर्ष तक रह सकेंगे। इस प्रस्ताव को मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दे दी गई है। (पूरी खबर पेज-7 पर)

#### एयरपोर्ट की तर्ज पर संवारे जाएंगे 23 बस स्टैंड



प्रदेश में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के 23 बस स्टैंड को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। योगी कैबिनेट बैठक में इसका प्रस्ताव मंजूर किया जाएगा। परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने कैबिनेट निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि गाजियाबाद के साहिबाबाद, आगरा के ट्रांसपोर्ट नगर और ईदगाह, मथुरा के पुराना बस स्टैंड, कानपुर के कानपुर सेंट्रल (झकरकटी), वाराणसी के कैंट, प्रयागराज के जीरो रोड और लखनऊ के अमौसी बस स्टैंड को पीपीपी मोड पर बसपोर्ट विकसित करने का प्रस्ताव मंजूर किया है।

# हमास के बंदूकधारिकों ने 260 को उतारा मौत के घाट

- हमले के बाद पार्टी में लोगों को बागों की आड़ लेकर खेतों में दौड़ते देखा था



**तेल अविव।** सप्ताहांत में देश पर अपने हमले के दौरान दक्षिणी इस्राइल में एक आउटडोर म्यूजिक फेस्टिवल पर हमला करने वाले हमास के बंदूकधारियों ने कम से कम 260 लोगों की हत्या कर दी। टाइम्स ऑफ इस्राइल ने एक आपातकालीन समूह के हवाले से यह जानकारी दी।

अखबार ने आतंकवादी हमलों और अन्य आपदाओं के बाद मानव अवशेषों को संभालने वाले एक स्वयंसेवी समूह जाका द्वारा की गई एक घोषणा का हवाला दिया। नोवा फेस्टिवल पूरी रात चलने वाला कार्यक्रम था, जिसमें लगभग तीन हजार इस्राइली युवा शामिल थे। हमले के बाद पार्टी में शामिल होने वाले लोगों को बागों की आड़ लेकर खेतों में दौड़ते देखा गया था। खबर के मुताबिक, जाका के एक प्रवक्ता ने कहा कि किबुत्ज रीम के पास घटनास्थल पर करीब 260 शव एकत्र किए गए हैं। इस बीच, हमास द्वारा किए गए हमले में कम से कम 900 इस्राइली लोगों की मौत हो गई है और 2,616 से अधिक लोग घायल हैं। इस्राइल के रक्षा बलों (आईडीएफ) ने जोर देकर कहा है कि हमास के आतंकवादियों के हमले के बाद सेना ने गाजा सीमा पर पूर्ण नियंत्रण हासिल कर लिया है। आईडीएफ द्वारा साझा किए गए एक युद्ध अपडेट में बताया गया है कि गाजा से करीब 4,500 रॉकेट दागे गए हैं, जिसके बाद इस्राइली रक्षा बलों ने गाजा में हमास के 1290 ठिकानों पर हमला किया। इस्राइली वायु सेना के एक्स हैंडल के मुताबिक, इस्राइली वायु सेना वर्तमान में गाजा पट्टी में हमास के आतंकी ठिकानों पर व्यापक हमले कर रही है। वायु सेना गाजा पट्टी पर हमास के ठिकानों पर बड़ी तीव्रता के साथ हमला करना जारी रखे हुए है। वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने हाल ही एक सैन्य परिसर और एक हथियार गोदाम पर भी हमला किया।

## यूपी में मतदाता बनने का मौका

**लखनऊ।** चुनाव आयोग 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं को मतदाता बनाने के लिए 27 अक्तूबर से 11 दिसंबर के बीच विशेष अभियान चलाएगा। शनिवार या रविवार को निर्धारित की जाने वाली छह विशेष तारीखों पर सूची में नाम जुड़वाने, घटाने या संशोधन के लिए प्रत्येक बूथ पर बीएलओ की ड्यूटी लगाई जाएगी। इसे लोकसभा चुनाव से पहले बड़ी कवायद माना जा रहा है। आयोग 10 जनवरी को अपनी मतदाता सूची प्रकाशित करेगा। उससे पहले शुरू की जा रही इस प्रक्रिया के दौरान आपत्तियां और दावों के साथ एक से दूसरे स्थान पर वोट ट्रांसफर कराने वाले भी आवेदन दे सकेंगे। इन छह विशेष तारीखों की शीघ्र ही घोषणा की जाएगी। सूची में नाम जुड़वाने या संशोधन के लिए आयोग की वेबसाइट voters.eci.gov.in या वोटर हेल्पलाइन एप पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

# आपका प्रदर्शन युवाओं की पूरी पीढ़ी को प्रेरित करेगा: मोदी

- पीएम ने भारत के दल की सराहना की
- आप सभी ने इतिहास रचा है




**नई दिल्ली।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के हांगझू में एशियाड के 19वें संस्करण में अभूतपूर्व सफलता के बाद नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में भारतीय एशियाई खेलों के दल की प्रशंसा की।

पीएम मोदी ने एथलीटों, कोचों और फिजियो थेरेपिस्टों सहित भारतीय दल को संबोधित किया और उनके शानदार प्रयास की सराहना की जिसके कारण भारत ने चीन में एक यादगार यात्रा दर्ज की। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि आप सभी खिलाड़ियों ने जो पराक्रम दिखाया है, जो पुरुषार्थ किया है, जो परिणाम दिया है, उसके कारण देश के हर कोने में एक उत्सव का माहौल है। 100 पार मेडल के लिए आपने दिन-रात एक कर दिया। मोदी ने कहा कि एशियन गेम्स में आप सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन से पूरा देश गौरव की अनुभूति कर रहा है।

मैं पूरे देश की तरफ से एथलीट के प्रशिक्षकों और कोच का भी हृदय से अभिनंदन करता हूं, आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि आप सभी ने इतिहास रचा है। पदक तालिका भारत की सफलता का प्रमाण है। एशियाई खेलों में यह भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। व्यक्तिगत रूप से मुझे संतुष्टि है कि हम सब सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं! उन्होंने कहा कि अनेक खेलों में आपने सिर्फ खाता ही नहीं, बल्कि एक नया रास्ता खोला है। एक ऐसा रास्ता जो युवाओं की पूरी पीढ़ी को प्रेरित करेगा।

# हमास और इजरायली जंग: इजरायल में फंसे है केरल के 7,000 लोग

- पिनराई विजयन ने विदेश मंत्री को लिखा पत्र
- भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का किया आग्रह



**तिरुअनंतपुरम।** हमास और इजरायली सेना के बीच भीषण युद्ध के मद्देनजर केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर को पत्र लिखकर इजरायल में भारतीयों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। उन्होंने 7,000 केरलवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। मुख्यमंत्री विजयन ने विदेश मंत्री को नौ अक्टूबर को लिखे अपने पत्र में कहा मैं आपसे इजरायल में हमारे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव तरीके से हस्तक्षेप करने का अनुरोध करता हूं। केरल में फंसे भारतीयों में से लगभग 7,000 केरल से हैं। युद्ध के कारण इन नागरिकों को अत्यधिक परेशानियां हो रही हैं। उनके परिवार के सदस्य यहां चिंतित हो रहे हैं। असेंबली आफ क्रिश्चियन ट्रस्ट सर्विसेज (एसीटीएस) ने मंगलवार को ईसाइयों से हमास आतंकियों का समर्थन करने वालों का बहिष्कार करने को कहा है। एसीटीएस महासचिव जार्ज सेबेस्टियन ने कहा कि एसीटीएस केंद्र सरकार के साथ है।

#### इजरायल में फंसे हैं 5,000 लोग

कर्नाटक प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नलिन कुमार कतील ने बताया कि दक्षिण कन्नड़ जिले के लगभग 5,000 लोग इजरायल में फंसे हैं। सभी को सुरक्षित भारत वापस लाया जाएगा। कतील ने कहा मुझे दक्षिण कन्नड़ जिले के लगभग 5,000 लोगों के इजरायल में होने की जानकारी है। मैंने विदेश मंत्री जयशंकर को पत्र लिखा है हम सुनिश्चित करेंगे कि किसी को नुकसान न हो। केंद्र सरकार उन्हें भारत वापस लाएगी।

**गर्भपात**

### सुप्रीम कोर्ट से विवाहिता ने इजाजत मांगी

# 26 हफ्ते का गर्भ गिराने पर रोक

- बच्चे की जान बचा सकते हैं
- केंद्र ने आदेश वापस लेने को कहा
- बहुत गंभीर दुविधा में हैं डॉक्टर



**नई दिल्ली।** गर्भपात के मामले में भारत के कानून बेहद सख्त हैं। ताजा मामले में मां की गर्भ गिराने की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। रिपोर्ट के अनुसार, 6 महीने से अधिक समय के गर्भ (26 हफ्ते) को गिराने के मामले में डॉक्टरों की टीम भी दुविधा में थी, क्योंकि गर्भवती महिला का कहना था कि वह दो बच्चों की मां बन चुकी है और अब तीसरा बच्चा नहीं चाहिए। एम्स के डॉक्टरों की टीम ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 26 सप्ताह का गर्भ हो चुका है और बच्चे को बचाया जा सकता है। इसके बाद अदालत ने गर्भपात पर रोक लगा दी। दरअसल, एम्स, दिल्ली में एक विवाहित महिला 26 सप्ताह के गर्भ को मेडिकल तरीके से समाप्त करने की अपील के साथ पहुंची। गर्भ को चिकित्सीय तरीके से गिराने के मामले में सुप्रीम कोर्ट की ही न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की पीठ ने गर्भ गिराने की अनुमति दी थी। भ्रूण के गर्भपात के मामले में केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने आदेश को वापस लेने की मांग की। भाटी ने चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ से कहा कि भ्रूण विकसित होने और बच्चे के जन्म की पूरी संभावना है। डॉक्टरों ने कहा कि उन्हें भ्रूणहत्या करनी होगी मेडिकल बोर्ड के ऐसा कहने के बावजूद गर्भपात की अनुमति दी गई। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, आदेश को वापस लेने के लिए औपचारिक आवेदन के साथ आएं। हम इसे उस पीठ के समक्ष रखेंगे जिसने आदेश पारित किया था। एम्स के डॉक्टर बहुत गंभीर दुविधा में हैं। कल सुबह एक पीठ का गठन करूंगा। गर्भपात पर रोक के साथ कोर्ट ने कहा कि इस संबंध में एम्स से पूछें। इससे पहले सोमवार को, न्यायमूर्ति कोहली की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता दो बच्चों की मां है।

## अरुंधति रॉय के खिलाफ चलेगा मुकदमा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने मंगलवार को लेखिका अरुंधति रॉय और कश्मीर विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर शेख शौकत हुसैन के खिलाफ उनके कथित भड़काऊ भाषणों को लेकर 2010 के एक मामले में मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी। दोनों पर 2010 में दिल्ली में एक सेमिनार के दौरान भारत विरोधी टिप्पणी करने का आरोप था। आज़ादी- द ओनली वे नामक एक सम्मेलन में उनके भाषणों को लेकर सुशील पंडित और रूट्स इन कश्मीर नाम के एक कश्मीरी पंडित संगठन द्वारा उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी। दिल्ली के उपराज्यपाल ने कहा कि अरुंधति रॉय और शेख शौकत हुसैन के खिलाफ प्रथम दृष्टया धारा 153ए (विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना), 153बी (राष्ट्रीय-एकीकरण के लिए प्रतिकूल आरोप, दावे) और 505 (जनता को भड़काने वाले बयान) के तहत अपराध करने का मामला बनाया गया था।

# डीएम के निर्देश पर सभी अफसरों ने आवंटित क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण

**मोहम्मदी।** उप जिलाधिकारी डॉ अवनीश कुमार ने कृषि उत्पादन मंडी समिति मोहम्मदी में स्थापित विभिन्न क्रय एजेंसियों के धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विपणन निरीक्षक उपस्थित रहे। उपस्थित केंद्र प्रभारी तथा विपणन निरीक्षक को अवगत कराया कि निर्धारित क्रय नीति के अनुसार कृषकों से खरीद सुनिश्चित की जाए तथा खरीद हेतु मंडी आए कृषकों को निर्धारित समस्त आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।

**पलिया।** उप जिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह ने कृषि उत्पादन मंडी समिति पलिया में स्थापित विभिन्न क्रय एजेंसियों के धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार पलिया तथा विपणन निरीक्षक उपस्थित रहे। उपस्थित केंद्र प्रभारी तथा विपणन निरीक्षक को अवगत कराया कि निर्धारित क्रय नीति के अनुसार कृषकों से खरीद सुनिश्चित की जाए तथा खरीद हेतु मंडी आए कृषकों को निर्धारित समस्त आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।

**धौरहरा।** एसडीएम धीरेंद्र सिंह ने तहसील धौरहरा क्षेत्र अंतर्गत धान क्रय केंद्र धौरहरा एवं हसनापुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय दोनों केंद्र प्रभारी मौके पर मौजूद मिले, केंद्र खुल पाया गया दोनों केंद्रों पर अभी तक धान की खरीद नहीं हुई है। निर्देशित किया कि क्षेत्र के किसानों से संवाद स्थापित कर खरीद शुरू करना सुनिश्चित करें। किसानों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो।



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर सभी उप जिलाधिकारियों ने भ्रमणशील रहकर अपने तहसील क्षेत्र में पड़ने वाले धान एवम् मक्का क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया, जो अपनी रिपोर्ट डीएम को सौपेंगे।एसडीएम ने अपने तहसील क्षेत्र में पड़ने वाले सभी धान क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। एसडीएम ने आवंटित धान क्रयकेंद्रों पर पहुंचकर न केवल मूल सुविधाओं की पड़ताल की बल्कि धान की आवक के संबंध में क्रय केंद्र प्रभारियों से वार्ता की। साथ ही केंद्रों पर किसानों के लिए की जाने वाली मूलभूत सुविधाओं के बारे में जाना। एसडीएम ने निर्देश दिए कि ऑनलाइन पंजीकरण कराकर अपना धान बेचने आए किसानों को फैसिलिटेट कराए, ताकि उन्हें कोई असुविधा ना हो। नोडल अफसरों ने क्रय केंद्र प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप मानक के अनुरूप अधिक से अधिक किसानों का धान क्रय केंद्रों के जरिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाए। यह शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में है। अपने निरीक्षण में क्रय केंद्र प्रभारियों को इस बात के लिए सचेत किया कि किसी भी किसान का धान खरीद में उत्पीड़न ना हो, एवं शत प्रतिशत मानक के अनुरूप धान की खरीद हो। उन्होंने निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (कामन धान हेतु रु.2183 प्रति कुंटल एवं ग्रेड-ए के धान के लिए रु. 2203 प्रति कुंटल) का भुगतान 72 घंटे के भीतर पीएफएमएस (पब्लिक फाइनेंस मैनेजमेंट सिस्टम) के जरिए किसानों के बैंक खातों भेजना सुनिश्चित करें।

## पीएफएमएस से सीधे किसानों के आधार लिंक बैंक खाते में होगा धान मूल्य भुगतान

### धान क्रय केन्द्रों पर ई-पॉप से होगा आधार प्रमाणीकरण, होगी खरीद

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कृषक बन्धुओं से अपील करते हुए कहा कि अपने पंजीयन समय से कर लें क्योंकि पंजीयन के बाद तहसील स्तर पर प्रत्येक कृषक पंजीयन के सत्यापनोपरान्त ही कृषक धान विक्रय का पात्र होगा।धान विक्रय के लिए ओटीपी आधारित पंजीकरण की व्यवस्था है। कृषक भाई पंजीकरण के लिए वर्तमान मो.नं. ही अंकित करायें, स्स्ब द्वारा प्रेषित ओटीपी भरकर पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण करें। कृषक का बैंक खाता आधार सीडेड (अर्थात बैंक खाता आधार से जुड़ा हो) एवं बैंक द्वारा एनपीसीआई पोर्टल पर मैप एवं सक्रिय होना जरूरी है। धान के मूल्य का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से सीधे किसानों के आधार लिंक बैंक खाते में करने की व्यवस्था है। कृषक बन्धुओं से धान खरीद क्रय केन्द्रों पर इलेक्ट्रानिक प्वाइंट ऑफ परचेज (E-POP) के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण करते हुए की जायेगी।

## भारतीय संस्कृति के विविध आयाम विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** वानप्रस्थ क्लब, लखीमपुर खीरी द्वारा माह के द्वितीय व्याख्यानमाला के तत्वाधान में भारतीय संस्कृति के विविध आयाम विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वल के साथ हुआ। व्याख्यानमाला में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित युवराज दत्त महाविद्यालय के दर्शन शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुभाष चन्द्रा ने भारतीय संस्कृति के विविध आयाम ÷ विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति सत्यं शिवम सुन्दरम की उदात्त भावना तथा शाश्वत मूल्यों एंव आध्यात्म का विशाल संगम है। इसकी विशिष्टतायें अनेक है। भारतीय सांस्कृतिक चिंतन में प्रारंभ से ही विश्वजनीन चेतना व्याप्त रही है।भारतीय संस्कृति के मनीषियों ने पृथ्वी हमारी माता है और हम भूमि पुत्र है के मूल उद्घोष के साथ आत्मवत सर्वभूतेषु और वसुधैव कुटुम्कम की जो उदघोषणा की थी वह आज भी प्रासंगिक है। भारतीय संस्कृति का सर्वश्रेष्ठ गुण उसका विश्वमुखी होना है। अपने इस गुण के बल पर ही भारतीय संस्कृति को विश्व संस्कृति का मूलाधार होने का गौरव प्राप्त है। प्रोफेसर सुभाष चन्द्रा ने भारतीय सांस्कृतिक संकट की समस्याओं के आलोक में संस्कृति, प्रति संस्कृति और अपसंस्कृति के बारे भी विस्तार से चर्चा कर मूल्य आधारित जीवन पद्धति पर विचार प्रस्तुत किये। इसी क्रम में मेजर यज्ञ दत्त मिश्र ने भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित कविताएँ प्रस्तुत की तथा कर्नल सी.पी. मिश्रा ने भारतीय संस्कृति की नैतिक मान्यताओं पर विचार प्रस्तुत किये। व्याख्यानमाला कार्यक्रम की अध्यता करते हुए वानप्रस्थ क्लब के अध्यक्ष डा0 डी0 एन. शुक्ल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में सर्वे भवन्ति सुखिना का महत्तम आदर्श निहित है जो प्राणिमात्र के कल्याण की भावना के साथ मर्यादित आचरण व संस्कारों पर बल देता है।डॉ शुक्ल ने प्रोफेसर सुभाष चन्द्रा द्वारा उच्च शिक्षा व छात्र छात्राओं के बीच किये जा रहे नवाचारों का स्वागत करते हुए उनके सामाजिक योगदान की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में वानप्रस्थ क्लव के सचिव श्री हरि प्रसाद त्रिपाठी ने उपस्थित सभी के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कार्यक्रम का सफल संचालन किया।कार्यक्रम में नारायण सिंह चौहान, रामचंद्र यादव, माता शरण चौबे तथा के आर पांडेय सहित सदस्यगण उपस्थित रहे।

# लखनऊ पब्लिक स्कूल के संस्थापक एस.पी.सिंह ने लखीमपुर शाखा में किड्स पूल का किया उद्घाटन

**शानदार प्रदर्शन**

- नन्हे-मुन्ने बच्चे भी स्विमिंग का आनंद ले सके
- विद्यालय के बच्चों ने हर वर्ष कि भांति




अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** लखनऊ पब्लिक स्कूल की लखीमपुर शाखा में संस्थापक एवं महाप्रबंधक डॉ. एस.पी.सिंह ने प्रेस वार्ता की इस अवसर पर उन्होंने किड्स पूल का उद्घाटन भी किया, ताकि नन्हे-मुन्ने बच्चे भी स्विमिंग का आनंद ले सके। उन्होंने बताया कि विगत सत्र मे आई.सी.एस.ई. एवं आई.एस.सी. 2022-2023 के घोषित परीक्षा परिणामो में विद्यालय के बच्चों ने हर वर्ष कि भांति शानदार प्रदर्शन किया एवं विद्यालय ने जिले में अग्रणी स्थान बनाया। आई.सी.एस.ई. में कुल 132 तथा आई.एस.सी. परीक्षा में 104 छात्रों ने सम्मिलित होकर विद्यालय का शत-प्रतिशत परीक्षाफल दिया। आई.सी. एस.ई. परीक्षा में 34 तथा आई.एस. सी. परीक्षा में 37 छात्र-छात्राओं ने 90त्न से अधिक अंक लाकर एक नया रिकॉर्ड बनाया इस वर्ष यू .पी .एस . सी. परीक्षा के सेन्ट्रल आर्म्ड फौर्स मे लखीमपुर शाखा के छात्र रहे गुरुपेज सिंह संधू का चयन असिस्टेंट कमांडेड स्पेशल फोर्स होम मिनिस्ट्री ऑफ़ इंडिया के लिए हुआ।इसी शाखा मे पढने वाले जुड़वाँ भाईयो निवेदित वर्मा व नवोदित वर्मा का चयन आई.आई.टी. रुड़की में हुआ। नवनीत कौर का एम.बी.बी.एस. के लिए के.जी.एम.सी., लखनऊ मे एवं हर्ष तिवारी का आई.आई.एम.,रोहतक में चयन हुआ। विद्यालय में छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक एवं प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं में उत्कृष्ट परीक्षा-परिणामो की प्राप्ति के लिए विशेष ध्यान दिया जाता है। समय-समय पर सीनियर कक्षाओं में काउंसलिंग, बाहर से आए काउंसलरो एवं मनोवैज्ञानिकों द्वारा की जाती है। मॉडल प्रश्न-पत्रों का सतत अभ्यास व उनके मूल्यांकन के साथ-साथ समीक्षा भी कराई जाती है। परीक्षा पूर्व कमजोर छात्राओं के लिए रिमेडियल क्लासेस की भी व्यवस्था की जाती है। बच्चों की सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षिक अध्यन के साथ-साथ इंडोर-आउटडोर गेम्स, स्विमिंग पूल, सिंथेटिक एस्ट्रो टर्फ एवं ओपन एक्सरसाइज जिम आदि की सुविधाओं द्वारा खेलकूद व व्यायाम पर भी ध्यान दिया जाता है। हाल ही में सी.आई.एस.सी .ई .जोनल लेवल वॉलीबॉल टूर्नामेंट पलिया में हमारे विद्यालय की टीम ने सिल्वर मेडल जीता। सी.आई.एस.सी .ई .जोनल वॉलीबॉल व कैरम कंपटीशन में अंडर 14 गर्ल्स सिंगल में अमृता, कक्षा 7 ने गोल्ड एवं दर्शिका मिश्रा, कक्षा 6 व अक्षरा नागवानी, कक्षा 9 ने सिल्वर मेडल पाया। अंडर 14 गर्ल्स डबल में दर्शिका मिश्रा, कक्षा 6 व अमृत वर्मा, कक्षा 7 ने सिल्वर मेडल पाया। अंडर 14 बॉय सिंगल में आर्यन वर्मा, कक्षा 9 ने सिल्वर पाया। अंडर 14 बॉयज डबल्स मे दीपेंद्र सिंह, कक्षा 8 व श्रेष्ठ कुमार, कक्षा 7 में सिल्वर मेडल पाया। अंडर 17 गर्ल्स सिंगल में आकांक्षा शाक्य, कक्षा 9 में गोल्ड व जानवी शर्मा, कक्षा 10 ने सिल्वर मेडल पाया। सी.आई.एस.सी.ई. जोनल लेवल ताइक्वांडो, अंडर 14 और अंडर 17 गर्ल्स और बोय्स कंपटीशन में, जो इसी ब्रांच में आयोजित की गई थी, इसमें भी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। सी.आई.एस.सी .ई .जोनल लेवल कैरम कंपटीशन में भी विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।मेजर ध्यानचंद की स्मृति में लालपुर स्टेडियम में आयोजित जैवलिन थ्रो कंपटीशन अंडर 14 और अंडर 19 में वेदिका गुप्ता ने सिल्वर मेडल व आयुषी अवस्थी ने ब्रांज मेडल पाया।जिला के चेस क्लब, खीरी द्वारा आयोजित डी.सी.सी.के टूर्नामेंट मे अंडर 14 मे (कक्षा 9) के छात्र नीलनंदन ने तथा अंडर 10 में सुयश शुक्ला,( कक्षा 4) ने प्रथम स्थान पाया। विद्यालय में समय-समय पर अनेक पाठय सहगामी, शैक्षिक क्रियाकलापों व प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को उभारने एवं उन्हें निखारने का सार्थक प्रयास भी किया जाता है इस प्रेसवार्ता में विद्यालय प्रधानाचार्य विजय सचदेवा, और स्कूल के कर्मचारी व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## डेंगू व बुखार के कारण मौतों का सिलसिला लगातार जारी

अवधनामा संवाददाता

**मोहम्मदी-खीरी।** नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो तक में मौतों का सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा है। नगर के लगभग हर वार्ड के हर घर में कोई न कोई बुखार से पीड़ित है। कुछ माह पूर्व मोहल्ला बसविरवा में दर्जनो मौते हुई थी उसके कुछ दिन उपरान्त मोहल्ला सरैया में संक्रमण फैलने के चलते सात बच्चों की मृत्यु हो जाने से हड़कंप मच गया था। तब सोते से नगर पालिका प्रशासन जागा था और सफाई के नाम पर खानापूरी कर फिर सो गया। कल रात मोहल्ला सरैया में एक 11 वर्षीय बच्चे की डेंगू के बुखार आने से मौत हो गई जिसके चलते मोहल्लेवासी घरों में दुबकने को मजबूर है। जबकि मोहल्ला सरैया, पश्चिमी लखपेड़ा सहित नगर के हर वार्ड व मोहल्ले में तमाम लोग डेंगू, टाइफाइड, मलेरिया के बुखार से पीड़ित है लेकिन स्वास्थ्य विभाग और नगर पालिका अभी भी साधारण मोड में है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभी तक नगर के किसी भी मोहल्ले में कोई भी टीम डोर टू डोर जांच करने के लिए नहीं गठित की गई। कुछ जगह टीमें भेजी भी गई थी तो जांचे हुई किसी को कुछ बताया भी नही स्वास्थ्य विभाग के मौजूदा टीम ने लोगो से कह दिया की मैसेज आ जायेगा। लेकिन न तो मैसेज आया और न ही स्वास्थ्य विभाग से कोई रिपोर्ट मोहल्ले में आयी। जब इस सम्बन्ध में सीएचसी के जिम्मेदार अधिकारी से जानकारी लेने के लिये कई बार फोन करने के उपरान्त भी उनके फोन नही उठे। नगर के अधिकांश मोहल्लों में भयंकर गन्दगी के कारण संक्रमण फैल रहा है। नाली और नालों में भयंकर गन्दगी के कारण नई-नई प्रजाति की बीमारियां उत्पन्न हो रही परन्तु पालिका प्रशासन द्वारा अभी तक ना तो साफ सफाई की गई ना कोई ब्लीचिंग पाउडर डाला गया ना स्प्रे किया गया।

# छात्र को पीटने वाला बेरहम अध्यापक गिरफ्तार

- वीडियो वायरल होने पर हरकत में आई पुलिस
- एसपी मौके पर पहुंचे, छात्रों से की मुलाकात



अवधनामा संवाददाता

**सीतापुर।** सिधौली तहसील क्षेत्र के एक संस्कृत विद्यालय में छात्र की बेरहमी से पिटाई के मामले में वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। एसपी चक्रेश मिश्रा ने घटना को संज्ञान लेते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं विद्यालय जाकर बच्चों से भी मुलाकात की। एसपी के निर्देश के बाद सिधौली कोतवाली पुलिस ने आरोपी बेरहम अध्यापक को गिरफ्तार किया है।

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। यह वीडियो सिधौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छाजन बोधेपुर के बीच स्थित किशोरी बालिका संस्कृत आवासीय गुरूकुल का था। वीडियों में एक अध्यापक छात्र को बेरहमी से पीटता नजर आ रहा था। अध्यापक छात्र को पटक - पटक कर पीट रहा था, जबकि छात्र गिड़गिड़ाते हुए रहम की भीख मांग रहा है। अध्यापक छात्र की बेरहमी से पिटाई करते हुए अपशब्दों का प्रयोग भी कर रहा था। आरोपी अध्यापक का नाम सतीश जोशी बताया जा रहा है। सतीश जोशी खैराबाद थाना कस्बा के मोहल्ला जोशी टोला का निवासी बताया जा रहा है। वही छात्र की पहचान रेउसा थाना क्षेत्र के ग्राम पंडित पुरवा निवासी राजेश मिश्रा के पुत्र दीपक के रूप में बताई जा रही है। इधर वीडियो वायरल होने की जानकारी होने पर एसपी चक्रेश मिश्रा गुरुकुल पहुंचे और उन्होंने छात्रों से मुलाकात की। छात्रों का हाल जाना व उनसे कहा कि उत्पीड़न होने पर अपने परिजनों को जरूर बताएं। वहीं एसपी ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। एसपी के निर्देश पर हरकत में आई पुलिस ने आनन फानन में केस दर्ज कर आरोपी सतीश जोशी को गिरफ्तार किया है।

## अवैध शस्त्रों के साथ दो हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**सीतापुर।** कोतवाली नगर व सकरन थाना पुलिस ने दो हिस्ट्रीशीटरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ संबंधित थानों में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करते हुए, दोनों को न्यायालय में पेश किया है।

सकरन थाना पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के ग्राम ताजपुर सलौली के निकट छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने ताजपुर सलौली निवासी मुन्नालाल गोड़िया पुत्र श्रीराम को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ सकरन थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। इधर कोतवाली नगर पुलिस टीम ने अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ वाल्मीकि पुत्र रामकिशन निवासी मोहल्ला वाल्दा कालोनी थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ कोतवाली नगर में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

## कार्यकर्ता को श्रद्धांजलि देने पहुंचे भाजपा नेता



अवधनामा संवाददाता

**सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी के पुराने व वरिष्ठ कार्यकर्ता बैजनाथ विश्वकर्मा को श्रद्धांजलि देने के लिए भाजपा नेता उनके घर पहुंचे। बैजनाथ विश्वकर्मा लंबे समय से भाजपा से जुड़े थे और बीमारी के चलते उनका निधन हो गया था। बैजनाथ विश्वकर्मा के पुत्र गरूणेश विश्वकर्मा भी भाजपा कार्यकर्ता हैं। सोमवार को भाजपा के निर्वतमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा उनके आवास आहाता कप्तान हबीबपुर पहुंचे। दोनों नेताओं ने दिवंगत बैजनाथ विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की नींव होती है। उसी नीव पर पूरा संगठन खड़ा होता है। उन्होंने कहा कि बैजनाथ विश्वकर्मा के निधन से संगठन को अपूर्णनीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में संगठन उनके परिवार के साथ है। इस अवस पर भाजयुमो के जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, सत्यम सिंह, विवेक आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## 3 नफर वारण्टी अभियुक्तगण गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी - थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा 03 नफर वारण्टी अभियुक्तगण रामचन्द्र पुत्र शिवसहाय निवासी ग्राम खइयां थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी सम्बन्धित मु0नं0 2269/14 धारा 60(2) Ex. Act 2. शारदा पुत्र सुन्दरलाल निवासी ग्राम सिसैया कलुआपुर थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी सम्बन्धित मु0नं0 3/21 धारा 419,420,406,379,411,504,506,507 भादवि0 3.शिवपूजन पुत्र प्यारे निवासी ग्राम दाउदपुर थाना फूलबहड़ जनपद खीरी सम्बन्धित मु0नं0 1886/23 धारा 452/323/504 भादवि0 को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगणों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुये न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा जा रहा है।

## शातिर आटोलिफ्टर गिरफ्तार

**सीतापुर।** रेउसा थाना पुलिस ने शातिर आटोलिफ्टर को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से चोरी की दो बाइकें बरामद की हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

रेउसा थाना पुलिस टीम ने क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी के निकट छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान आफ्ताब उर्फ मुटरु पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम करसा थाना रेउसा को गिरफ्तार किया। सीओ अभिषेक प्रताप अजेय ने बताया कि उसके कब्जे से चोरी की 2 मोटर साइकिलें बरामद की गई हैं। पुलिस का कहना है कि बरामद एक मोटरसाइकिल रेउसा थाना क्षेत्र से चोरी की गई है। जिसका केस रेउसा थाने में दर्ज है। आरोपी आफ्ताब को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक पवन मिश्रा, पुलिसकर्मी रामबहादुर पटेल, सौंवत चौहान शामिल हैं।

## अवैध गांजा सहित हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

सीतापुर। देहात कोतवाली पुलिस ने शातिर अपराधी को अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी लंबे समय से इस क्षेत्र में मादक पदार्थ बेचने का कार्य कर रहा है। कोतवाली देहात पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान अजय मिश्रा उर्फ चिंगू मिश्रा उर्फ शिवांशु मिश्रा पुत्र देवेंद्र कुमार निवासी नाथपुरी कॉलोनी थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से 1645 ग्राम गांजा, 25 प्लास्टिक की छोटी पन्नी व एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपी देहात कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। इसके विरुद्ध थाना कोतवाली नगर पर पूर्व में विभिन्न आपराधिक कृत्यो के संबंध में करीब 01 दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## लावरिस मिले जरुरी कागजात व 15,600 रुपये लौटाए

सीतापुर। शहर कोतवाली क्षेत्र की रोडवेज चौकी प्रभारी रामचन्द्र यादव पुलिस टीम सहित बस अड्डे पर गश्त कर रहे थे। उसी दौरान एक पर्स पड़ा मिला। पर्स को चेक किया तो उसमें कुछ जरुरी कागजात व 15,600 रुपये निकले। इसी बीच एक व्यक्ति वही थोडी दूर पर परेशान कुछ ढूंढता हुआ दिखा। पूछताछ की गयी तो उसने अपना नाम वीरेंद्र कुमार पुत्र धनपाल सिंह निवासी रोजा जलालपुर थाना बिसरख जनपद नोएडा बताया। उसने अपना पर्स गुम हो जाना बताया। पर्स का हुलिया तस्दीक करते हुए पर्स को उनके सुपुर्द किया गया। वीरेन्द्र कुमार द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी एवं पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

## आदित्य वर्ल्ड सिटी गाजियाबाद गेट के पास सिद्ध काली जी मंदिर के आस पास भारी मात्रा में कूड़ा एकत्रित

**गाजियाबाद।** आज़ सुबह जब हम मंदिर गए तो वहा बहुत से लोग एकत्रित हो रहे थे कारण पूक्षा तो उन्होने मंदिर के आस पास एकत्रित कूड़ा को दिखाया और सभी ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम को भी कई बार बताया लेकिन यह कूड़ा नहीं हटाया गया। मैने मेयर सुनीता दयाल जी को फोन लगाया तो उन्होने उठाया नही। उनके मेल पर भेज दिया। मोदी जी योगी जी स्वच्छता अभियान शुरू किया है लेकिन जब हमारे सिद्ध मंदिर के आस पास कूड़ा एकत्रित होगा तो कैसे स्वच्छ भारत बनेगा।

## जमीन पर कब्जा पड़ गया भारी, मुकदमा दर्ज



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे उदवत सिंह मजरे ज्योना गांव में सुरक्षित जमीन पर कब्जा कर निर्माण कार्य करना एक व्यक्ति पर भारी पड़ गया मामले में एसडीएम के आदेश पर हल्का लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है, बताते चलें कि गांव निवासी गंगा राम पुत्र बाबू लाल सड़क के किनारे की बेश कीमती सुरक्षित जमीन पर कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा था जिसकी शिकायत पिछले दिनों एसडीएम से हुई थी जिस पर एसडीएम ने लेखपाल को मौके पर भेजकर निर्माण कार्य रुकवा दिया था बताते हैं, कि बीते सोमवार से पुनः गंगा राम द्वारा सुरक्षित जमीन पर डंपरों से मिट्टी डलवाकर काम शुरू करवा दिया गया था जिसकी शिकायत होने पर एसडीएम ने सख्ती दिखाते हुए इस बार लेखपाल को संबंधित पर मुकदमा दर्ज कराने का आदेश कर दिया हल्का लेखपाल विपिन मौर्या ने कोतवाली में तहरीर देकर संबंधित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है, मामले में कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर संबंधित के विरुद्ध लोक संपत्ति निवारण अधिनियम का मुकदमा दर्ज किया गया है, अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथी पर गोष्ठियों का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज, रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथी पर जनपद भर में अनेक स्थानों पर गोष्ठियों का आयोजन हुआ। सपाईयों ने अपने नेताजी को याद करते हुए उनके सपने को साकार कर लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव को जिताने का दृढ़ संकल्प लिया। इस दौरान सपा ने ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया। महराजगंज में भी रायबरेली रोड पर स्थित एक सपा नेता के प्रतिष्ठान पर बछरावां विधायक श्याम सुंदर भारती के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने भारी उपस्थिति के साथ मुलायम सिंह यादव के कार्यकाल और संघर्ष को याद करते हुए उनको सच्चा किसान और जनहितैषी नेता बताया। आपको बता दें कि, सपा अध्यक्ष स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि सपाईयों के द्वारा यहां महराजगंज में पूरी श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बछरावां विधानसभा स्तरीय अनेक स्थानों पर सपाईयों ने सभा और कार्यक्रम किये। महराजगंज में रायबरेली रोड पर स्थित सपा नेता के प्रतिष्ठान पर विधायक श्याम सुंदर भारती की अध्यक्षता में सभा का



आयोजन किया गया। इसमें कार्यकर्ताओं और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनको याद किया और अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। पुष्पांजलि कार्यक्रम में बोलते हुए विधायक श्याम सुंदर भारती ने कहा कि, नेताजी ने हमेशा ही गरीब, किसान, मजदूर के हितों की चिंता की है। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में जमीनी स्तर पर संघर्ष किया और यूपी के तीन बार मुख्यमंत्री भी बने। रक्षा मंत्री बनकर देश के शहीदों को सम्मान दिया, उनके परिवारों को शहीद सैनिकों के शव दिलाने के लिए क्रांतिकारी निर्णय लिया और देश की रक्षा के लिए सीमाओं को मजबूती दी। आज देश में उनके जैसे धरतीपुत्र की राजनीतिक स्तर पर बहुत आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि, वो दिन रात मेहनत करें और लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव के हाथों को मजबूती प्रदान करें। यही नेताजी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

पूर्व नगर पंचायत प्रत्याशी सोभनाथ वैस्य ने नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात सभा को संबोधित करते हुए कहा कि, नेता मुलायम सिंह यादव जमीनी नेता रहे। उन्होंने पहला चुनाव अपने गुरु नत्थू सिंह की सीट जसवंत नगर जीत कर विधानसभा में स्थान पाया था। नेता ने कड़ा संघर्ष कर सन 1992 में समाजवादी पार्टी का गठन किया। उनकी कमी हमेशा कार्यकर्ताओ को महसूस होती रहेगी।

सभा में वरिष्ठ सपा नेता शत्रुघ्न मौर्य, ब्लॉक अध्यक्ष समर बहादुर यादव, सपा नेता फिरोज अहमद, जिला सचिव वीरेंद्र यादव, श्रीनाथ पासी आदि ने भी नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि के उपरांत सभा को संबोधित कर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन रामनरेश गौड़ ने किया। इस मौके पर पूर्व ब्लाक अध्यक्ष देवता दीन यादव, क्षेत्र पंचायत सदस्य रोहित धोबी, सपा नेता बाबा दीन यादव, रामसनेही यादव आदि मौजूद रहे।

# महाप्रबंधक ने उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, शोभन चौधरी ने उत्तर रेलवे के विभागाध्य क्षों और मण्डल रेल प्रबंधकों के साथ, आज प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की। महाप्रबंधक ने कहा कि संरक्षा रेलवे की प्राथमिकता है जिसके लिए रेलपथों, चलस्टॉक, सिगनल और विद्युत की ओवरहैड तारों का अनुरक्षण प्राथमिकता के आधार पर करने के हर-संभव प्रयास किये जाने चाहिए। उन्होंने रेलपथों और वैल्डों के अनुरक्षण मानकों को बेहतर बनाने, सिगनल प्रणाली के सुचारू रूप से काम करने और अन्य संरक्षा इंतजामों को बेहतर बनाने पर बल दिया। उन्होंने रेलपथों के निकट पड़े स्क्रैप को तेजी से हटाने और रेलपथों पर रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने, पटरियों के सिरों पर लगे फिश बोल्टन छेदों के निरीक्षण करने और संभावित रेल दरारों की जगहों की पहचान करने और किसी भी अप्रिय घटना को टालने के लिए निवारक उपाय करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने आगे कहा कि मण्डलों को संरक्षा बढ़ाते हुए जहां भी आवश्यक है वहां कर्मचारियों को परामर्श दिया जाना चाहिए। उन्होंने रेलपथों पर विद्युत संरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ रेलगाड़ियों के निर्बाध आवागमन के लिए रिले और पैनल रूमों की संरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने पर बल दिया। उन्होंने रेल परिचालन में मानवीय भूलों को कम करने पर जोर दिया। उन्होंने विभागाध्यक्षों और मण्डल रेल प्रबंधकों को संरक्षा को प्राथमिकता देते हुए माल लदान की रफ्तार को बढ़ाने और समयपालनबद्धता को बनाए रखने के भी निर्देश दिए। मालभाड़ा बिजनेस डेवलपमेंट पर बात करते हुए महाप्रबंधक ने व्यापार यूनिटों के बढ़े हुए दायरों का जायज़ा लिया। उन्होंने कहा कि बीडीयू को ग्राहकों के बीच भरोसे, सहयोग और आत्मोविश्वास का माहौल बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रेलवे द्वारा दी जा रही रियायतें ग्राहकों तक पहुँचनी चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रत्येक गुजरते माह के साथ खाद्यान्न एवं अन्य मदों के लदान में वृद्धि हुई है। उत्तर रेलवे अपने उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# नेताजी ने अपने कामों से राजनीति को दिया था नया आयाम: सुरेंद्र सिंह

अवधनामा संवाददाता




**फतेहपुर।** देश के पूर्व रक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताजी मुलायम सिंह यादव की पहली पुण्यतिथि पर सपाईयों ने सर्वप्रथम कार्यालय परिसर में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर जहां श्रद्धांजलि दी वहीं सदर अस्पताल के सभी वार्डों में भर्ती मरीजों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। गोष्ठी में वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश भी डाला।

शहर के शादीपुर स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में नेताजी मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव समेत सभी सपाईयों ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तत्पश्चात गोष्ठी हुई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि नेताजी का जन्म 22 नवंबर 1939 को इटावा जिले के सैफई गांव में हुआ था। पहले वह एक शिक्षक थे। बाद में शिक्षण कार्य को छोड़कर राजनीति में कदम रखा। अपने कामों से उन्होने राजनीति को एक नया आयाम दिया।

मुख्यमंत्रितत्व काल में उन्होने खेत खलिहान से लेकर प्रदेश में तमाम जन कल्याणकारी कार्य किए। प्रदेश में गन्ना मिल चालू कराकर लोगों को रोजगार दिया। उनके कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। गोष्ठी का संचालन जिला महासचिव चौधरी मंजर यार ने किया। इसके बाद सपाई जिला अस्पताल पहुंचे जहां महिला, पुरूष व शिशु वार्ड में भर्ती मरीजों के बीच फल का वितरण कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की ईश्वर से कामना की। इस मौके पर सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी, चेयरमैन राजकुमार मौर्या, वीरेंद्र यादव, विपिन यादव, केतकी यादव, नफीस उद्दीन, राम बहादुर यादव, अनिल यादव, शमीम अहमद, सुरिजपाल रावत, डा. अमित पाल, डा. रामनरेश पटेल, संगीताराज पासी, सऊद अहमद, जेपी यादव, अय्यूब, नूरूल हुदा, तनवीर अहमद, मो. आजम खान, जगनायक सचान, ओवैस फारूकी, अमित मौर्या, शहजाद अनवर, मो. आफताब, राम किशोर पटेल भी मौजूद रहे।

# राशै महासंघ के ब्लाक अध्यक्ष हरिशंकर सिंह व मंत्री अभिषेक मिश्रा की अगुवाई में सौंपा ज्ञापन



**उसका सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** परिषदीय विद्यालयों में नियमित साफ सफाई, स्वच्छ पेयजल और एमडीएम के गल्ले की आपूर्ति विद्यालय स्तर पर करने के लिए मंगलवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लाक अध्यक्ष हरिशंकर सिंह व मंत्री अभिषेक मिश्रा की अगुवाई में पदाधिकारियों ने बीडीओ श्याम मुरली मनोहर मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष मंजू जायसवाल व विपणन अधिकारी मायापति मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि नगर पंचायत के 15 वार्डो में 17 और 49 ग्राम पंचायत में 98 परिषदीय विद्यालय हैं, जहां लगभग 14 हजार बच्चे पढ़ते हैं। वर्तमान में सभी ग्राम पंचायत में सफाई कर्मी तैनात हैं, लेकिन वह विद्यालय प्रांगण की नियमित सफाई नही करते हैं। स्वच्छता केंद्र व राज्य सरकार की प्राथमिकता में है। विद्यालय परिसर में लगे अधिकांश हैंडपंप दूषित पानी देते हैं या तो खराब हैं, ऐसे में बच्चों के समक्ष स्वच्छ पेयजल का संकट खड़ा रहता है। इसे ठीक कराया जाना आवश्यक है। विद्यालय में मध्याह्न भोजन बनने के लिए आवंटित खाद्यान्न कोटेदार स्कूलों पर न पहुंचाकर, प्रधानाध्यापकों को दुकान पर गल्ला देने के लिए बुलाते हैं। जबकि कोटेदार को स्कूल तक गल्ला पहुंचाने के लिए विभाग द्वारा भुगतान किया जाता है। इन सभी कार्यो के नही होने से अध्यापक को अनावश्यक परेशानी होती है और पठन पाठन बाधित होता है। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामसेवक गुप्ता, कोषाध्यक्ष अजीजुर्रहमान, राघवेंद्र त्रिपाठी, अमित पांडेय आदि मौजूद रहे।

## होम्योपैथिक अवेयरनेस अवार्ड से सम्मानित हुए डा. अनुराग

**फतेहपुर।** निर्धन, जरूरतमंद व बच्चों की अनवरत चिकित्सा सेवा करने पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन व यूथ आइकान डा. अनुराग को प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गन्ना संस्थान में हेल्थी वर्ल्ड विजन फाउंडेशन के संयोजकत्व में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय होम्योपैथिक सेमिनार होम्यो विजन 2023 में होम्योपैथिक अवेयरनेस अवार्ड से आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री डा. दयाशंकर मिश्र दयालु ने प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह व शाल भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने माँ सरस्वती व डॉ हैनिमैन की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर प्रो. अरविंद कुमार वर्मा निदेशक होम्योपैथी उत्तर प्रदेश, डॉ बीएन सिंह अध्यक्ष होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड, डॉ रामजी सिंह अध्यक्ष एचएमएआई, डॉ अमित नायक एचओडी मैटेरिया मेडिका नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज लखनऊ, डॉ पूजा दुबे नायक वाईस चेयरपर्सन हेल्थी वर्ल्ड विज़न फाउंडेशन उपस्थित रहे।

# कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर केक काटकर जन्मोत्सव मनाकर बधाई दी

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जिला महिला चिकित्सालय में भारत सरकार द्वारा संचालित बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत आयोजित कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने कल, आज रात्रि में पैदा हुयी बेटियों की खुशी में केक काटकर उनको जन्मोत्सव मनाकर बधाई दी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार ने कन्या भ्रूण हत्या को रोकने की दिशा में तेजी कार्य किया है, महिलाओं, बेटियों को सम्मान मिले और वह आत्मनिर्भर हों इसके लिए महिलाओं को केन्द्र-बिन्दु रख तमाम योजनाएं संचालित की हैं, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अन्तर्गत बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य पर ध्यान दिया। उन्होने सभी का आव्हान करते हुये कहा कि बेटा-बेटी में कोई फर्क न करें यदि बेटियां होगी तो परिवार आगे बढेगा, महिला के बिना समाज की कल्पना नहीं की जा सकती, घटता लिगांनुपात समाज के सामने गम्भीर समस्या है, हम सबको इसके प्रति सजग रहना होगा, बेटियों, महिलाओं को सशक्त बनाना होगा, बेटियां शिक्षित होंगी तभी समाज का सर्वागींण विकास होगा। श्री सिंह ने कहा कि आज बालिकाएं, महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है, लेकिन आज भी वह अनेक कुरीतियों का शिकार हो रही है, ये कुरीतियां उसके आगे बढ़ने में बाधाएँ उत्पन्न कर रही है, समाज में तमाम घरों में बेटा-बेटी में भेद-भाव किया जाता है, इस भेद-भाव को मिटाने के मकसद से 'कन्या जन्मोत्सव मनाया जा रहा है, जिसका मकसद महिलाओं को सामाजिक धारणाओं को समझने के साथ-साथ बालिकाओं को बहन, बेटी, पत्नी या माँ के दायरों से बाहर निकालने और उन्हें सामाजिक भागीदारी, लड़का-लड़की में भेद नहीं करने व समाज के लोगों को लिंग समानता के बारे में जागरूक करना है।

## मार्ग दुर्घटना में तीन घायल, दो रेफर

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के हाटा कप्तानगंज मार्ग पर स्थित लक्ष्मीपुर कुटी के पास मंगलवार की रात 8 आठ बजे मोटरसाइकिल की ठोकर से तीन घायल हो गए। जिसमे दो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार हाटा कप्तानगंज मार्ग पर स्थित लक्ष्मीपुर कुटी के पास मंदिर से गांव निवासी राजेश गोंड पुत्र रामाश्रय गोंड अपने घर जा रहे थे कि चंद्रिका चौहान पुत्र श्रीकांत निवासी पडरी उर्फ मीरगंज थाना सेंदुरीया जनपद महराजगंज अपने पत्नी निर्मला के साथ कप्तानगंज से हाटा जा रहे थे कि अचानक बाइक अनियंत्रित होने से पैदल जा रहे लक्ष्मीपुर निवासी राजेश गोंड को ठोकर मार दिया। जिससे वह घायल हो गए वहीं बाइक पर सवार दोनों लोग भी घायल हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथौली ले गये। जहां गंभीर रूप से घायल राजेश गोंड व चंद्रिका को डाक्टरो ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# समाजवादी पार्टी की महिला प्रकोष्ठ की जिला महासचिव शाहजहाँ खातून का निधन

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** स्थानीय तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बगहवा निवासी समाजवादी पार्टी कि महिला प्रकोष्ठ की जिला महासचिव का निधन हो गया। पिछले माह स्वास्थ्य खराब होने के कारण इनका इलाज चल रहा था। चार दिन पहले हालत ज्यादा खराब होने कारण उन्हें डॉ. राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल लखनऊ में इलाज के लिये भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान सोमवार को इनका निधन हो गया। मंगलवार को बगहवा मीरा बाबा स्थित कब्रिस्तान में लोगों की भारी संख्या की मौजूदगी में उन्हें सुपूर्दे खाक कर दिया गया।

इस दौरान श्रद्धांजलि देने वालों का ताँता लगा रहा। जिसमें समाजवादी पार्टी के जिले के क़द्दावर नेता व क्षेत्र के सम्मानित लोग मौजूद रहे। वह समाजवादी पार्टी की विचारधारा को पिछले तीस वर्षों से जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही थी। समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता रामफेर यादव ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के लिये यह बहुत बड़ी छती है, जिसे भरा नहीं जा सकता है। अजय यादव ने कहा आज हमने समाजवादी पार्टी के एक सच्चे सिपाही को खो दिया है। जिसकी कमी हमेशा खलेगी। वहीं इरफान मलिक ने दुख प्रकट करते हुए कहा कि उनसे हमारे पारिवारिक के संबंध थे। आज हमने अपने परिवार के एक सदस्य को खो दिया है। जिस की कमी हमेशा खलेगी। ओबेदुर्रहमान ने कहा आज हमने अपने एक ऐसे नेता को खोया है, जो हमेशा गरीबों और मजलूमों के हक में हमेशा खड़ी रहती थी। वह हमेशा याद आएंगी।

एम. नईम ने कहा कि हमने एक ऐसे नेता को खोया है, जो जमीन से जुड़ी हुई थी। लोगों की हक की लड़ाई लड़ रही थी और जो उनसे हो सकता था, मदद करती थी। उनकी कमी हमेशा खालेगी। लाल जी यादव, घिसयावन यादव, आरजू, शमशेर, रफीक, अहमद, जगनारायण, राम कुमार, बहर्ची, सुरेश, नफीस मलिक, ओम प्रकाश, कमूर्ज़मा, बच्चा राम बौद्ध, राजांदार चौधरी, इरफान मिर्ज़ा, विजय अग्रहरि, अफसर रिज़्वी, एसके मेहंदी, नौशाद मलिक, अजय चौधरी, इंद्रास त्रिपाठी, अनिता द्विवेदी, पुत्तन भाई, बबलू मलिक आदि ने संवेदना प्रकट की है।

# डीएम ने सबका साथ- सबका विकास-सबका विश्वास एवं सबका प्रयास पर चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित तिकोनियां पार्क में केन्द्र-प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योनजाओं, उपलब्धियों एवं जन-मानस के उत्थान के हेतु लिए गये महत्वपूर्ण निर्णयों से सम्बन्धित एवं ''सबका साथ- सबका विकास-सबका विश्वास एवं सबका प्रयास'' विषेयक 03 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुये जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने कहा कि चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदेश में संचालित विकास कार्यक्रमों, विभिन्न क्षेत्रों में हासिल उपलब्धियों, जन-कल्याणकारी योजनाओं का प्रदर्शन किया गया है ताकि प्रत्येक व्यक्ति को संचालित योजनाओं, उपलब्धियों की जानकारी मिल सके।

उन्होने कहा कि चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से उ.प्र. की पहचान देश में ही नहीं बल्कि विश्व पटल पर भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में हो रही है, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के कीर्तिमान स्थापित कर उ.प्र. नये स्वरूप में दिखाई देने वाला, नये भारत का नया ग्रोथ इंजन बनने जा रहा है, का चित्रण बखूबी किया गया है। उन्होने कहा कि चित्र प्रदर्शनी में ऑपरेशन कायाकल्प के तहत कराये गये कार्यों का विवरण दर्शाया गया है, इस योजना के तहत जनपद के प्रत्येक विद्यालय में मूल-भूत सुविधाएं यथा पीने हेतु स्वच्छ पानी, बालिका-बालक शौचालय, विद्यालय कक्षों में टाइल्स, बाउण्डीवॉल, प्रकाश व्यवस्था आदि मुहैया करायीं, बेसिक शिक्षा के विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, ड्रेस, जूते-मोजे, बैग, स्वेटर मुहैया कराये गये। श्री सिंह ने कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदेश में हुये विकास कार्यों को दर्शाया गया है, विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी से लाभार्थी लाभान्वित होंगे, सरकार के किए कार्यों ''एक जनपद-एक उत्पाद, हुनर को पहचान और राजगार'', आत्मनिर्भरता का आधार'', ''06 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी'', ''शुद्ध जल अब हर घर-द्वार'', ''खाद-बीज की सुविधा पाई, पाई-पाई से गरीब की भलाई'', ''प्रधानमंत्री जन-धन योजना'', ''पी.एम. स्वनिधि योजना में 15 लाख स्ट्रीट वैण्डर्स लाभान्वित'', ''पाई-पाई से गरीब की भलाई, मेरे घर बिजली आई'', ''पाई-पाई से गरीब की भलाई धुएं से मुक्ति पाई'', ''पाई-पाई से गरीब की भलाई बढ़ा सम्मान स्वच्छता आई' समेत ''सबका-साथ-सबका विकास -सबका विश्वास -सबका प्रयास'' विषय पर आधारित चित्र प्रदर्शनी लगाई गई, प्रदर्शनी में आत्म निर्भर उ.प्र. महिला युवा-किसान, सबका विकास, सबका सम्मान की झलक स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता ने कहा कि सबका साथ-सबका विकास प्रधानमंत्री जी का मूल-मंत्र है, वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री बनने के बाद विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों को लाभान्वित करने का कार्य किया।

# दिव्यांग शिविर में वितरित किए गए सैकड़ो उपकरण

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** एस. एन. साध ट्रस्ट द्वारा आयोजित दिव्यांग शिविर के तीसरे दिन समापन हुआ। फिर भी मरीजों के आने का सिलसिला जारी रहा। जिले के अलावा हरदोई, शाहजहांपुर मैनपुरी एटा, से भी मरीज आए। मरीजों ने बताया कि शिविर में जो सेवाए दी जा रही है वह बिल्कुल निशुल्क है और उसके साथ ही उत्तम भोजन पैकेट व चाय, बिस्कुट, फरूटी की व्यवस्था ट्रस्ट द्वारा की गई है।

मरीजों ने शिविर के आयोजकों को दिल से आभार व्यक्त किया। मुफ्त में कीमती उपकरण मिलने के कारण मरीजों के चेहरे पर खुशी देखी गई। ट्रस्ट के प्रमुख ट्रस्टी राकेश साध व चमकेश साध ने बताया कि उस परमपिता परमात्मा की कृपा से हम लोगो का अब ये ही उद्देश्य है कि दिव्यांगों की ज्यादा से ज्यादा सेवा कार्यो को और कैसे बढ़ाया जाए। उन्होंने शिविर के सेवा कार्य में लगे सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। यस. एन. साध ट्रस्ट द्वारा दिव्यांग शिविर निरन्तर लगाये जा रहे हैं। जिनका संयोजन जानी मानी समाज सेवी डॉ रजनी सरीन द्वारा निरन्तर किया जा रहा है। इस शिविर की विशेषता यह रही कि कोई भी दिव्यांग जन केवल अपना आधार कार्ड और दिव्यांग प्रमाण पत्र लेकर आये और तत्काल रजिस्ट्रेशन कराकर निशुल्क शिविर में दी जाने वाली सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकता है। दिल्ली से विशेष रूप से शिविर में सेवा प्रदान करने आये मधु साध, उनकी पुत्री प्रिया साध व दामाद रितेश साध ने बताया कि इस बार शिविर की विशेषता रही कि जिनके हाथ किसी भी हादसे में या और किसी कारण कटा हुआ था। उसके लिए श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति दिल्ली से मोनिका शर्मा, विनोद कुमार, वेद प्रकाश, लोकेश शर्मा हलदर नाग, अवधेश कुमार की विशेष टीम बुलाई गई थी।

## ओंकार नाथ सिंह बने प्रदेश संयोजक



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद कुंवर हरिवंश सिंह द्वारा पूर्वांचल के प्रखर समाज सेवी , पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल संवेदक संघ के अध्यक्ष ओंकार नाथ सिंह को संगठन का प्रदेश संरक्षक नियुक्त किया है। ओंकार नाथ सिंह को पूर्वांचल प्रदेश संयोजक बनाए जाने पर संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। मंगलवार को नगर के महारानी चण्डिका छात्रावास में आयोजित अभिनंदन समारोह में संगठन के नवनियुक्त प्रदेश संयोजक ओंकार नाथ सिंह को कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से लाद दिया, स्वागत से अभिभूत नवनियुक्त प्रदेश संयोजक श्री सिंह ने कहा कि संगठन द्वारा दी जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूत करने का काम करूंगा। समारोह में मुख्य रूप से संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील सिंह, प्रदेश अध्यक्ष उग्रसेन सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह, जिलाध्यक्ष राजेश सिंह, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनवीर सिंह, मण्डल संगठन मंत्री तेज प्रताप सिंह सहित सैकड़ों पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सूचना

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शकीला मस्जिद समिति, ग्राम हौजखेडी डा तह व जिला सहारनपुर के पंजीकरण कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त समिति की प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी / सदस्य है- -1. श्री इरफान अध्यक्ष 2. मौहम्मद मुस्तकीम उपाध्यक्ष 3. श्री अब्दुल मलिक सचिव 4. श्री सरफाज सह सचिव 5. श्री मुर्करम अली कोषाध्यक्ष 6. मौ0 आरिफ सदस्य 7. श्री इंतजार सदस्य 8 श्री अब्दुल कादिर सदस्य 9 श्री आलमगीर सदस्य 10. श्री तारिक सदस्य 11. श्री कासिब सदस्य सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये है यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत मस्जिद के पंजीकरण के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर मस्जिद के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी, विदित हो कि उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

**आज्ञा से (विजय शुक्ला) स.रजिस्ट्रार फर्न्स, सोसाइटीज व चिट्स सहारनपुर।**

## सूचना

एतद्वारा सर्व वरण को सूचित किया जाता है सन्त रविदास ग्राम सुधार समिति ग्राम सैद मौहम्मदपुर गढ़ भुड्डी पोस्ट रायपुर तह0- बेहट जिला सहारनपुर के पंजीकरण हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त समिति की प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी सदस्य 1.श्री शिवचरण अध्यक्ष 2 श्री सोनू कुमार उपाध्यक्ष 3. श्री राजकुमार महामन्त्री 4 श्री. मुलाराम उप मंत्री श्री संजू कुमार कोषाध्यक्ष 6. श्री गौरव सदस्य 7. श्री मोनू कुमार सदस्य 8 श्री रिंकू सदस्य श्री रामदिया सदस्य 10 श्री सेठपाल सदस्य 11.श्री मोहन सदस्य 12 श्री रवि कुमार सदस्य सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये है। यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत मन्दिर के पंजीकरण के विरुद्ध किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर मन्दिर के पंजीकरण के सम्बनध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3 (1) के परन्तुका के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

**आज्ञा से (विजय शुक्ला) स.रजिस्ट्रार फर्न्स, सोसाइटीज व चिट्स सहारनपुर।**

# भाकियू मजदूर यूनियन के जिलाध्यक्ष ने ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

अवधनामा संवाददाता

**अमृतपुर/फर्रुखाबाद।** भाकियू मजदूर यूनियन (राष्ट्रवादी) के जिला अध्यक्ष ने सात सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी को सौंपा है कि जिले में किसानो की समस्याएं बढ़ती जा रही है गंगा नदी नगला बसोला भगवानपुर से अमृतपुर गंगा तट बांध पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो चुका है किसी भी समय नदी का पानी निकटवर्ती गांव में घुसकर जनजीवन अस्त व्यस्त कर सकता है।

वही बताया है की गंगा नदी में बाढ़ आ जाने के कारण जगह-जगह सड़क व सड़क के किनारे व खेतों में बड़े गड्ढे हो गए हैं जिनके कारण जनहानि होने की प्रबल आशंका है जिसका समाधान कराया जाना चाहिए जिले में आवारा गायों की समस्या आ रही है भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी गायों की संख्या दिखाई दे रही है गोवंशों के हमले से सैकड़े लोगों की जान जा चुकी है जो मृतक हुए हैं उन्हें मुआवजा दिलाया जाए व अति शीघ्र गोवंशो को गौशाला भिजवाया जाए तथा अमृतपुर के क्षेत्राधिकारी जिला मुख्यालय पर बैठते हैं जिससे क्षेत्र की जनता मजबूरन फर्रुखाबाद जाकर क्षेत्राधिकारी को अपनी समस्यां अवगत कराती है क्षेत्राधिकारी कार्यालय अमृतपुर में बनवाया जाए व गंगा नदी आई बाढ़ के कारण जो फैसले नष्ट हो गई हैं तत्काल प्रभाव से स्थल निरीक्षण कराकर किसानों को मुआवजा दिलाया जाए तथा विकासखंड राजेपुर में हरसिंहपुर गहलवार में जो गोदाम बनी है ना ही गोदाम पर खाद बीज आता है जिसके कारण किसानों को भटकना पड़ता है वहीं गन्ने का सरकारी मूल्य ?450 रुपए प्रति कुंतल निर्धारित किया जाए वही मौके पर जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू तहसील अध्यक्ष मुकेश वर्मा संगठन मंत्री अनिल कुमार चौहान ग्राम पंचायत अध्यक्ष दलबीर सिंह यादव व तहसील उपाध्यक्ष उदयवीर सिंह प्रमोद कुमार सुरेश सिंह वीरेंद्र सुरजीत सिंह उर्फ करें राधेश्याम गुरुदेव मुनेंद्र वीरेंद्र सिंह राजेंद्र सिंह अखिलेश अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।

# पर्यावरण के प्रति सभी को जिम्मेदारी निभानी होगी

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत आयोजित निबन्ध एवं चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरूस्कार वितरण समारोह को सम्बोधित करते हुये जनपद न्यायाधीश सुधीर कुमार ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्राओं ने अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया है, एक छात्रा ने सफाई कर्मी को देवी के रूप में दर्शाकर समाज को संदेश देने का कार्य किया।

कहा कि सफाई कर्मी न होते तो गंदगी के कारण सड़कों पर निकलना दूभर होता, सफाई कर्मी ही समाज के सच्चे हीरो हैं, अधिकांश लोग गंदगी फैलाने का कार्य करते हैं, कूड़ा-करकट सड़कों पर फेंकते हैं, इन्हीं सफाई कर्मियों के कारण नगर, मोहल्ले स्वच्छ रहते हैं। उन्होंने कहा कि निरंतर जागरूकता कार्यक्रमों के चलते लोगों में परिवर्तन आ रहा है, लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के प्रति सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा कि निबंध, चित्रकला के माध्यम से स्वच्छता अभियान के संबंध में जो भी प्रयास किए हैं, उसको न केवल अपने जीवन में उतारें बल्कि आस-पास के लोगों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करें। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान देना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि पॉलीथिन, प्लास्टिक के प्रयोग के कारण जहां एक ओर भूमि की मिट्टी की सेहत खराब हो रही है वहीं पर्यावरण को भी बेहद नुकसान पहुंच रहा है, मानव जीवन के साथ-साथ पशु-पक्षियों के जीवन पर भी इसका विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, समुद्री जल में ऑक्सीजन का लेवल पॉलिथीन के कारण काफी कम हो रहा है।

उन्होंने कहा कि वनों का अंधाधुंध कटान हमारे सामने गंभीर चुनौती के रूप में खड़ा है, जहां भूमि का एक-तिहाई हिस्सा वन के रूप में होना चाहिए, वह धीरे-धीरे घटकर बेहद कम रह गया है, जिस कारण पर्यावरण में भी ऑक्सीजन के लेवल में कमी आई है, हरियाणा, पंजाब में वन क्षेत्र घटकर मात्र 03-04 प्रतिशत रह गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण पर भी ध्यान देना होगा, वृक्षारोपण अभियान के तहत रोपित किए गये पौधों की देखभाल कर पर्यावरण को सुधारने में अपना सहयोग देना होगा, बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण के कारण ओजोन परत में छेद बढ़ रहा है, समुद्री जल का तापमान बढ़ा है, जिस कारण ग्लेशियर पिघल रहे हैं, मानव जीवन के लिए हवा-पानी, मिट्टी की सेहत बेहद जरूरी है, अंधाधुंध रासायनिक खादों के प्रयोग के कारण मिट्टी की सेहत खराब हुई है, वहीं घटते वनों के कारण हवा में प्रदूषण बढ़ा है, अंधाधुंध भूमिगत जल दोहन के कारण भूमिगत जल भी प्रदूषित हुआ है, हम सबको इस ओर ध्यान देना होगा, नहीं तो आगे आने वाली पीढ़ी के सामने पर्यावरण का गंभीर संकट होगा। उन्होंने प्रतिभागी छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा कि आप सबने स्वच्छता पर आधारित चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता में अपने कौशल, हुनर का प्रदर्शन किया है, आप सब स्वच्छता, पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# राष्ट्रीय कला मंच भित्ति चित्रण शिविर का शुभारंभ

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** राष्ट्रीय कला मंच अवध प्रांत अयोध्या महानगर द्वारा आयोजित



राष्ट्रीय कला मंच भित्ति चित्रण शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम साकेत महाविद्यालय के जेपीएन सभागार में संपन्न हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ श्री राम बल्लभाकुंज जानकी घाट के अधिकारी पूज्य राजकुमार दास अयोध्या महानगर के प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय अवध प्रांत की प्रांत अध्यक्ष सुश्री नीतू सिंह राष्ट्रीय कला मंच की राष्ट्रीय संयोजक गुंजन ठाकुर राष्ट्रीय कला मंच की प्रांत सह प्रमुख सुनीता शर्मा कार्यक्रम संयोजक शिवम मिश्रा ने मां सरस्वती युवाओ के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पआर्चन कर किया कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए राष्ट्रीय कला मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक अभिनवदीप ने कहा कि राष्ट्रीय कला मंच ने कलाकारों को उनके अभिव्यक्ति के माध्यम के रूप में प्रदर्शित किया है राष्ट्र रंग कार्यक्रम का पहला संस्करण जो ककोरी के दसगोई ग्राम में आयोजित हुआ था सामाजिक संदर्भों का भित्ति चित्रण करके काकोरी के दसगोई गांव में जन जागरण किया गया था राष्ट्र रंग का दूसरा संस्करण जो अयोध्या में 10 से 12 अक्टूबर तक विद्याकुंड वार्ड में आयोजित हो रहा है उसमें पूरे प्रदेश के 20 निपुण कलाकारों के निर्देशन में 100 से अधिक प्रतिभागी विद्यार्थी कलाकार दीवारों पर रामायण कालीन संदर्भों व सामाजिक संदर्भों पर आधारित चित्रण करेंगे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो नीतू सिंह ने कहा कि भारत की लोक कला व लोक संस्कृति के बारे में बहुत व्यापक महत्व है भारत की लोक कला भारत के भाव पक्ष को समाज के सामने प्रस्तुत करती है भारत में गुफा आर्ट वित्तीय आर्ट व प्राचीन संदर्भों से लेकर आधुनिक संदर्भों तक ग्रामीण परिवेश में वह जनजाति संस्कृति में उनके बचपन से ही सीखे जाने वाली कलाएं आज समाज के सामने एक नया मानक गढ़ रहे हैं भारत में कला वा संस्कृति का अटूट संबंध रहा है । विशिष्ट अतिथि ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि विद्या कुंड वह क्षेत्र है जहां पर भगवान राम ने अपने गुरु वशिष्ठ से विद्यार्जन किया था उसे वार्ड को चुनकर राष्ट्रीय कला मंच ने वास्तव में ही ऐसे कलाकारों के प्रतिभा प्रदर्शन का एक अच्छा स्थान चुना है निश्चित ही उनके इस प्रतिभा प्रदर्शन के माध्यम से उनकी कला में निपुणता आएगी वह विद्या कुंड वार्ड के निवासियों को रामायण कालीन संदर्भों के अनेक आप्रकट प्रसंग के बारे में जानकारी भी प्राप्त हो सकेगी मुख्य अतिथि श्री राम बल्लभ कुंज के अधिकारी पूज्य राजकुमार दास ने कहा कि रामनगरी एक ऐसा केंद्र है जहां से प्रकट हुआ संदेश पूरे विश्व में एक नई दिशा देता है राष्ट्र रंग का यह कार्यक्रम जो अयोध्या में आयोजित हो रहा है इससे निश्चित ही अयोध्या के निवासियों के सहयोग से वह आमंत्रित कलाकारों के कुशल कल के माध्यम से नई दिशा प्राप्त करेगा।

## स्वः मुलायम सिंह यादव के प्रथम पुण्यतिथि पर डॉ. आशीष पाण्डेय दीपू ने जरूरतमंदों को कराया भोजन



**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक और देश के पूर्व रक्षा मंत्री पूर्व मुख्यमंत्री नेता जी स्व मुलायम सिंह यादव के प्रथम पुण्यतिथि पर अयोध्या नगर निगम के पूर्व मेयर प्रत्याशी रहें डॉ आशीष पाण्डेय दीपू द्वारा आयोजित साप्ताहिक सेवा माह कार्यक्रम में प्रथम दिन अयोध्या राम घाट स्थित माईवाढा में जरूरतमंदों को भोजन वितरण किया गया।कार्यक्रम के आयोजक पूर्व मेयर प्रत्याशी डॉ आशीष पाण्डेय दीपू ने बताया कि नेता जी ने अपना पूरा जीवन जरूरतमंदों की सेवा में समर्पित कर दिया।नेता जी जब तक रहे वो हर समाजवादी नौजवान से यही शिक्षा देते थे कि जो भूखा हो उसे भोजन करवाना और हर जरूरतमंद की मदद करना। उनकी दी हुई इसी शिक्षा को आत्मसात कर हर समाजवादी नौजवान जरूरतमंदों को सेवा में सदैव तैयार रहता है। डॉ आशीष पाण्डेय दीपू ने बताया कि प्रदेश महासचिव और अयोध्या के पूर्व विधायक जय शंकर पाण्डेय जी के संयोजन में नेता जी स्व. मुलायम सिंह यादव जी की प्रथम पुण्यतिथि से नेता जी की जयंती 22 नवंबर तक हर सप्ताह अयोध्या में जरूरतमंदों की सेवा के लिए प्रमुख स्थानों पर भूखों को भोजन करवाया जाएगा और जो जरूरतमंद रक्त के अभाव से जुझ रहे उनके लिए रक्तदान शिविरो का आयोजन करवा कर रक्त की व्यवस्था करवाई जाएगी। यही हमारे नेता स्व. मुलायम सिंह यादव जी के प्रति हर समाजवादी नौजवान की तरफ से सच्ची श्रद्धांजलि होगी। नेता जी के प्रथम पुण्यतिथि कार्यक्रम में माईबाढ़ा में पूर्व मेयर प्रत्याशी डॉ आशीष पाण्डेय दीपू, महंत कृष्णा दासी, समाजसेविका भारती सिंह, रोली यादव, विपिन यादव, विनोद पांडेय, विनीत उपाध्याय, सूरज पाठक, अभिनव चतुर्वेदी, आदि लोग मौजूद रहे।

# अयोध्या में 70 एकड़ में पार्किंग स्थल का योगी सरकार कराएगी निर्माण

### ट्रैफिक की समस्या से मिलेगी निजात, आसानी से श्रद्धालु पहुंच सकेंगे श्रीराम मंदिर

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में जैसे-जैसे राम मंदिर निर्माण तेजी पर है और 22 जनवरी को मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम तय किया गया है। ऐसे में अयोध्या में देश के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है। जिला प्रशासन की मानें तो प्रतिदिन लगभग 50,000 श्रद्धालु अयोध्या में राम मंदिर का दर्शन करने के लिए आ रहे हैं। श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती भीड़ को देखते हुए योगी सरकार का ध्यान अब अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग की ओर है। इसके लिए प्रदेश सरकार के निर्देश पर प्रशासन ने 70 एकड़ जमीन पर पार्किंग बनाने का निर्णय लिया है। परंपरागत रूप से पार्किंग स्थल के अलावा 70 एकड़ जमीन पर पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। गुप्तार घाट के पास 10 एकड़ जमीन पर , उदया स्कूल के पास 35 एकड़ जमीन पर व प्रहलाद घाट के पास 25 एकड़ जमीन पर पार्किंग बनायी जाएगी। डीएम नीतीश कुमार ने बताया कि शहर में पांच रेलवे ओवरब्रिज ओवर ब्रिज बन रहे हैं। मार्च तक सभी पांच रेलवे ब्रिज तैयार हो जाएंगे। इनके बन जाने के बाद ट्रैफिक की समस्या से नगर वासियों को निजात मिल जाएगी। श्रद्धालु आसानी से राम मंदिर तक पहुंच सकेंगे। अयोध्या नगर में जाम की समस्या भी समाप्त हो जाएगी।

योगी सरकार के निर्देश पर डीएम नितीश कुमार ने अयोध्या विकास प्राधिकरण को वाहन पार्किंग के लिए भूमि की तलाश करने के लिए जिम्मेदारी सौंपी है। प्राधिकरण के सचिव सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि वाहन पार्किंग के लिए भूमि की तलाश की जा रही है। भूमि मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एसपी ऑफिस के निकट प्रधान पति को दबंगों ने पीटा

**बाराबंकी।** प्रधानी चुनाव को लेकर चल रहे विवाद के क्रम में कुछ लोगों ने एसपी ऑफिस के करीब मौजूद प्रधान पति पर हमला बोल दिया। दबंगों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सेवंगी मजरे हैदरगंज निवासी दीपक कुमार वर्मा अपने साथी अर्जुन प्रसाद के साथ एसपी ऑफिस आये थे। दीपक की पत्नी वर्तमान समय में ग्राम प्रधान है। सोमवार को समय करीब 2.15 बजे दिन में अर्जुन गुप्ता के साथ एसपी आफिस के बगल मे गाडी खडी की। उसी समय ग्राम पंचायत के रहने वाले रामसिंह चौहान ने उनको देख लिया। वह अपने अन्य साथियों व पत्नी सुमन चौहान के अलावा करीब एक दर्जन लोग लेकर आ गये व उसे और अर्जुन प्रसाद गुप्ता को गालिया देने लगे। कहा कि मेरे सामने प्रधानी का चुनाव जीत गये हो हम से बड़े नेता बन रहे हो। इसी बात को लेकर राम सिंह व उनकी पत्नी सुमन ने उसका गला दबा दिया। उनके सहयोगी तथा रामसिंह ने उन दोनों को लात घूसों से व थप्पडो से मारने लगे। उन दोनों को काफी चोटे आई है। सुमन चौहान एलानिया धमकी दे रही थी कि दोनो को मार डालो। जो होगा हम निपट लेगे।

## ईओ को सौंपे गए एकत्रित किये गए कलश

**देवा बाराबंकी।** प्रधानमंत्री की हृदय इच्छा के अनुसार संपूर्ण भारतवर्ष में चल रहे अभियान मेरा माटी मेरा देश के अंतर्गत आज भी आयोजन हुआ। देवा नगर पंचायत के 12 वार्ड में हुए कलश यात्रा अभियान को पूरा करने के बाद समस्त वार्डो से एकत्र किए हुए कलश को आज नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सीएल तिवारी को सौंपा गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के शक्ति केंद्र संयोजक, पूर्व सभासद विशाल सोनी व श्रीपाल सिंह लोधी बूथ अध्यक्ष जितेंद्र निगम रामु राठौर दिनेश कश्यप, मोईद अहमद सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आत्म निर्भरता की ओर बढ़ाया एक और कदमः रूही अंजुम

**सहारनपुर।** महिलाओं एवं युवतियों को आत्म निर्भर बनाये जाने के उद्देश्य पिछ्ले 40 दिनों से अलग-अलग स्थानों पर चल रहे तीन ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कैम्प का आज विधिवत् समापन हो गया। इस दौरान कैम्प में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को प्रमाण पत्र व मैडल देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। रोटरी क्लब में नवप्रयास जागृति उत्थान सेवा समिति एवं राजऋषि पर्यावरण समिति द्वारा आयोजित समापन समारोह का उद्घाटन सहारनपुर मोबाइल व्यापार संघ के जिलाध्यक्ष दानिश आजम, उद्योगपति रूही अंजुम, कैम्प नोडल अधिकारी फराह खान, कैम्प कोर्डिनेटर काजल, समिति संरक्षक सुषमा बजाज एवं प्रमुख समाज सेवी उद्योगपति अनु बजाज ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोबाइल व्यापार संघ के जिलाध्यक्ष दानिश आजम व नवप्रयास जागृति उत्थान सेवा समिति की संरक्षक सुषमा बजाज ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली सभी बालिकाएं अब स्वरोजगार को अपनायें, ताकि वह अपने परिवार का भरण पोषण कर समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकें।

## चिकित्सा शिविर में 152 मरीजों की हुई जांच

**सहारनपुर।** रोटरी क्लब सहारनपुर हार्मनी व मैक्स हॉस्पिटल देहरादून, आईक्यू हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे देहरादून मैक्स हॉस्पिटल से पांच विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम द्वारा लगभग 152 मरीजों की जांच की गई। ज्वाला नगर लिंक रोड पर लगाये गये निशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन विधायक राजीव गुंबर की पत्नी स्नेह गुंबर पुत्र सारांश गुंबर, रोटरी गवर्नर इलेक्ट रो.सरदार राजपाल सिंह, असिस्टेंट गवर्नर रो.संजय मिड्ढा ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में मरीजों की संख्या ज्यादा होने के कारण 152 मरीजों के बाद पंजीकरण बंद कर दिया गया। चिकिता शिविर को सीनियर रोटेरियन राकेश सपरा व सभी उपस्थित रोटेरियन द्वारा बड़े अच्छे से संचालित किया गया। चिकित्सा शिविर में उदर रोग विशेषज्ञ डा.प्रत्युष सिंघल, हृदय रोग डा.भरत, अस्थि रोग विशेषज्ञ डा.अन्नदिता, नेत्र रोग विशेषज्ञ व इंटरनल मेडिसिन विशेषज्ञ अब्दुल मजीद ने सभी मरीजों का परीक्षण किया।

## केंद्र सरकार किसानों की मदद के लिए हमेशा तैयारः डा संजीव बालियान



*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर -अयोध्या।** केंद्र सरकार बकरी पालन, सूअर पालन तथा अन्य व्यापार के लिए किसानों को 50 प्रतिशत तक सब्सिडी दे रही है जिससे कि पशुपालकों को आर्थिक परेशानी न झेलनी पड़े। केंद्र सरकार किसानों की मदद के लिए हर स्तर पर साथ खड़ी है। अयोध्या के प्रगतिशील किसानों ने कई क्षेत्रों में बड़े-बड़े मुकाम हासिल किए हैं जो गर्व की बात है। युवा अब सरकारी नौकरी को दिमाग से निकालकर व्यापार की तरफ कदम बढ़ा रहे हैं। युवाओं को सरकारी नौकरी तक ही सीमित नहीं रहना होगा बल्कि दूसरों को रोजगार देने के लिए कार्य करना होगा। यह बातें पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य केंद्रीय राज्यमंत्री डा. संजीव बालियान ने किसान मेले बतौर मुख्य अतिथि कही। वे कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय विराट किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी में किसानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्राकृतिक खेती पर जोर देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय बड़े पैमाने पर प्राकृतिक एवं जैविक खेती पर कार्य कर रहा है जो सराहनीय है। मंत्री ने कहा कि आने वाला समय प्राकृतिक खेती और मोटे अनाज का है। किसानों को व्यापक स्तर पर मोटे अनाज की खेती करने की जरूरत है।

# तुम्हारे हर सितम पर मुस्कुराना हमको आता है..

## मेला गुघाल में 'मुकाबला-ए-कव्वाली' का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा साम्प्रदायिक सद्भाव व कौमी एकता के प्रतीक मेला गुघाल के सांस्कृतिक पंडाल में सोमवार की रात 'मुकाबला-ए-कव्वाली' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महापौर डॉ. अजय कुमार, सांसद हाजी फज्लुर्रहमान, पार्षद परवेज मलिक व फ्हाद सलीम आदि ने रिबन काटकर किया। अध्यक्षता सांसद हाजी फज्लुर्रहमान ने की। जबकि राव मुहम्मद उस्मान व अनवर खां वारसी आदि ने चराग रोशन किया। संयोजक पार्षद परवेज़ मलिक व सह संयोजक गुलबहार राव ने अतिथियों का स्वागत किया। मशहूर शायर आबिद हसन वफा के संचालन में सुबह करीब चार बजे तक चले कव्वाली मुकाबले में उत्तराखण्ड से आये मशहूर कव्वाल शाने आलम साबरी और संभल से आयी सनम वारसी के बीच कई दौर



का मुकाबला चला। कव्वाली मुकाबला देखने व सुनने के लिए जनमंच सभागार खचाखच भरा रहा। भीड़ को देखते हुए सभागार के बाहर मुख्य गेट और जनमंच परिसर में दो एलईडी स्क्रीन भी लगायी गयी थी। कव्वाल सनम वारसी ने जब हारमोनियम, सारंगी, तबला व ढोलक आदि वाद्य यंत्रों की थाप के बीच पढ़ा-''खुदा कभी दौलत नहीं देता कंजूस लोगों को, खजाना उसको ही मिलता है जो तकसीम करता है।'' तो पूरा हाल तालियों से गूंज उठा।

शाने आलम साबरी के कलाम पर तो श्रोता कुर्सियों से ही उछल पड़े। उनका अंदाज़ देखिए-''तुम्हारे हर सितम पर मुस्कुराना हमको आता है, लगाओ आग पानी में बुझाना हमको आता है।''इसके अलावा उमर दराज चिश्ती व शाहनवाज साबरी ने भी एक से बढ़कर एक कव्वाली पेश की। उमर दराज चिश्ती ने भी खूब तालियां बटोरी। उनकी बानगी देखिए-'सामने आओगे या आज भी परदा होगा, रोज ऐसा ही अगर होगा तो कैसे होगा।'' चारों कव्वालों ने नात ए पाक से शुरुआत की। जबकि शाहनवाज़ ने ''हम्द'' पढ़ी।

मुकाबले में शाने आलम साबरी एंड पार्टी को प्रथम और सनम वारसी को द्वितीय स्थान मिला। पुरस्कार आजम शाह ने प्रदान किए।

# ऑपरेशन त्रिनेत्र का अगला कदम, गांवों में निगरानी को लगेंगे सीसीटीवी कैमरे



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आपरेशन त्रिनेत्र की बैठक मंगलवार को ब्लाक सभागार में आयोजित में हुई। इसमें क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में सीसीटीवी कैमरा और पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाने पर ग्राम प्रधानों से चर्चा की गयी।

ग्राम प्रधानों से रूबरू होते हुए खण्ड विकास अधिकारी डा संस्कृता मिश्रा ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे ग्राम पंचायतों के प्रमुख स्थलों, सामुदायिक शौचालय, ग्राम सचिवालय, प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय, प्रमुख मार्गों, ग्राम पंचायत के मुख्य प्रवेश द्वार एवं निकास द्वार, मुख्य चौराहे, तिराहे आदि पर लगवाएं जाने के निर्देश देते हुए कहा कि गांवों में लगने वाले सीसीटीवी कैमरे उच्च गुणवत्ता वाले हो जिससे रात के समय में भी साफ तस्वीरें कैप्चर हो सकें। बीडीओ ने गाँव में कैमरे लगाने से पहले ग्राम पंचायत के संभ्रांत नागरिकों के साथ प्रधान, ग्राम स्तरीय कर्मियों के साथ बैठक कर सभी की सहमति पर कैमरों की संख्या, स्थल पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

कैमरों के लिए पर्याप्त स्टोरेज की व्यवस्था की जाएगी। इसे एकीकृत पुलिस कमांड एवं कंट्रोल सिस्टम से संबद्ध किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर फुटेज पुलिस को देने होंगे।

कैमरों के लगाने के स्थलों का चयन प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी व अन्य सदस्य, जिनमें महिला स्वयं सहायता समूह व पंचायत सदस्य आदि लोगों की समिति करेगी।

थानाध्यक्ष मसौली गजेंद्र प्रताप सिंह एव थाना सफदरगंज के अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक देवी प्रसाद गुप्ता ने अपराध और अपराधियों के संबंध में सूचनाओं के आदान-प्रदान के बारे में बताया। सभी को उच्च अधिकारीगण से प्राप्त आदेशों व निर्देशों से अवगत कराया गया। साथ ही ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरा, चौराहों गांव में प्रवेश होने वाले रास्तों पर लगवाने के लिए भी सुझाव दिया। साथ ही यह भी बताया गया कि ग्राम सुरक्षा समिति का गठन करवाएं और अगर कोई ऐसा अपरिचित व्यक्ति जो काफी समय से गांव में रह रहा हो और उसकी गतिविधियां संदिग्ध लगे तो उसके बारे में तत्काल पुलिस को अवगत कराएं। एसओ ने कहा कि ठंड का समय आ गया है, ऐसे में चोरी होने की आशंका बढ़ जाती है।

एडीओ पंचायत जानकीराम ने कहा कि ग्राम प्रधान भी सुरक्षा के अहम कड़ी है। इसलिए अगर कोई अनजान व्यक्ति बार- बार गांव में आता है और उसकी गतिविधि संदिग्ध लगे तो तत्काल सूचना दें। बैठक मे ग्राम प्रधान विनय कुमार, रामसिंह यादव, रंजीत सिंह, अकील अहमद, नूर मोहम्मद, विजय कुमार, नीरज रावत, विनोद वर्मा, सुरेंद्र कुमार यादव, ग्राम प्रधान एव ब्लाककर्मी मौजूद रहे।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

**बाराबंकी।** रक्तदान-जीवनदान ग्रुप व बाराबंकी फोटोग्राफर एसोसिएशन ने जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसमें 20 लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। जांच के बाद अखिल जायसवाल सोनू, विमलेश बाजपेई, रोहित शर्मा, नारायण सोनी, दिलीप कुमार, अमन आदि दस लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर फोटोग्राफर एसोसिएशन के राजेंद्र वर्मा फोटो वाला, गिरीश अरोड़ा, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, डॉक्टर बीपी सिंह, डा. विनोद पाल, डा. रिम्मी आदि मौजूद थे।

## ग्राम पंचायत कोठी में जल जीवन मिशन के ठेकेदार की मनमानी

## सड़क इंटरलॉकिंग चकमार्ग को बेकार कर की जा रही मनमानी

*अवधनामा ब्यूरो*

**बाराबंकी ब्यूरो।** वैसे तो जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 55 लीटर जल की आपूर्ति की परिकल्पना करता है। लेकिन हकीकत में तो कुछ और ही देखने को मिल रहा है. उत्तर प्रदेश की अधिकतर ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन को सफल बनाने के लिए पाइपलाइन का विस्तार हो रहा है. लेकिन हकीकत यह है की पाइपलाइन डालने के लिए अच्छी से अच्छी सड़कों को भी खोद कर मिट्टी में मिलने का काम हो रहा है. अगर ताजा उदाहरण की बात करें तो बाराबंकी के विकासखंड सिद्धौर की ग्राम पंचायत कोठी में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन डाली जा रही है लेकिन आरसीसी इंटरलॉकिंग खड़ंजे चक मार्ग को खोदकर कूड़े में मिलाया जा रहा है .मानक के विपरीत कार्य कराया जा रहा है जिससे आम जनमानस परेशान है. यहां तक की ग्राम पंचायत मार्ग के किनारे पाइप लाइन डाली जा रही थी संतोष साहू करिकपूरवा के घर के पास मिट्टी निकाल कर डाल



दिया गया जिससे एक ऑटो रिक्शा मिट्टी पर चढ़कर पलट गया. जिसमें गंभीर चोटे भी आई आसपास के लोगों ने ऑटो चालक की जान बचाई. इसके बाद जल जीवन मिशन के ठेकेदार को ग्रामीणों ने जमकर आ शब्द गालियां भी दिया यही हकीकत है कि ठेकेदार की मनमानी चरम पर है। अब देखना यह बड़ी बात है कि इस पर अधिकारी कर्मचारी क्या संज्ञान लेते हैं। के लोगों की मांग है कि ग्राम पंचायत में पाइपलाइन भले ही ना डाली जाए लेकिन हमारी जो बड़ी मुश्किल से सड़के बनी है उनको बेकार न किया जाए. सड़कों को खोदकर पाइप डालने की बात कही जा रही है लेकिन सड़क खोद कर डाल दिया जाता है. जिससे आवागमन भी बाधित हो रहा है. इसके अलावा सड़क दुर्घटनाओं को भी दावत दिया जा रहा है अगर मेन रोड की बात करें तो बंदा बहराइच

## बाइक रुपये न मिलने पर विवाहिता को ससुराल से भगाया

**देवा बाराबंकी।** दहेज में बाइक व 50 हजार न मिलने पर एक विवाहिता को ससुराल से भगा दिया गया। पति ने रुपये न लाने पर तलाक देने की धमकी दी है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

थाना क्षेत्र के ग्राम खेवली के रहने वाले इरफान की पुत्री नूर शमा की शादी 28 जून को मुस्लिम रीति रिवाज के साथ मो सलमान पुत्र जमील निवासी भीतरी बाजार कस्बा व थाना कुर्सी के साथ हुई थी तथा उसी दिन रुखसत होकर ससुराल गयी। उसके पिता द्वारा अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। ससुराली जन कम दान दहेज देने का ताना देते थे तथा मोटरसाइकिल व 50 हजार रुपए की मांग लगातार की जाती रही। उसने अपने पिता की गरीबी के कारण असमर्थता जताई। इस बात को लेकर कई दिनों तक भूखा प्यासा रखा गया तथा मानसिक व शारीरिक रूप से परेशान किया।

## जन संवाद कार्यक्रम में वित्त राज्य मंत्री ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां



*अवधनामा संवाददाता*

**नौतनवा (महराजगंज)।** संसदीय क्षेत्र महराजगंज के बडिहारी व लालपुर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में महराजगंज के सांसद व केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी तथा पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने उपस्थित जन समुदाय से संवाद करते हुए भाजपा नीत नरेन्द्र मोदी की सरकार के उपलब्धियों को जनता के समक्ष रखा। नेता द्वय ने जनसंवाद करते हुए लोगों को बताया कि जब से नरेंद्र मोदी जी की सरकार बनी है आपको राशन हो, सड़क हो, बिजली पानी की बात हो अथवा गांव गांव में करोड़ों शौचालय बनाने की बात हो यह सब देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग पैंसठ साल तक राज किये वह केवल भाषण में ही सारा काम करते रहे। श्री चौधरी ने कहा कि आज जब जनता पूरी तरह से नरेन्द्र मोदी के सरकार को पुनः बनाने के लिए तैयार है तो विपक्ष के लोग मोदी को हराने के नाम पर इकठ्ठा होने का नाटक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें इन लोगों से सावधान रहते हुए अपने विकास व देश के उज्वल भविष्य के लिए मोदी जी के हाथों को मजबूत करना है। कार्यक्रम में वित्त मंत्री के साथ प्रदीप पाण्डेय, मधुर सिंह,ओम प्रकाश त्रिपाठी,मुन्ने दूबे, पंकज सिंह प्रधान महेंद्र राय, अजय, राजाराम गुप्ता, फेंकू नायक, दिवाकर चौधरी, अमरेश यादव, दुर्गेश चौहान सहित बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित रहे।

# कबड्डी महासंग्राम के फाइनल में बुलंदशहर ने गोरखपुर को हराया

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** सदर तहसील के पुरैना खंडी चौरा के पुरानी बाजार स्थित पंडित पारस नाथ पांडेय खेल



मैदान में आयोजित कबड्डी महासंग्राम के दूसरे दिन सोमवार नौ अक्टूबर को भी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। इसमें बुलंदशहर की टीम ने गोरखपुर को 24 के मुकाबले 30 अंक हासिल कर 6 अंकों से पराजित कर विजेता ट्राफी अपने नाम कर लिया। इसके पूर्व खेले गए पहले सेमी फाइनल मुकाबले में गोरखपुर ने मेरठ को 22 के मुकाबले में 28 अंकों तथा दूसरे सेमी फाइनल में बुलंदशहर ने मऊ को 17 के मुकाबले 23 अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।इस दिन ही खेले गए अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में बरवा दिगम्बर, बड़हलगंज, गंगराई, हरपुर महंत, कुबेरस्थान, पिपरिया और बरवाखुर्द की टीमें पराजित होकर प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। दूसरे दिन के खेले गए पहले क्वार्टर फाइनल मैच में मेरठ की टीम ने बैरिया, महराजगंज को हराया। इसके पूर्व खेले गए पहले लीग मैच में बैरिया ने महराजगंज को 18 के मुकाबले 23अंक बटोर कर शिकस्त दी।दुसरे दिन के खेल के विशिष्ट अतिथि घुघली के थानाध्यक्ष नीरज राय ने कहा कि खेल के द्वारा न केवल हमारा शारीरिक विकास होता है और तन मन स्वस्थ और मजबूत होता है बल्कि लोगों में यह प्रेम व भाईचारे की भावना को भी विकसित करता है। इस मौके पर पूर्व प्रधान राकेश पांडेय,वीरेंद्र यादव व डब्लू पांडेय,लल्लन सिंह, वीरेंद्र चौधरी,वृजेश प्रजापति आर 0सी0 यादव आदि गणमान्य लोगों के साथ कबड्डी समिति के दिलीप मद्धेशिया, विजय बहादुर,विनय जायसवाल, पिंटू चौधरी, मनोज चौधरी सहित काफी लोग मौजूद रहे।


## विद्युत कनेक्शन के लिए अधीक्षण अभियंता को दिया पत्रक

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** नगर पालिका कस्बे के मीराबाई नगर वार्ड स्थित कृष्ण कुंज निकेतन कालोनी निवासी आयकर अधिवक्ता ने बिजली विभाग द्वारा विद्युत आपूर्ति हेतु नया कनेक्शन नहीं दिये जाने के बाद इसकी शिकायत उन्होंने बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता से कर कार्रवाई की मांग की है। अधिवक्ता उमाशंकर जायसवाल ने महराजगंज विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता वाईपी सिंह को पत्रक सौंप कर नए विद्युत कनेक्शन की मांग करते हुए कहा है कि सिसवा नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर पच्चीस मीराबाई नगर स्थित नवसृजित कृष्ण कुंज निकेतन कालोनी में विद्युत विभाग से नए विद्युत कनेक्शन के लिए विगत एक साल से चक्कर लगा रहा हूं, मगर विभागीय अधिकारियों द्वारा बार-बार पोल न होने का हवाला दे कर मुझे लौटा दिया जाता है। इसकी लिखित सूचना मैंने सिसवा विद्युत उपकेंद्र ओर तैनात पूर्व अवर अभियंता तथा उपखंड अधिकारी को भी दिया था। इस मामले में अवर अभियंता से संपर्क करने पर उनका फोन नहीं उठा।

# परिषदीय स्कूलों की दशा सुधारने के लिए जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बेसिक शिक्षा अधिकारी व



बीईओ के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में की गयी। जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प व निपुण भारत सहित विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लोग अगली समीक्षा बैठक में न्यूनतम छात्र उपस्थिति वाले 50 विद्यालयों के निपुण मूल्यांकन का विवरण प्रस्तुत करेगा। साथ ही संबंधित अधिकारी द्वारा शैक्षणिक सुधार हेतु कार्ययोजना भी प्रस्तुत करेगा। उन्होंने न्यूनतम 20 स्कूलों में छात्रों के माता-पिता के साथ संबंधित बीडीओ के सहयोग से चौपाल भी आयोजित करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने वनग्रामों में शिक्षण स्थिति की समीक्षा के दौरान वनग्रामों में नियुक्त शिक्षकों की उपस्थिति व्हाट्सएप के माध्यम से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके लिए उन्होंने विद्यालय समयसारिणी के अनुसार तीन बार उपस्थिति हेतु रियल टाइम फ़ोटो मंगवाने का निर्देश दिया। उन्होंने लक्ष्य निर्धारित कर संघर्षशील विद्यार्थियों व स्कूलों की संख्या में कमी लाने हेतु सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में बीएसए श्रवण कुमार गुप्ता, सभी खंड शिक्षा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्यमंत्री ने महिलाओं को उनके अधिकारों के लिए किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता करने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी की अध्यक्षता में लोकसभा प्रवास योजना के तहत नारी तू नारायणी और समूह दीदी दर्शन लोकसभा संयोजक अवधेश द्विवेदी के संयोजन और अनंतराम मिश्र के संचालन में नगर स्थित निजी मैरिज हाल में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी और प्रदेश मीडिया प्रभारी चेतना पांडेय, लोकसभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ पार्टी के पुरोधा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पण्डित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रिंकल सिंह रघुवंशी, उपमा पांडेय, आराध्या सिंह, सुभाष राय, संजीव मिश्र ने मुख्य अतिथि एव विशिष्ट अतिथि को पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत

**लोकसभा प्रवास योजना के तहत नारी तू नारायणी और समूह दीदी दर्शन का हुआ आयोजन**

किया। उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने नारी को नारायणी का रूप बताया साथ ही महिला सशक्तिकरण को लेकर चल रही योजनाओं की जानकारी देते हुए देश की प्रगति में अपना अधिकतम योगदान देने की अपील की। उन्होंने बताया कि योजनाओं में महिला को प्राथमिकता देकर उन्हें लाभ दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, शौचालय निर्माण, अंत्योदय कार्ड के लिए महिला को ही लाभार्थी बनाकर लाभ दिया गया है। कार्यक्रम के अंत में एक बार पुनः बीजेपी सरकार बनाने की अपील के साथ जिलाध्यक्ष ने समापन की घोषणा की। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने बताया कि कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधानसभा मीडिया संयोजक देवेश मिश्र, छाया पाठक, आराधना सिंह, शीतल रानी,राजेश सिंह, सीमा गुप्ता, विकाश निषाद, केतकी शर्मा, सरिता निषाद, धर्मेंद्र सिंह, सुनीता, अंजू पांडेय, मीरा सोनी आदि मौजूद रहे।

## दो बाईक सवारों में हुई टक्कर में तीन घायल

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** दो बाइक सवारो में हुई टक्कर में कुल तीन लोग घायल हो गए। जिसमे एक बुजुर्ग और एक किशोर की हालत गंभीर हो गई थी। सूचना पर पहुंची 112 डायल पुलिस कर्मियों ने गंभीर रूप से घायल दो लोगों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। घटना मालीपुर थाना क्षेत्र के अकबरपुर मालीपुर मार्ग पर हाजीपुर मोड पर सुबह लगभग 11बजे घटित हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाजीपुर गांव का युवक सत्यम बाइक से जैसे ही मालीपुर अकबरपुर मुख्य मार्ग पर बाइक लेकर चढ़ा अकबरपुर की तरफ से आ रहे अकबरपुर कोतवाली के सदर गंजा निवासी मोहम्मद तौलाक और पीछे बैठे अकबर अली की टक्कर हो गई। दो मोटरसाइकिल सवारो में हुई टक्कर में हाजीपुर निवासी सत्यम और सदर गंजा निवासी मोहम्मद तौलाक जहां गंभीर रूप से घायल हो गए वही अकबर अली को मामूली चोटे आई।दोनों घायलों को यहां से ग्रामीणों के सहयोग से गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया। इलाज के दौरान सदर गंजा निवासी की मौत हो गई। थानाध्यक्ष प्रियंका पांडे ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी है किंतु अभी किसी पक्ष ने कोई तहरीर नहीं दिया है।

# सड़क से लेकर संसद तक की लड़ाई अविस्मरणीय जो कभी भूली नहीं जा सकती: सपाई

एजाज़ सिद्दीक़ी



**इटवा सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी ने बांसी रोड स्थित कार्यालय में सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि मनाई गई। सपा के प्रदेश सचिव अजय चौधारी, विशेष आमंत्रित सदस्य बेचई यादव, पारसनाथ विश्वकर्मा, देवेंद्र प्रताप सिंह सहित कई अन्य नेताओं ने मुलायम सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी।

सीएचसी पर मरीजों में फल भी वितरण करने के बाद सपा कार्यालय पर बेचई यादव, पारसनाथ व बब्लू खान व देवेंद्र प्रताप सिंह ने आदि कहा कि आज उनके न रहने पर पहली पुण्यतिथि हम लोग मना रहे हैं।

**इटवा में सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि मनाई**

मुलायम सिंह यादव की कमी हम जैसे समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं को आज अखर रहा है। वहीं पूरे हिंदुस्तान के किसान गरीब मजदूर नौजवान समाज के वह लोग जो अभी भी विकास से, अधिकार से पीछे के पायदान पर बैठे हुए हैं, जो आशा भरी निगाहों से नेताजी की तरफ देखते थे. वह सब महसूस करते हैं कि वह चेहरा व विचारधारा अखिलेश यादव उसे लेकर आगे बढ़ रहे हैं। समाज के गरीब तबके किसान नौजवान मजदूर आशा भरी निगाहों से अखिलेश यादव की तरफ देख रहे हैं। मुलायम सिंह यादव इस देश में सदैव याद किए जाएंगे, वह अमर रहेंगे। मुलायम सिंह यादव की विचारधारा और उनके कार्य गरीब, कमजोर, किसान, सड़क से लेकर संसद तक की लड़ाई अविस्मरणीय है, जो कभी भूली नहीं जा सकती है. नेताजी जहां हो ईश्वर उन्हें मोक्ष प्रदान करे, हम सबको आशीर्वाद दें कि उनके विचारधारा उनके अधूरे कार्यों को हम समाजवादी लोग पूरा करने में सक्षम हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष बबलू खान और संचालन अब्दुल लतीफ ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शोभित पाण्डेय, कमाल अहमद, सुरेश पाण्डेय, रज्जन पाण्डेय, विजय गौंड, बबलू पाठक, पप्पू पाण्डेय, सौरभ श्रीवास्तव, सतेंद्र यादव, सुशील तिवारी, हरी बाबा, महेंद्र पाल यादव, इनामुल्लाह शाह, हिमायतुल्लाह, पाले मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## नपाध्यक्ष के आवास पर मनायी गयी स्व. मुलायम सिंह यादव का प्रथम पुण्यतिथि



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** आदर्श नगर पालिका परिषद बांसी के पूर्व अध्यक्ष इदरीश रायईनी के आवास पर स्व.मा.मुलायमसिंह यादव जी का प्रथम पुण्य तिथि मनाया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव चमन आरा ने श्रध्या सुमन अर्पित करते हुए कहा कि नेताजी तो अपनी जिंदगी के अंत तक सदन में अटल रहे। लेकिन साल 2012 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की बड़ी जीत के बाद उन्होंने अपनी विरासत को अपने बेटे अखिलेश यादव को सौंप दिया। अखिलेश के मुख्यमंत्री बनते परिवार और पार्टी में बड़ी बगावत देखने को मिली। कहीं भाई शिवपाल नाराज दिखे, तो कहीं उनके साथ काम करने वाले नेता लेकिन अंत में समाजवादी पार्टी की कमान अखिलेश यादव संभाल रहे हैं। इस अवसर पूर्व अध्यक्ष मो इदरीश, सभासद गढ़ बरकत, करीम लाला, धुरूप चंद चौहान, मैनुदीन, मतई, गधेश दत्ता, छोटू भैया, चिंगुद, हजार खान, अरुण गुप्ता अन्य समाजवादी पार्टी के कान्तिकारी सिपाही उपस्थित रहे।

## जमीनी विवाद को लेकर दर दर ठोकरें खानें को मजबूर

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश में जहां देवरिया जिले में जमीनी रंजिश को लेकर इतना बड़ा कांड हो चुका है जहां एक ही परिवार के 5 सदस्यों को दिन दहाड़े मौत के घाट उतार दिया गया। वहीं बांसी तहसील व कोतवाली क्षेत्र बांसी के ग्राम पंचायत पिपरापड़रुपुर निवासी मोहम्मद हनीफ अपनी ही जमीन पर निर्माण के लिए 6 महीनों से तहसील व कोतवाली के चक्कर काट काट कर थक चुका है। सिद्धार्थनगर जनपद के बांसी तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिपरापड़रुपुर निवासी मोहम्मद हनीफ पिछले छः माह से एसडीएम तहसीलदार से लेकर थाने का चक्कर काट रहे हैं। इनका आराजी नम्बर 205/0.030 हेक्टेयर सहसंक्रमणीय भूमि धर कब्जा है। जो कि विपक्षीगण दंबगई से इनके जमीन में शौचालय व टंकी निर्माण कर लिए हैं और निर्माण कार्य में अड़चन कर रहे हैं जबकि लेखपाल द्वारा रिपोर्ट लगा चुके हैं लेखपाल द्वारा बताया दिनांक 3 जुलाई 2023 कि निर्माण कर अपने ही जमीन में किया जा रहा है। इसके बावजूद विपक्षीगण निर्माण में दखल कर है जिसके संबंध में प्रार्थी द्वारा पुलिस के माध्यम से दबंगों को रोकने और निर्माण कार्य होने के लिए पत्र उपजिलाधिकारी को दिया गया है।



## 150 घरों से मिट्टी और अक्षत किया गया एकत्रित



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत अमर शहीदों को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया और नगर भ्रमण करते हुए करीब 150 घरों से मिट्टी और अक्षत एकत्रित किया गया। इस दौरान उक्त शोभा यात्रा में शामिल लोगों ने भारत माता की जय, वन्दे मातरम् का नारा लगाते हुए बॉर्डर, गोलाबाज़ार, मालगोदम रोड, रामलीला मैदान आदि प्रमुख स्थानों का भ्रमण किया। उक्त कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी अजय कुमार, सभासद सतीश शर्मा, निज़ाम अहमद, मो. अकबर, सरोज देवी, रामराज कन्नौजिया, बृजेश अग्रहरि, धर्मसेन यादव, हरीश भारद्वाज, महावीर, एस.एस.बी के जवान समस्त नगर पंचायत कर्मचारी एवं नगर की सम्मानित जनता उपस्थित रही।

## मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को उन की प्रथम पुण्यतिथि पर शिद्दत से याद किया गया। जलालपुर के मुलायम सिंह यादव महिला महाविद्यालय में मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिस में कालेज परिवार के अलावा कई समाजवादी नेता भी शामिल रहे। प्रबन्धक फूलचंद यादव के संयोजन में हुए कार्यक्रम के मुख्यातिथि सपा के जिलाध्यक्ष जंगबाज यादव रहे ।उन्होंने पार्टी के संस्थापक के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सर्वसमाज का नेता बताया जब कि प्रदेश सचिव राजेन्द्र चौधरी,जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र यादव,आलोक सिंह यादव,जिला प्रवक्ता राजितराम यादव व विधानसभा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नेता जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि मुलायम सिंह यादव को सच्ची श्रधांजली तब होगी जब कि विचार धारा को अपने जीवन में उतारा जाए।

# ऑल इंडिया मशायख बोर्ड के बैनर तले सरकारे कला हुसैनिया में बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** ऑल इंडिया उलमा व मशाइख बोर्ड के बैनर तले पूर्वांचल के उलमा की मीटिंग खानकाह अशरफिया शौख ए आज़म हसनिया सरकारे कलां किछौछा में संपन्न हुई जिसमें पूर्वांचल के सभी जनपदों से उलमा ने शिरकत की। इस मीटिंग का उद्देश्य मुख्य रूप से मुस्लिम समाज के भीतर पनप रही आपसी असहमति को समाप्त कर एक प्लेटफार्म पर लाने के लिए जरूरी प्रयास करना ,समाज में पनप रही बुराइयों का मस्जिद के माध्यम से हल और बढ़ती हुई नफरत को कम करने में उलमा का योगदान रहा। मीटिंग में मौजूदा उलमा ने जहां समाज की समस्याओं क्षेत्रीय स्तर पर ने हल पर राय रखी, समाज की शैक्षिक, आध्यात्मिक, सामाजिक तथा राजनैतिक जरूरत को पूरा करने के उद्देश्य से ऑल इंडिया उलमा व मशाइख बोर्ड को और अधिक मजबूत करने के लिए सबने विमर्श किया, ज्ञात रहे ऑल इंडिया उलमा व मशाइख बोर्ड समाज की इन जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से लगातार पूरे देश में व्यापक पैमाने पर काम कर रहा है। इस अवसर पर बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा मौलाना शमीम अंजुम को बोर्ड का उत्तरी भारत का अध्यक्ष नियुक्त किया गया साथ ही आए हुए उलमा ने जल्द ही बोर्ड का पूर्वांचल में पंचायत स्तर तक संगठन विस्तार का संकल्प लिया। साथ ही बोर्ड के नवनियुक्त उत्तर भारत अध्यक्ष द्वारा लखनऊ में एक हॉस्पिटल की संगे बुनियाद रखने की घोषणा की वहीं कई जनपदों में अस्पताल और स्कूल खोलने की योजना पर चर्चा हुई। बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष हज़रत सैय्यद मोहम्मद अशरफ किछौछ्वी ने उलमा को खिताब करते हुए उनका ध्यान भारत में बढ़ती नफरत पर दिलाते हुए कहा कि इस वक्त इस्लामिक जगत में एक अहम मामला गर्म है, फिलिस्तीन और इजराइल में खतरनाक हालात के चलते उन्होंने कहा कि हमारा मौकफ इस संबंध में स्पष्ट है कि मजलूम की हिमायत इंसाफ का तकाज़ा है और हम सब इस सच से वाकिफ हैं कि मजलूम कौन है अब तक जिस तरह से फिलिस्तीन की आवाम पर ज़ुल्म हुआ है वह भी गलत था और है।

## स्वास्थ्यकर्मी की बाइक चोरी

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीचक मथौली में तैनात एक स्वास्थ्य कर्मी का बाइक अस्पताल परिसर से चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़ित स्वास्थ्यकर्मी ने थाने में तहरीर देकर बाइक बरामद करने की मांग की है। कप्तानगंज थाने में तहरीर देकर सीएचसी में तैनात स्वास्थ्यकर्मी आदित्यनाथ सिंह ने बताया कि मंगलवार को सीएचसी परिसर में अपना बाइक पैशन प्रो जिसकी संख्या यूपी 57 क्यू 2722 नीला रंग है, खड़ाकर ड्यूटी पर चला गया। ड्यूटी करके जब 4 बजे बाहर निकला तो देखा कि बाइक चोरी हो गई है। इसकी सूचना स्थानीय पुलिस चौकी को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगालने लगी। सीसीटीवी फुटेज में एक युवक बाइक लेकर फर्दहां की तरफ जाते दिखाई दे रहा है। चूंकि अस्पताल का सीसीटीवी कैमरा दूर होने के कारण फोटो स्पष्ट दिखाई नही दे रहा था। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष कप्तानगंज सूर्यभान यादव से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि तहरीर मिली है।

## अमृत कलश यात्रा में पालिकाध्यक्ष रही नदारद




**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पालिका परिषद टांडा के माध्यम से निकली अमृत कलश यात्रा रैली में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष शबाना नाज़ पूरी रैली में नदारद दिखीं जबकि सूत्रों की माने तो अध्यक्ष पालिका परिषद के अपने चैम्बर में बैठी थी मगर रैली में उनकी कोई भी सहभागिता नहीं दिखाई दी आज़ादी के 75 वर्ष पूरे होने पर मेरी माटी मेरा देश स्लोगन पर निकली अमृत कलश यात्रा में अधिकांश सभासदों की भी उक्त कार्यक्रम में दिखाई नहीं दिये वार्ड नम्बर 13 मीरान पुरा के सभासद का कहना था कि मैं तो समय से आ गया मगर एक मिनट भी किसी का कोई इंतेज़ार नहीं किया गया जैसे कि पालिका प्रशासन के किसी कार्यक्रम से सभासदों को नज़र अंदाज़ करना पालिका प्रशासन की एक सोची समझी साजिश दिखाई देती है। वहीं वार्ड नम्बर 20 के सभासद नवाब साबरी का कहना है कि उनको कार्यक्रम की सूचना रात्रिकालीन दी गई।

## लालजी यादव की अगुवाई में साइकिल यात्रा



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** आज देश बचाओ देश बनाओ साइकिल यात्रा के चौथे व अतिम दिन साईकिल यात्रा के नायक लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव तथा उनके साथियों का करवा आज शोहरतगढ़ विधान सभा से सेवरा, बदनी, मलगहिया होते हुए बलरामपुर की सीमा त्रिलोकपुर तक जिला अध्यक्ष लालजी यादव तथा शोहरतगढ़ विधान सभा के पूर्व प्रत्यशी उग्रसेन सिंह की अगवाई पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओ ने साइकिल यात्रियों को सीमा पर बलरामपुर के जिला अध्यक्ष को समाजवादी पार्टी का झंडा सौंप कर समाजवादी पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओ व समर्थको की उपस्थति मे साइकिल रेली आगे के लिए रावण हुई। इस दौरान श सचिव अजय चौधरी, पूर्व सांसद आलोक तिवारी, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, देवेन्द्र प्रताप सिंह, बेचाइ यादव, कमाल अहमद, हरि नारायण यादव, समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव ख़ुर्शीद अहमद खान अबुल कलाम आज़ाद, विष्णु उमर, गुड्डु सिंह, डब्लू सिंह, जावेद अहमद, साहित अन्य सपा के नेताओ नेताओ व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# बिजली कटौती को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन क्षेत्र के छेरीयाकाछा पावर हाउस के आने वाले तमाम गांव के लोग बिजली को लेकर दुखी है।इस समय लोटन बाजार सहित आस पास के गांवों ये विद्युत व्यवस्था काफी खराब चल रही है।

हालत यह है कि बिजली की बहुत अधिक कटौती हो रही है। इसको लेकर क्षेत्र के युवाओ द्वारा नाराजगी दिखाई दे रही है सन्नी सिंह अजय सिंह, दुर्गेश मोदनवाल, प्रदीप मोदनवाल, शैलेश कुमार चौरसिया, शिवम् विश्वास, गुड्डू दुबे, पिंकू गुप्ता, तेज प्रताप सिंह सहित तमाम उपभोक्ताओं का कहना है कि विभागीय अधिकारियों के मनमानी रवैया से उपभोक्ताओं को सही ढंग से बिजली नहीं मिल पा रही है।दिन मे कटौती होती ही है तो कही बिजली

**सुधार न होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी**

खराबी को सही किया जाता है।रात होते होते ही दो घंटे या तीन घंटे की कटोती शुरू होती है। रात्रि मे कब बिजली रहेगी कि नहीं कोई भरोसा नहीं रहता है। मुश्किल से आठ दस घंटे मिल पा रही है। लोगों ने माग किया है कि यदि विद्युत आपूर्ति मे सुधार जल्द नहीं हुआ तो लोटन कस्बा मे धरना प्रदर्शन किया जायेगा जिसकी जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों की होगी। विद्युत उपभोक्ताओं ने जिलाधिकारी का ध्यान विद्युत आपूर्ति समुचित तरीके से कराये जाने की मांग की है। जेई अनिल यादव का कहना है कि कटौती ऊपर से करने का आदेश होता है। मेरा प्रयास रहेगा की बिजली नियमों के तहत उपभोक्ताओं को मिले।

# डीएम एवं सीडीओ ने किया विकास प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ, नीतियों, निर्णयो एवं उपलब्धियों की विकास कार्यक्रम के प्रचार प्रसार एवं सबका साथ- सबका विकास सबका-विश्वास सबका प्रयास विषयक तीन दिवसीय प्रदर्शनी का मंगलवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार द्वारा विकास खंड परिसर नौगढ़ में फीता काटकर उद्घाटन किया गया। सूचना एवं जन संपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर जिलाधिकारी ने

**सबका साथ-सबका विकास सबका-विश्वास सबका प्रयास विषयक तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन**

खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि क्षेत्र में प्रचार-प्रसार कराकर लोगो को प्रदर्शनी का अवलोकन कराये, जिससे लोगो को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओ के बारे में जानकारी प्राप्त हो तथा उन्हें उसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी नौगढ़, अपर जिला सूचना अधिकारी विमलेश कुमार तथा सूचना विभाग के अन्य कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## विद्यालय को सौंपे गये दस सीलिंग फैन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा द्वारा मंगलवार को श्री सिंहेश्वरी इंटर कालेज तेतरी बाजार सिद्धार्थनगर को 10 पंखे विद्यार्थियों के लिए स्कूल को सौंपे गये। जिला मुख्यालय स्थित भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा प्रबंधक राजेश कुमार द्वारा सीएसआर के अन्तर्गत स्कूल को 10 पंखे सौंपे गये। विदित हो कि मुख्य प्रबंधक को सिंहेश्वरी इंटर कालेज की तरफ से बताया गया कि भीषण गर्मी होने के कारण विद्यार्थीयों को काफी गर्मी का सामना करना पड़ता है। विद्यार्थियों के सुविधा के लिए भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा प्रबंधक राजेश कुमार द्वारा 10 पंखा प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य सहित इंटर कालेज के सदस्यों ने एसबीओई के मुख्य प्रबंध का अभार जताया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विनय अनमोल तथा एसबीआई के मुख्य प्रबंध राजेश कुमार के साथ अनुराग, आयुष गुप्ता आदि उपास्थित रहें।

# सपा संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव को दी गई अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मंगलवार को दिवंगत समाजवादी पुरोधा, समाजवादी पार्टी के संस्थापक, धरतीपुत्र स्व. मुलायम सिंह यादव नेताजी को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई और 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से नेता जी की आत्मा को शांति प्रदान कर अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की गई।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में नेताओं ने कहा कि आज का दिन समाजवादियों के लिए हृदयाघात वाला दिन है। आज के ही दिन देश और प्रदेश को नई दिशा देने वाला समाजवाद का सूर्य अस्त हो गया था। हम लोगों ने ही नहीं बल्कि देश ने एक महान नेता को खो दिया। अब इसकी भरपाई संभव नहीं। नेता जी किसानों, मजदूरों, नौजवानों, बेरोजगारों, वंचितों व शोषित समाज के दबे कुचले लोगों की आवाज वन कर अपने सिद्धांतों, व्यक्तित्व, संघर्ष और विचारों से सदैव भारतीय राजनीति में गूंजते रहेंगे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में निवर्तमान जिला अध्यक्ष



लालजी यादव, पूर्व विधायक अनिल सिंह, नागेंद्र नाथ चतुर्वेदी, मोहम्मद इदरीश पटवारी, चमन आरा राईनी, सुरेश यादव, अब्दुल कलाम सिद्दीकी, अयोध्या साहू, चंद्रमणि यादव, रियाज़ अहमद, विजय चौधरी, रमजान अली, फिरोज आलम, पूर्व प्रमुख तुफैल अहमद, शैलेंद्र शर्मा, सोनू यादव, परवेज अहमद, मोहम्मद हारून, रामसेवक लोधी, जावेद आलम, चंद्रहास यादव, शब्बू सलीम, राकेश यादव, राजकुमार यादव, वीरू यादव, रवि शंकर यादव, नागेश्वर मिश्रा, अमरेंद्र पांडेय, चंचल यादव, जुनेद आलम, अंगद यादव, चुन्नू भाई व रोहित श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## सूचना

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा आर्डर 5 कायदा, 1 व 5 मजायआ जाप्ता नम्बर मुकदमा टी 202317630303327 अंतर्गत धारा 116 उत्तर प्रदेश राजस्व संहित 2006 न्यायालय उपजिला अधिकारी इटवा जनपद सिद्धार्थनगर आलोक कुमार सिंह आदि बनाम संजीव सिंह आदि आराजी ग्राम- भेलौहा, तप्पा खानकोट, परगना बांसी पश्चिम, तहसील इटवा, जनपद सिद्धार्थनगर वाजेह हो कि आलोक कुमार सिंह पुत्र देवकी सिंह व शोभा सिंह, पत्नी आलोक कुमार सिंह ने नाम व पता हस्बजैल एक नालिस वाद दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 11.10.2023 हालत से करार वाकई वाकिफ किया है और कोई शख्स हो कि सवालात का जवाब दे सके। हाजिर हो वे और जवाबदेही दावा देवे और हर गाहवही तारीख को आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है। वास्ते इस इनफिसाल कत्तई मुकदमा को तजवीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जुमला दस्तावेज को जिसको आप अपनी जवाबदेही में ताहिद इस्तेमाल करना चाहते हो उसी रोज पेश कीजिए। और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपको मसमुआ और फैसला होगा।

नाम व पता प्रतिवादीगण-

1- संजीव सिंह, 2- राजीव सिंह, 3- राजेश सिंह, 4- विमल सिंह पुत्रगण बालाजी सिंह, निवासीगण ग्राम- सेमरी, तप्पा खानकोट, परगना- बांसी पश्चिम तहसील इटवा, जिला सिद्धार्थनगर। 5- बदरे आलम, 6- बदरुद्दीन, 7- तौफीक, 8- जुनैद, 9- बब्लू, 10- नसीम पुत्रगण तालुकदार, 11- इस्लामुन्निसा पत्नी तालुकदार निवासीगण ग्राम- कम्हरिया, तप्पा खानकोट, परगना- बांसी पश्चिम, तहसील इटवा, जिला सिद्धार्थनगर। 12- शमीम, 13- निसार, 14- इसरार अहमद पुत्रगण चौधरी निवासीगण ग्राम- कम्हरिया, तप्पा खानकोट, परगना- बांसी पश्चिम, तहसील इटवा, जिला सिद्धार्थनगर। 15- मो0 जलील पुत्र सनाउल्लाह, 16- फातिमा पत्नी तहसीलदार, 17- जमीरुद्दीन, 28- नौशाद, 19- शमसाद, 20- गुलसार, 21- फिरोज पुत्रगण तहसीलदार, निवासीगण ग्राम- कम्हरिया, तप्पा खानकोट, परगना-बांसी पश्चिम, तहसील इटवा, जिला सिद्धार्थनगर। बरवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज तारीख 04.10.2023 को जारी किया गया।

**न्यायालय उपजिला अधिकारी/उप जिला मजिस्ट्रेट, इटवा सिद्धार्थनगर।**

## मेडलों की बरसात

एशियन गेम्स में भारत की उपलब्धियां हालाकी ओलम्पिक रिकार्डो से दूर है, पर खिलाड़ियों में पेरिस ओलम्पिक के लिये जोश तो भर ही रहा है। मुमकिन है ओलम्पिक में दो चार नीरज चोपड़ा बन कर अपनी उपलब्धियों करायें। पहले तो मानना पड़ेगा। भारत में खेल के संसाधन पहले की अपेक्षा ज्यादा विकसित हुये है और हो रहे है। इसमें सरकार और खेलसंघो का महत्वपूर्ण योगदान है। पहले कहा जाता था खेलोंगे कूदेगे होगे खराब, पढ़ोगे लिखोगे होगे नवाब पर इस दृष्टिकोड़ में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। खुद बच्चे बच्चियों के अभिभावक बच्चों को खेल कूद के लिये प्रोत्साहित कर रहा है अपने हैसियतों से ज्यादा संसाधन पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी लगा रहे है। हाल में जिन महिला और पुरूषों ने मेडल प्राप्त किये है उनमें कुछ बहुत ही निम्नवर्ग से सम्बन्धित है। जिनके परिवार में दो समय का खाना भी मुशकिल रहता है। मां बाप अथक मेहनत कर स्तरहीन काम में लगे है। पर बच्चे बच्चियों ने अपने लगन, उत्साह संघर्ष से प्रतिस्पर्धाओं में जगह बनाई है मेडल जीते है। भारत सरकार सम्भावित खिलाड़ियों को नकद मदद भी देती है। खेलो इन्डिया के तहत स्कालरशिप मिलती है, पसन्द का कोच रखने की भी अनुमाति मिलती है। इन सबने मिलकर खिलाड़ियो के लिये अनुकूल हालात पैदा किये है और कर रहे है। सरकार मेरिट वाले खिलाड़ियों से व्यक्गित मिलकर प्रोत्साहित करती रहती है इनाम भी देती रहती है। इन सबने मिलकर भारतीय खेल के इन्फ्रास्ट्रक्चर में उत्साहवर्धक अनुकूल वतावरण बनाया है। स्पर्धाओं में यह सब देख रहे है। एशियाड में 107 मेडलों की उपलब्धि इसकी गवाह है। कभी हम हाकी के सरताज थे आज हम खेल के कई विधाओं में अपनी हैसियत दर्ज करा रहे है।

भारत को जो 107 मेडल मिले है उसमें 28 गोल्ड मेल्ड है, 38 सिलवर है और 41 ब्रन्ज है। हमें जो मेडल मिले है उनमें बहुत से ओलम्बिक रिकार्ड के करीब भी नहीं है। बहुत से खेल जिनमें हमने पदक हासिल किये वो ओलम्पिक खेलों में शामिल नहीं है। जो भी है अथलीट जोर शोर से ओलम्पिक की तैयारी में लगे हुये है अपने अपने पसन्द के कोच को लेकर बहुत से खिलाड़ियों ने अपनी एकड़मी खोल ली है जिसमें खिलाड़ी अपनी तैयारी कर रहे है पैसे दे कर। खिलाड़ियों को मालुम है गरीबी से बाहर निकलने में अब खेल भी मदद कर रहा है। इसलिये घरवाले भी उन्हें प्रोत्साहित कर रहे है पैसे दे रहे है। एशियाड में चौधरी जिन्होंने 5000 मीटर में गोल्ड जीता है कहती है सरकार अब उन्हें पुलिस सेवा में डीएसपी तो बना ही देगी। चौधरी गरीब किसान परिवार से ताल्लुक रखती है। इस तरह हम देखते है खिलाड़ियों और उनके परिवार को पढ़ाई की तरह खेल में भी कैरियर दिखने लगा है। यह खेल जगत के लिये उत्साहवर्धक है। क्योंकि इसे गरीबी से बाहर निकलने का एक तरीका दिखने लगा है। जिसमें उनकी हावी भी पूरी होती है और कैरियर भी बनता है।

यह भी एक गौर करने की बात है कि बहुत से हमारे टैऊक और फील्ड मेडल भले ही वे गोल्ड हो ओलम्पिक रिकार्डो के करीब भी नहीं है। पर इसलिये उन्हें छोड़ देना न खिलाड़ियो के लिये हितकर होगा न खेल के वातारण के हित में होगा। भारतीय हाकी टीम लगातार अपनी जीत से उत्साहित है और उसके खेल का स्तर दिनोदिन निखरता जा रहा है। इसी तरह बैडमिन्टन की बात करे तो पुरूष डबल्स में सात्विक सिराज और चिराग शेट्टी दुनियां के वैडमिन्टन रैकिंग में नम्बर वन पर विराजमान है। मतलब की एशियाड खेलों से हमारे खिलाड़ियों के स्तर में सुधार भी दिखता रहा है। इसी तरह की प्रतिस्पार्धाओं से कुछ खिलाड़ी एक दम लाइमलाइट में आ जाते है अपने खेल के स्तर में आये सुधार के चमत्कार से। मतलब खेल जगत में प्रतिस्पर्धा में बने रहना कैरियर को सुधारता है भले ही कोई मेडल न मिल रहा हो। पर इसीमें चमत्कार हो जाता है। खिलाड़ी वर्ल्डस्तर का हो जाता है। उल्लेखनीय बात यह है कि एशियाड में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया और मेडल भी जीते है। उत्तरोत्तर इनकी सहभागिता बढ़ती जायेगी और एक दिन वल्डलेवल में अपना स्थान बनायेगी। हमारे बहुत कुछ महिला खिलाड़ियों ने पहले से ही वर्ल्डलेवल पर अपना दबदबा कायम कर रक्खा है और मेडल भी जीता है। आने वाले ओलम्पिक कें लिये खिलाड़ियों को शुभकामनायें।

## सर्वहारा या जातिवादी रईस!

**के. विक्रम राव**

राहुल गांधी तब (मार्च 1971) मात्र नौ माह के शिशु थे। उनकी दादी इंदिरा गांधी पांचवीं लोकसभा का आम चुनाव लड़ रही थीं। यह देश में प्रथम मध्यवर्ती निर्वाचन था। इंदिरा-कांग्रेस का चुनावी नारा था न जात पर, न पात पर, इंदिराजी की बात पर। मुहर लगेगी हाथ पर। इस सूत्र पर ही इंदिरा-कांग्रेस को 545 सीटों वाली लोकसभा में 352 सीटें मिल गईं। कांग्रेस का प्रभावी ऐलान था गरीबी हटाओ। स्वयं प्रधानमंत्री की पुकार थी मैं कहती हूं गरीबी हटाओ, ये विरोधी कहते हैं इंदिरा हटाओ। जनता तय करे किसे हटाया जाए? अब 53 साल के अधेड़ राहुल गांधी कहते हैं जितनी आबादी, उतना हक। वे जातिगत आधार पर मतदान हेतु अभियान चला रहे हैं। कितना अंतर है दादी और पोते के सिद्धांतों में ? अर्थात गरीबी उन्मूलन नहीं, बल्कि वर्ण व्यवस्था के पक्ष में वोट मांगेंगे।

राहुल से एकदम विपरीत मंतव्य रहा उनके मशहूर निजी वकील, अभिषेक मनु सिंघवी का। इन्हींने सुप्रीम कोर्ट में बहस द्वारा राहुल को बर्खास्त सांसदी वापस दिलाई थी। सिंघवी ने जाति-आधारित जनगणना का विरोध किया। पर पार्टी के दबाव में पैंतरा बदल डाला। राहुल की लाइन पर चल निकले। दिल से नहीं। बिहार पर राहुल ने कह दिया वहां जातिगत सर्वेक्षण से पता चला है कि ओबीसी, एससी, एसटी 84 फीसदी हैं। राहुल गांधी अब लगातार ओबीसी और जाति जनगणना पर जोर दे रहे हैं। आबादी के हिसाब से भागीदारी की मांग पर राहुल ने अपने परनाना (जवाहरलाल नेहरू) की चुनावी रणनीति को भी भंग कर दिया। नेहरू ने प्रथम तीन लोकसभा चुनावों से वोटरों का त्रिभुज रचा था ब्राह्मण, दलित और मुसलमान। इसी आधार पर इंदिरा गांधी भी अगला लोकसभा (1967) चुनाव लड़ी थीं। फिर 1971 और 1980 में पुरानी लाइन पर लौट आई थीं। अर्थात सभी वर्गों का साथ लिया था। इसी परिवेश में राहुल के लिए एक दुरूह सियासी पेचीदगी भी आ सकती है। वे प्रधानमंत्री पद के दावेदार हैं। यूं इस दौड़ में नीतीश कुमार अव्वल हैं, ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल, शरद पवार, एमके स्टालिन आदि भी। ठीक मई 1996 वाली राजनीतिक स्थिति उभर रही है। तब विश्वनाथ प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री बनने से इनकार कर दिया था। ज्योति बसु को उनकी मार्क्सवादी पार्टी (महासचिव प्रकाश करात) ने रुकवा दिया था। मुलायम सिंह यादव का नाम रात को तय हो गया था पर उनके स्वजातीय लालू यादव ने लंगडी लगा दी। धोबी पाटा मारा। धुप्पल में कन्नडभाषी हरदनहल्ली दौड्डेगौड़ा देवगौड़ा पीएम बन गए। इस परिवेश में नरेंद्र मोदी के बयानों पर राष्ट्र को गंभीरता से विचार करना होगा। बजाय ईमानदार, जनवादी, आर्थिक आधार के, छिछले-स्वार्थपरत जातिवादी सिद्धांत पर शीर्ष पद का फैसला हो जाए! तो बेहतरीन चयन लालू यादव का ही होगा। अभी तक बिहार में चारा घोटाला था, अब वह राष्ट्रीय पैमाने पर होगा। भ्रष्टाचार देशव्यापी हो जाएगा। तब राहुल का नंबर लगेगा नहीं। वे किस जाति में फिट होंगे? ननिहाल से वे रोमन ईसाई है। दादा की तरफ से पारसी हैं। वर्ण से यूरेशियन हैं। चुनावी पैमाने से केरल (वायनाड) के हैं क्योंकि अमेठी से यूपीवाले उन्हें खारिज कर चुके हैं। मगर अगले संसदीय चुनाव में कम्युनिस्ट पार्टी जिसे राहुल ने 2019 में हराया था इस बार वायनाड सीट जीत सकती है। अब नरेंद्र मोदी द्वारा उल्लिखित कुछ महत्वपूर्ण राष्ट्रीय बिंदुओं पर गौर कर लें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

समाज में व्याप्त अत्यधिक गरीबी ने बालिकाओं के खिलाफ सामाजिक बुराई जैसे दहेज प्रथा को जन्म दिया है जिसने बालिकाओं की स्थिति को बद से बदतर (बहुत बुरा) बना दिया है। आमतौर पर माता-पिता सोचते है की लड़कियाँ केवल रुपये खर्च कराती है जिसके कारण वो लड़कियों को बहुत से तरीकों (कन्या भ्रुण हत्या, दहेज़ के लिये हत्या) जन्म से पहले या बाद में मार देते हैं, कन्याओं या महिलाओं को बचाने के लिये ये मुद्दे समाज से बहुत शीघ्र खत्म करने की आवश्यकता है।

# बालिकाएं कब तक बेचारगी का जीवन जीयेगी?

दुनियाभर में बालिकाओं की बेचारगी को दूर करने, सुरक्षित एवं सम्मानपूर्ण जीवन प्रदत्त करने, उनके सेहतमंद जीवन से लेकर शिक्षा और करियर के लिए मार्ग बनाने के उद्देश्य से हर साल 11 अक्तूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। इस दिन बालिकाओं को उनके अधिकारों, उनके सुरक्षित जीवन और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया जाता है। भारत समेत कई देशों में बालिकाओं को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। एक बच्ची के जन्म से लेकर परिवार में उसकी स्थिति, शिक्षा के अधिकार और करियर में बालिकाओं के विकास में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए जागरूकता फैलाना ही इस दिवस का उद्देश्य है।



ललित गर्ग

एक गैर सरकारी संगठन ने प्लान इंटरनेशनल प्रोजेक्ट के रूप में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने की शुरुआत की। इस एनजीओ ने एक अभियान चलाया, जिसका नाम 'क्योंकि मैं एक लड़की हूं' रखा गया। इस अभियान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैलाने के लिए कनाडा सरकार से संपर्क किया गया। कनाडा सरकार ने एक आम सभा में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा। 19 दिसंबर 2011 के दिन संयुक्त राष्ट्र ने इस प्रस्ताव को पारित किया और 11 अक्तूबर 2012 को पहली बार अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया और उस समय इसकी थीम बाल विवाह को समाप्त करना था। 2023 की थीम है उसके साथः एक कुशल लड़की का बल।

आज दुनिया में कन्याओं एवं बालिकाओं के समग्र विकास के साथ उनके जीवन को सुरक्षित करना ज्यादा जरूरी है, क्योंकि छोटी बालिकाओं पर हो रहे अन्याय, अत्याचारों की एक लंबी सूची रोज बन सकती है। न मालूम कितनी अबोध बालिकाएं, कब तक ऐसे जुल्मों का शिकार होती रहेंगी। कब तक अपनी मजबूरी का फायदा उठाने देती रहेंगी। सख्त कानूनों के बावजूद, देश में हर 15 मिनट पर एक बालिका यौन अपराध का शिकार होती है। निर्भया मामले में जनांदोलन के बाद सख्त कानून बनने के बावजूद देश में बलात्कार एवं बाल-दुष्कर्म मामलों में भारी बढ़ोतरी हुई है। सुझाव दिए गए हैं कि स्कूली पाठ्यक्रमों में यौन शिक्षा को शामिल किया जाए। लेकिन संस्कृति और परंपरा आदि का हवाला देकर इस तरह के विचारों को दरकिनार किया जाता रहा है। जबकि संवेदनशील तरीके से की गई यौन शिक्षा की व्यवस्था बच्चों को अपने शरीर और उसके साथ होने वाली हरकत को समझने और समय पर उससे बचने या विरोध करने में मददगार साबित हो सकती है।

इस खास दिन मनाने का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं यानी नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि महिलाएं भी देश और समाज के विकास में योगदान दे सकें। उन्हें सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए बालिका दिवस के मौके पर कई देशों में कार्यक्रमों का आयोजन होता है।



देश में लड़कियों के लिये ज्यादा समर्थन और नये मौके देने के लिये इस उत्सव की शुरुआत की गयी। बालिका शिशु के साथ भेद-भाव एक बड़ी समस्या है जो कई क्षेत्रों में फैला है जैसे शिक्षा में असमानता, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सीय देख-रेख, सुरक्षा, सम्मान, बाल विवाह आदि। सामाजिक लोगों के बीच उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिये और समाज में लड़कियों की स्थिति को बढ़ावा देने के लिये यह दिवस मनाया जाता है। ये बहुत जरूरी है कि विभिन्न प्रकार के समाजिक भेदभाव और शोषण को समाज से पूरी तरह से हटाया जाये जिसका हर रोज लड़कियाँ अपने जीवन में सामना करती हैं।

समाज में व्याप्त अत्यधिक गरीबी ने बालिकाओं के खिलाफ सामाजिक बुराई जैसे दहेज प्रथा को जन्म दिया है जिसने बालिकाओं की स्थिति को बद से बदतर (बहुत बुरा) बना दिया है। आमतौर पर माता-पिता सोचते है की लड़कियाँ केवल रुपये खर्च कराती है जिसके कारण वो लड़कियों को बहुत से तरीकों (कन्या भ्रुण हत्या, दहेज के लिये हत्या) जन्म से पहले या बाद में मार देते हैं, कन्याओं या महिलाओं को बचाने के लिये ये मुद्दे समाज से बहुत शीघ्र खत्म करने की आवश्यकता है। हम तालिबान-अफगानिस्तान आदि देशों में बच्चियों एवं महिलाओं पर हो रही क्रूरता, बर्बरता, शोषण की चर्चाओं में मशगूल दिखाई देते हैं लेकिन भारत में आए दिन नाबालिग बच्चियों से लेकर वृद्ध महिलाओं तक से होने वाली छेड़छाड़, बलात्कार, हिंसा की घटनाएं पर क्यों मौन साध लेते हैं? इस देश में जहां नवरात्र में कन्या पूजन किया जाता है, लोग कन्याओं को घर बुलाकर उनके पैर धोते हैं और उन्हें यथासंभव उपहार देकर देवी मां को प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं वहीं इसी देश में बेटियों को गर्भ में ही मार दिये जाने एवं नारी अस्मिता एवं अस्तित्व को नौंचने की त्रासदी भी है। इन दोनों कृत्यों में कोई भी तो समानता नहीं बल्कि गज़ब का विरोधाभास दिखाई देता है।

दुनियाभर में बालिकाओं के अस्तित्व एवं अस्मिता के लिये जागरूकता एवं आन्दोलनों के बावजूद बालिकाओं पर अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं। हमारे देश में भी बालिकाओं की स्थिति, कन्या भ्रूण हत्या की बढ़ती घटनाएं, लड़कियों की तुलना में लड़कों की बढ़ती संख्या, तलाक के बढ़ते मामले, गांवों में बालिका की अशिक्षा, कुपोषण एवं शोषण, बालिकाओं की सुरक्षा, बालिकाओं के साथ होने वाली बलात्कार की घटनाएं, अश्लील हरकतें और विशेष रूप से उनके खिलाफ होने वाले अपराधों पर प्रभावी चर्चा एवं कठोर निर्णयों से एक सार्थक वातावरण का निर्माण किये जाने की अपेक्षा है। क्योंकि एक टीस-सी मन में उठती है कि आखिर बालिकाओं कब तक भोग की वस्तु बनी रहेगी? उसका जीवन कब तक खतरों से घिरा रहेगा? बलात्कार, छेड़खानी, भ्रूण हत्या और दहेज की धधकती आग में वह कब तक भस्म होती रहेगी? कब तक उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौचा जाता रहेगा?

दरअसल छोटी लड़कियों या महिलाओं की स्थिति अनेक मुस्लिम और अफ्रीकी देशों में दयनीय है। जबकि अनेक मुस्लिम देशों में महिलाओं पर अत्याचार करने वालों के लिये सख्त सजा का प्रावधान है, अफगानिस्तान-तालिबान का अपवाद है। वहां के तालिबानी शासकों ने महिलाओं को लेकर जो फरमान जारी किए हैं वो महिला-विरोधी होने के साथ दिल को दहलाने वाले हैं। नये तालिबानी फरमानों के अनुसार महिलाएं आठ साल की उम्र के बाद पढ़ाई नहीं कर सकेंगी। आठ साल तक वे केवल कुरान ही पढ़ेंगी। 12 साल से बड़ी सभी लड़कियों और विधवाओं को जबरन तालिबानी लड़कों से निकाह करना पड़ेगा। बिना बुर्के या बिना अपने मर्द के साथ घर से बाहर निकलने वाली महिलाओं-बालिकाओं को गोली मार दी जाएगी। दूसरे मर्द से रिश्ते बनाने वाली बालिकाओं को कोडों से पीटा जाएगा। महिलाएं अपने घर की बालकनी में भी बाहर नहीं झांकेंगी। इतने कठोर, क्रूर, बर्बर और अमानवीय कानून लागू हो जाने के बावजूद अफगानिस्तान की पढ़ी-लिखी और जागरूक महिलाएं बिना डरे सड़कों पर जगह-जगह प्रदर्शन कर रही हैं। दुनिया की बड़ी शक्तियों को इन बालिकाओं के स्वतंत्र अस्तित्व को बचाने के लिये आगे आना चाहिए।

# एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का जलबा

हुये भारत के चिराग शेट्टी और सात्विक साईराज स्वर्ण पदक जीता एशियाई खेलों के इतिहास में बैडमिंटन में भारत का पहला स्वर्ण पदक था उनकी खुशी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मैच जीतने के बाद दोनों ने कोर्ट पर नृत्य किया यह 140 करोड़ भारतीयों को गोरान्वित करने वाला पुनीत क्षण था। एच एस प्रनय ने 41 साल बाद एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता इससे पहले 1982 एशियाई खेलों में सैयद मोदी ने कांस्य पदक जीता था। टेनिस में 43 साल के रोह्न बोपन्ना और उनकी महिला साथी रूतुजा भोंसले की मिश्रित जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता।

19वें एशियाई खेल चीन के हांगझाउ में 23 सितम्बर से 8 अक्टूबर के बीच सम्पन्न हुये। हालांकि एशियाई खेलों के 19वें संस्करण का आयोजन 2022 में होना था। किन्तु कोरोना महाबारी के वजह से इसे स्थगित कर दिया गया और पुनः 2023 में शुरू हुआ। 72सालों के एशियाई खेलों के इतिहास में भारत ने इतिहास रचते अबतक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भारत ने 28स्वर्ण पदक, 38रजत, 41कांस्य पदक के साथ कुल 107 पदकों के साथ पदक तालिका में चौथा स्थान प्राप्त किया। इससे पहले भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 18वें एशियाई खेल जोकि इंण्डोनेशिया में आयोजित किये गये थे भारत ने कुल 70 पदक प्राप्त किये उस समय में भारत का पदक तालिका में 8वां स्थान था। एथलेटिक्स में भारत ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुये 6स्वर्ण पदक, 14सिल्वर और 9 कांस्य पदक के साथ कुल 29 पदक हासिल किये। भारत ने निशानेबाजी में अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करतें हुये 19वें एशियाई खेलों में सात स्वर्ण, नौ रजत, और छह कांस्य पदक के साथ 22 पदक जीते। निशानेबाजी में एशियाई खेलों में यह भारत का अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। निशानेबाजी में ईशा सिंह ने एक स्वर्ण और तीन रजत पदक के साथ कुल चार पदक जीते। स्क्वॉश में पहली बार भारत ने दो स्वर्ण पदक, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। स्क्वॉश में भारत ने मिश्रित युगल में दीपिका पल्लीकल और हरविंदर की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता। एशियाई खेलों में क्रिकेट को पहली बार शामिल किया इसी के साथ क्रिकेट में पुरूष टीम और महिला टीम दोनों ने स्वर्ण पदक जीते। कबड्डी में भारतीय पुरूष टीम ने रोमांचकारी मैच में ईरान को हराकर स्वर्ण पदक जीता भारतीय महिला टीम ने स्वर्ण पदक जीता। घुड़सवारी में 41सालों बाद स्वर्ण पदक जीता भारत के लिए अनुष अग्रवाल, हृदय विपुल चेड़ा, सुदप्ति हेजला और दिव्यकीर्ति सिंह ने कमाल कर दिया। मेरठ की पारूल चौधरी ने पांच हजार मीटर में स्वर्ण पदक जीता इसके साथ ही तीन हजार मीटर स्टीपलचेंज में रजत पदक जीता। पारूल स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। भारत के गोला फेंक खिलाड़ी तेजिंदरपाल तूर ने स्वर्ण पदक जीता इससे पहले 18वें एशियाई खेलों में भी उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था। भाला फेंक स्पर्द्धा में भारत के नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण पदक और भारत के किशोर जेना ने रजत पदक जीता। इससे पहले 18वें एशियाई खेलों में नीरज चौपड़ा ने स्वर्ण पदक जीता था। हॉकी में पुरूष भारतीय टीम ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुये जापान को 5-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता जबकि हॉकी महिला टीम ने कांस्य पदक जीता। गोल्फ में भारत की महिला खिलाड़ी अदिति अशोक ने रजत पदक जीता एशियाई खेलों के इतिहास में भारत की किसी महिला गोल्फर का यह पहला पदक है। बैडमिंटन में एक स्वर्ण, एक रजत, एक कांस्य पदक जीता युगल पुरूष में भारत इतिहास रचते हुये भारत के चिराग शेट्टी और सात्विक साईराज स्वर्ण पदक जीता एशियाई खेलों के इतिहास में बैडमिंटन में भारत का पहला स्वर्ण पदक था उनकी खुशी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मैच जीतने के बाद दोनों ने कोर्ट पर नृत्य किया यह 140 करोड़ भारतीयों को गोरान्वित करने वाला पुनीत क्षण था। एच एस प्रनय ने 41 साल बाद एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता इससे पहले 1982 एशियाई खेलों में सैयद मोदी ने कांस्य पदक जीता था। टेनिस में 43 साल के रोहन बोपन्ना और उनकी महिला साथी रूतुजा भोंसले की मिश्रित जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता। शतरंज में भारतीय महिला टीम और पुरूष टीम ने रजत पदक जीते। मुक्केबाजी में भारत ने एक रजत और चार कांस्य पदक समेत पांच पदक जीते । कुश्ती में दीपक पुनियां ने रजत पदक जीता भारत को कुश्ती में छह पदक मिले। भारतीय तीरंदाजों ने इस एशियाई खेलों में 9 पदक अपनी झोली में डाले ज्योति सुरेखा, ओजस देवताले ने स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगायी। 72 साल के इतिहास में भारत ने महिलाओं के भाला फेंक स्पर्द्धा में मेरठ की अन्नूरानी ने स्वर्ण पदक जीता। डिस्कस थ्रो सीमा पूनिया ने कांस्य पदक जीता यह सीमा पूनिया का लगातार तीन एशियाई खेलों में तीसरा पदक है 2014 में उन्होंने स्वर्ण पदक 2018 में कांस्य पदक जीता था।



ललित शर्मा



निश्चित ही 72 वर्षों के एशियाई खेलों के इतिहास में अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। किन्तु हमें खेलों में और अधिक मेहनत की आवश्यकता है क्योंकि भारत के कुल पदक 107 की तुलना में चीन के 383 पदक हैं। भारत ने एश्यिाई खेलों में इस बार 655 खिलाड़ी भेजे थे। महिलाओं ने अपना दबदबा कायम रखा महिलाओं ने 12 स्पर्द्धाओं हिस्सा लिया जहां 53 पदक अपने नाम किये। भारत में खेलों में सुधार करना है तो खिलाड़ियों का चयन गांवों के स्तर से होना चाहिये। गांवों में खेलों से संबंधित बुनियादी सुविधा का विकास करना होगा ताकि भारत खेलों में महाशक्ति बने सके । आशा है जैसा बेहतरीन प्रदर्शन भारत का 19वें एषियाई खेलों में रहा है 2023 के पेरिस ओलम्पिक में उसकी पुनरावृत्ति देखने को मिलेगी।

# हमास का इजराइल पर वार

ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि भारत आतंकवाद को जानता है। राजदूत ने कहा, मुझे कई समर्थकों के फोन आए। फोन करने वालों में कई व्यापारी, मंत्री और सिविल सेवक है। ऐसे समर्थन से मैं बहुत उत्साहित हूं। साथ ही युद्ध स्थिति पर जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि हमलों में इस्राइली और गैर-इस्राइली दोनों नागरिकों की जान गई है। जल्द ही उनका विवरण दुनिया के साथ साझा किया जाएगा।

वैश्विक स्तरपर तेजी से बदलते घटनाक्रम में जहां रूस -यूक्रेन युद्ध की समस्या अभी टली नहीं है,बल्कि बढ़ती जा रही है वहीं शनिवार से हमास फिलिसतीन द्वारा इजराइल पर पांच छह हज़ार से अधिक मिसाइल से हमला कर पूरी दुनियां का ध्यान आकर्षित कर दिया है। आज सोमवार दिनांक 9 अक्टूबर 2023 को देर शामतक प्रिंट इलेक्ट्रानिक व सोशल मीडिया पर इस हमले के अपडेट्स जारी हैं, वहीं इसराइल ने भी आधिकारिक तौर पर युद्ध की घोषणा कर दी है। हालांकि फिलिस्तीनियों और इजरायल यहूदियों का यह मुद्दा बहुत पुराना है, जब अखंड भूमि पर ब्रिटिश राज था उस समय यहूदियों द्वारा अलग क्षेत्र की मांग की गई थी यहीं से यह विवाद प्रारंभ हुआ था। वर्तमान भाव स्थिति शायद पहले कभी नहीं हुई थी। जग जाहिर है कि अमेरिका और भारत सबसे अधिक आतंकवाद के पीड़ित देश हैं। कुछ वर्षो से दोनों की अति नजदीकियां हुई है, अनेक रणनीतिक साझेदारियां भी हुई है और कनाडा भारत विवाद के बावजूद अमेरिका द्वारा शुक्रवार दिनांक 7 अक्टूबर 2023 को अमेरिकी रक्षा मंत्रालय(पेटागन)ने कहा था कि भारत-अमेरिका मजबूत रक्षा साझेदारी बनाए रखने का प्रयास जारी रखेंगे और 8 अक्टूबर 2023 को अल मॉर्निंग में ही अमेरिका के खास प्रिय इसराइल पर हमास के हमले की जानकारी तेजी से सारी दुनियां में फैली जिसपर अमेरिका का तुरंत रिएक्शन आया और रात 12जो बिडेन की प्रतिक्रिया इसराइल का साथ देने की जानकारी दी। वहीं भारत नें भी आतंकवाद के खिलाफ़ इजराइल का साथ दिन देने का ऐलान व समर्थन किया, जिसपर दिनांक 8 अक्टूबर 2023 को देर शाम इसराइली राजदूत ने कहा समर्थन से वे बेहद उत्साहित हैं। चूंकि आतंकवाद के खिलाफ भारत अमेरिका हमेशा से ही साथ-साथ हैं। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अंतरराष्ट्रीय नियम आधारित व्यवस्था और देश की संप्रभुता के संरक्षण में भारत अमेरिका की साझेदारी सराहनीय है। साथियों बात अगर हम हमास इजरायल युद्धकी करें तो, शनिवार को हमास के लड़ाकों द्वारा एक आश्चर्यजनक हमले में गाजा की सीमा का उल्लंघन करने के एक दिन बाद इस्राइल और हमास के बीच लड़ाई तेज हो गई है। हमास के रॉकेट हमलों और जमीनी हमले में मरने वालों की संख्या रविवार को 400 से अधिक हो गई, जबकि 2000 अन्य लोगों के घायल होने की सूचना है। पेपर ऑफ इस्राइल ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि गाजा में कई इस्राइलियों को बंधक बना लिया गया था। वहीं एक रिपोर्ट के मुताबिक, ऑपरेशन का पहला चरण हमारे क्षेत्र में घुसने वाली कई दुश्मन ताकतों के खात्मे के साथ समाप्त हो गया था। इस्राइल के पीए ने हमास को कड़ी चेतावनी जारी करते हुए दावा किया कि उसने एक खतरनाक युद्ध शुरू किया है। इस्राइल रक्षा बल (आईडीएफ) उनकी क्षमता को कमजोर करने के लिए अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल करेगा।



किशन भावनानी



साथियों बात अगर हम इस मामले में भारत के रुख़ की करें तो, इजरायल में हुए हमास आतंकियों के हमले को लेकर तमाम देशों ने इसकी आलोचना की है। वहीं भारत के पीएम ने भी इजरायल को समर्थन दिया। उन्होंने कहा इजरायल में आतंकवादी हमलों की खबर से गहरा धक्का लगा है। इस हमले में मारे लोगों और निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं हैं। हम इस कठिन समय में इजरायल के साथ एकजुटता से खड़े है। इस्राइल पर हमास आतंकवादियों द्वारा किए गए हमलों के बीच भारत ने इस्राइल को समर्थन देने की बात कही है। भारत में मौजूद इस्राइल के राजदूत ने रविवार को इस पर प्रतिक्रिया दी। जिसमें उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में एक खास महत्व रखता है। भारत का इस्राइल को समर्थन आतंकवाद की गहरी समझ पर आधारित है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारा सोशल मीडिया भारतीय लोगों के समर्थन से भरा पड़ा है। हम इसकी सराहना करते हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि भारत आतंकवाद को जानता है। राजदूत ने कहा, मुझे कई समर्थकों के फोन आए। फोन करने वालों में कई व्यापारी, मंत्री और सिविल सेवक है। ऐसे समर्थन से मैं बहुत उत्साहित हूं। साथ ही युद्ध स्थिति पर जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि हमलों में इस्राइली और गैर-इस्राइली दोनों नागरिकों की जान गई है। जल्द ही उनका विवरण दुनिया के साथ साझा किया जाएगा।

पीएम ने हमास द्वारा किए गए रॉकेट हमलों पर इजराइल के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए शनिवार को कहा कि भारत की संवेदनाएं और प्रार्थनाएं निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। साथियों बात अगर हम इस मामले पर अमेरिकी रूख़ की करें तो,अमेरिकी राष्टपति ने इजरायल को अपना समर्थन जताते हुए कहा, मैं इजरायल, पूरी दुनिया और कहीं भी बैठे आतंकियों से कहना चाहता हूं कि अमेरिका इजरायल के साथ खड़ा है। हम उनके साथ खड़े होने में कभी भी असफल नहीं होंगे। हम ये निश्चित करेंगे कि इजरायल के लोगों को जो भी मदद चाहिए वो हम उन्हें दें। वो अपना बचाव करना जारी रख सकते हैं। अमेरिकी राष्टपति ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, दुनिया भयावह तस्वीरें देख रही है। इजरायली शहरों पर हजारों रॉकेट बरस रहे हैं। हमास के आतंकवादी न केवल इजरायली सैनिकों बल्कि नागरिकों को सड़कों और उनके घरों में मार रहे हैं। यह अनुचित है। इजरायल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है। अमेरिकी राष्टपति जो बाइडेन ने कहा, मुझे यह बात यथासंभव साफ तौर पर कहना है कि यह किसी भी पार्टी के लिए इजरायल के खिलाफ हुए इन हमलों का फायदा उठाने का समय नहीं है। इजरायल की सुरक्षा के लिए मेरे प्रशासन का समर्थन दृढ़ और अटूट है। इजरायल और फिलिस्तीन एक बार फिर से आमने-सामने हैं। हमास के आतंकियों ने इजरायल के ऊपर अचानक से हमला कर दिया। तमाम देश में हमास के इस कायरपूर्ण हमले की कड़ी आलोचना की जा रही है। भारत ने अपने दोस्त मुल्क इजरायल का समर्थन किया है तो वहीं अमेरिका भी इजरायल के साथ खड़ा है। इजरायल और फिलिस्तीन एक बार फिर से आमने-सामने हैं। हमास के आतंकियों ने इजरायल के ऊपर अचानक से हमला कर दिया। अमेरिका ने इजरायल का खुला समर्थन किया है। साथियों बात अगर हम शुक्रवार दिनांक 7 अक्टूबर 2023 को अमेरिका रक्षा मंत्रालय (पेटागन)के बयान की करें तो, पेंटागन के प्रेस सचिव ने यहां संवाददाताओं से कहा, हम रक्षा स्तर पर भारत के साथ संबंधों की काफी सराहना करते हैं। अमेरिका भारत के साथ मजबूत रक्षा साझेदारी बनाए रखने का प्रयास जारी रखेगा और मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है जिसे आप आगे बढ़ता देखेंगे।

# 62 के बजाय 65 साल में रिटायर होंगे सरकारी अस्पताल के डॉक्टर

**लखनऊ।** प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सक अब 62 के बजाय 65 वर्ष की उम्र में सेवानिवृत्त होंगे, लेकिन अपर निदेशक से लेकर महानिदेशक स्तर के चिकित्साधिकारी 62 वर्ष में ही सेवानिवृत्त हो जाएंगे। अन्य स्तर के चिकित्सक प्रशासनिक कार्य छोड़ कर मरीजों के इलाज में 65 वर्ष तक रह सकेंगे। इस प्रस्ताव को मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दे दी गई है।



स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति की समय सीमा 65 साल करने को लेकर करीब सालभर से मशक्कत चल रही थी। कुछ चिकित्सक पक्ष में थे तो कुछ विरोध में। ऐसे में विभाग की ओर से सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए नए सिरे से प्रस्ताव तैयार किया गया। इसके तहत प्रांतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के तहत कार्यरत लेवल एक से लेवल चार तक के चिकित्साधिकारियों की सेवानिवृत्ति 62 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष कर दी गई है।

यह फैसला सबके लिए नहीं हुआ है। संयुक्त निदेशक लेवल चार के चिकित्साधिकारियों में मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी, जिला कुष्ठ रोग अधिकारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी को 62 वर्ष की उम्र पूरी करते ही प्रशासनिक कार्य छोड़ना होगा। वे 62 के बाद सिर्फ मरीजों का इलाज करते हुए 65 वर्ष तक की सेवा दे सकेंगे। इसी तरह महानिदेशक (लेवल सात), निदेशक (लेवल छह), अपर निदेशक, अधीक्षक व मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी (लेवल पांच) वाले चिकित्साधिकारी 62 वर्ष की उम्र पूरी करने के बाद सेवानिवृत्त हो जाएंगे।

### वीआरएस का विकल्प

लेवल एक से लेवल चार तक के चिकित्साधिकारी 62 वर्ष की उम्र पूरी करने के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन कर सकेंगे। यानी जो कार्य करना चाहेंगे, उन्हें मौका मिलेगा। जो स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति चाहेंगे उन्हें आवेदन प्रक्रिया पूरी करने के बाद सेवानिवृत्ति दे दी जाएगी।

# 15 अक्टूबर से 20 नवंबर तक पुलिसकर्मियों के अवकाश पर रोक

■ त्योहारों को लेकर लिया गया फैसला

**लखनऊ।** यूपी पुलिस में कार्यरत सभी कर्मचारी 15 अक्तूबर से लेकर 20 नवंबर तक अवकाश नहीं ले सकेंगे। इसका मतलब यह है कि उन्हें दीपावली के बाद ही अवकाश मिल सकेगा।

डीजीपी विजय कुमार ने आगामी त्योहारों के दृष्टिगत पुलिसकर्मियों के अवकाश लेने पर रोक लगा दी है। डीजीपी की ओर से समस्त डीजी, एडीजी, पुलिस कमिश्नर, एडीजी जोन, आईजी रेंज, जीआरपी, पीएसी को जारी आदेश के मुताबिक दुर्गापूजा, दशहरा, दीपावली और छठ पूजा के दृष्टिगत 15 अक्टूबर से 20 नवंबर तक पुलिसकर्मियों को अवकाश नहीं दिया जाएगा।

इसमें समस्त तरह के अवकाश शामिल हैं। विशेष परिस्थितियों में अवकाश के लिए उच्चाधिकारियों की पूर्व अनुमति आवश्यक होगी। विशेष अवकाश के लिए यह फैसला लागू नहीं होगा।



इस दौरान विशेष परिस्थितियों में ही किसी पुलिसकर्मी की छुट्टी स्वीकृत किए जाने का आदेश भी दिया गया है। यह आदेश जिला पुलिस के अलावा जीआरपी व पीएसी में भी लागू होगा। आने वाले त्योहारों को लेकर सभी जिलों में कड़े सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। शांति समिति की बैठकों का आयोजन किए जाने व सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखे जाने को भी कहा गया है।

# शादी अनुदान योजना में रजिस्ट्रेशन की बाध्यता समाप्त : नरेन्द्र कश्यप

अवधनामा संवाददाता

■ बोले, पिछडेवर्ग के युवाओं को कम्प्यूटर प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से जोड़ा जा रहा

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। योगी सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों के शैक्षिक स्तर को ऊंचा उठाकर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ रही है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग के पात्र व्यक्तियों को देने का कार्य करें। उक्त बातें प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने मंगलवार को डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ के सभागार में दिव्यांगजन सशक्तीकरण



एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारियों की एक दिवसीय विभागीय अभिमुखीकरण कार्यशाला में कहीं।

मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कार्यशाला का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर दृष्टिबाधित छात्राओ द्वारा स्वागत गीत गाया गया। मंत्री ने कार्यशाला में आये दोनों विभागों के अधिकारियों से कहा कि कार्मिकों के हितों का पूरी तरह से ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि एक टीम की तरह कार्य करे। टीम के प्रत्येक सदस्य को सशक्त बनाने का कार्य किया जाय। टीम की तरह कार्य करने से विभागीय योजनाओं का व्यापक स्तर पर पात्र लोगों को लाभाविन्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में दिये गये सुझावों का पूरी तरह से सम्मान करते हुए विभागीय हित मे अपनाया भी जायेगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अपने दायित्वों का निर्वाहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करें। योजनओं के लाभार्थियों को जनपदों में कार्यक्रम आयोजित कर प्रमाण पत्र या चेक देने का कार्य करे। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को उनका सही हक दिला रही है। दिव्यांगजनो को सशक्त बनाने की जिम्मेदारी को प्रदेश सरकार द्वारा अच्छे ढंग से निभाया जा रहा है।

# तनाव जिंदगी का अभिन्न हिस्सा : निदेशक टीएमयू

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के निदेशक हॉस्पिटल प्रशासन श्री अजय गर्ग बोले, मौजूदा वक्त में तनाव जिंदगी का अभिन्न हिस्सा है। हर इंसान किसी न किसी प्रकार के तनाव से जूझ रहा है। इसीलिए यह जरूरी है कि हम मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानें और लोगों में भी इसकी जागरूकता फैलाएं। श्री गर्ग ने बताया, अगर तनाव लंबे समय तक बना रहे तो आगे चल कर यह माइग्रेन, डाइबिटीज, ब्लड प्रेशर सरीखी बीमारियां भी हो सकती हैं। उल्लेखनीय है, पूरी दुनिया में 12 से 18 बरस आयु तक के वर्ग में करीब 14.1 प्रतिशत डिप्रेशन के शिकार हैं। श्री गर्ग तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के मनोचिकित्सा विभाग की ओर से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित जागरूकता



कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। मानसिक स्वास्थ्य विभाग की प्रो. (डॉ.) प्रेरणा गुप्ता ने मानसिक स्वास्थ्य की शपथ दिलाई। संचालन डॉ. राशि मनोचा ने किया। अंत में डॉ. मनीष त्यागी ने सभी का आभार जताया।

इस बार मानसिक स्वास्थ्य दिवस का विषय है- मानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानव अधिकार है। इस मौके पर मेडिकल के छात्र-छात्राओं ने मन में उफान ले सकता है किसी की जान नामक लघु नाटक की भी दमदार प्रस्तुति दी।

# फूड पार्क स्थापना और निवेश पर बनी सहमति

## 'हॉर्टीकल्चर इंवेस्टर्स मीट-2023' में उद्यमियों के साथ हुई विस्तृत चर्चा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** आज दिनांक 10 अक्टूबर 2023 को भाकृअनुप-केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, रहमानखेड़ा, लखनऊ द्वारा आयोजित 'हॉर्टीकल्चर इंवेस्टर्स मीट-2023' में उत्तर प्रदेश की आम फल पट्टियों से आम का निर्यात बढ़ाने हेतु कृषि उत्पादन आयुक्त के साथ उद्यमियों की विस्तृत चर्चा हुई और एक फूड पार्क स्थापित कर आम की विभिन्न फल पट्टियों से दशहरी, लंगड़ा और चौसा और आम की रंगीन किस्मों यथा अम्बिका, अरुणिका किस्मों के निर्यात को बढाने हेतु निवेश पर सहमति हुई।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, मनोज कुमार सिंह, कृषि उत्पादन आयुक्त उत्तर प्रदेश सरकार के साथ इनोवा एग्री बायोपार्क, बेंगलुरू के प्रबंध निदेशक डा. के.एस. रवि, खंडेलवाल बायोफर्टिलाइजर्स बेलगाम,



कर्नाटक के अध्यक्ष डा. बाल कृष्ण एवम जैन इर्रिगेशन सिस्टम्स के प्रतिनिधियों के बीच सीधी वार्ता में निवेश हेतु आवश्यक नियमों और शर्तो पर सहमति प्राप्त की गयी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, मनोज कुमार सिंह, कृषि उत्पादन आयुक्त उत्तर प्रदेश सरकार ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया और अपने सम्बोधन में उद्योगों को फूड्पार्क स्थापित करने के लिये जमीन उपलब्ध कराने और हर सम्भव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने अपने सम्बोधन में बताया कि सरकार हर जिले में दो हाई टेक पौधशालायें स्थापित करने जा रही है जिससे कि किसानों की फल एवम सब्जियों की पौध की आवश्यकता पूरी करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों एवं स्टार्ट अप प्रबंधकों और ए बी आई इंकुबेटी के साथ सीधी वार्ता की गई। उ.प्र. सरकार के कृषि अपर सचिव डा. देवेश चतुर्वेदी ने सहभागियों को सम्बोधित करते हुए प्रदेश के हित में सरकार की तरफ से हर तरह का सहयोग एवम सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर इनोवा एग्री फूडपार्क, बेंगलुरू के प्रबंध निदेशक डा. के. एस. रवि ने कर्नाटक में स्थापित फूड पार्क के बारे में विस्तृत चर्चा की और बताया कि फूड पार्क किस तरह दक्षिणी भारत के पांचो प्रदेशों के किसानों के उद्यानिकी उत्पादों के निर्यात में मदद कर रहा है । इसी तर्ज पर उन्होंने उत्तर प्रदेश में भी एक फूड पार्क स्थापित करने की योजना का प्रस्ताव दिया है । इस फूडपार्क के माध्यम से आम के साथ साथ अन्य फल और सब्जियों के निर्यात का रास्ता प्रदेशवासियों के लिये खुल जायेगा। उन्होंने अपने सम्बोधन में बताया कि गामा रेडिएशन की सुविधा युक्त समेकित पैक हाउस की स्थापना हेतु कंपनी निवेश करने जा रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय मुख्य न्यायाधीश सम्मेलन लखनऊ में तीन नवम्बर से

अवधनामा संवाददाता

■ 50 देशों के 170 से अधिक राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व मुख्य न्यायाधीश करेंगे प्रतिभाग

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के तत्वावधान में 'विश्व के मुख्य न्यायाधीशों का 24वाँ अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन' 3 से 7 नवम्बर 2023 तक सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिभाग हेतु विभिन्न देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, न्यायमंत्री, इण्टरनेशनल कोर्ट के न्यायाधीश एवं विश्व प्रसिद्ध शान्ति संगठनों के प्रमुख समेत 50 देशों के 170 से अधिक मुख्य न्यायाधीश, न्यायाधीश व कानूनविद् लखनऊ पधार रहे हैं। यह जानकारी आज यहाँ आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेन्स में सिटी मोन्टेसरी स्कूल के संस्थापक, प्रख्यात शिक्षाविद् एवं अन्तर्राष्ट्रीय मुख्य न्यायाधीश सम्मेलन के संयोजक डा. जगदीश गाँधी ने पत्रकारों को दी। डा. गाँधी ने पत्रकारों को बताया कि 'भारतीय संविधान के



अनुच्छेद 51' पर आधारित यह ऐतिहासिक सम्मेलन विश्व एकता, विश्व शान्ति एवं विश्व के ढाई अरब से अधिक बच्चों के सुन्दर एवं सुरक्षित भविष्य को समर्पित है। प्रेस कान्फ्रेन्स में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए डा. गाँधी ने बताया कि इस पाँच दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पधारने वाली प्रख्यात हस्तियों में स्टीपन मेसिक, पूर्व राष्ट्रपति, क्रोएशिया; माननीय जोसेलेर्मे प्रिवर्ट, पूर्व राष्ट्रपति, हैती; जीन-हेनरी सेन्ट, पूर्व प्रधानमंत्री, हैती; डा. पकालिथा बी. मोसिलिली आदि प्रमुख हैं।

# कुश्ती प्रतियोगिता के पहले दिन 10 में से 4 स्वर्ण उत्तर प्रदेश की झोली में

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** 35वीं अखिल भारतीय डाक कुश्ती प्रतियोगिता का 10 अक्टूबर को भारतीय खेल प्राधिकरण, नेताजी सुभाष क्षेत्रीय केंद्र, लखनऊ में उत्तर प्रदेश परिमण्डल के चीफ पोस्टमास्टर जनरल श्री बा? सेल्वकुमार ने शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने सभी प्रतिभागियों और खेल प्रेमियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के आरम्भ में विभिन्न परिमण्डलों की टीम ने मार्च पास्ट किया और चीफ पोस्टमास्टर जनरल ने ध्वजारोहण कर सलामी ली। मेजबान उत्तर प्रदेश टीम के कप्तान वेदप्रकाश यादव ने सभी टीमों को शपथ दिलाई। इस प्रतियोगिता में 11 प्रदेशों के डाक परिमंडलों की टीमों सहित कुल 95 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जिनके बीच 12 अक्टूबर तक टीम और वैयक्तिक स्तर पर कुल



124 मैच खेले जायेंगे। प्रथम दिन कुल 59 मैच खेले गए। चीफ पोस्टमास्टर जनरल बा सेल्वकुमार ने कहा कि कुश्ती भारत के प्राचीन खेलों में से एक है, जहां इसे मल्ल-युद्ध के नाम से जाना जाता था। नए स्वरूप में कुश्ती देश ही नहीं विदेशों में भी लोकप्रिय हो रही है। डाक विभाग कुश्ती सहित विभिन्न खेलों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पदों पर खिलाड़ियों की भर्ती भी करता है। ऐसी प्रतियोगिताएं कर्मचारियों में उत्साहवर्धन करती हैं, उन्हें स्वस्थ रहने की प्रेरणा देती हैं तथा उनके सामाजिक कौशल का निर्माण करती हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने हेतु प्रेरित करते हुए शुभकामनाएं दीं और कहा कि खिलाड़ियों को अंतिम समय तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए हार नहीं माननी चाहिए। उत्तर प्रदेश में अखिल भारतीय डाक कुश्ती प्रतियोगिता के आयोजन पर उन्होंने खुशी भी जताई। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने स्वागत संबोधन में कहा कि कुश्ती प्रतियोगिता खेल भावना, अनुशासन, सहभागिता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के दम पर नए आयाम रच रही है।

# 24 अक्टूबर को निकलेगी शुभकामना पद यात्रा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** श्री श्याम प्रेमी संघ ट्रस्ट लखनऊ द्वारा 24 अक्टूबर शुभकामना पद यात्रा के सन्दर्भ मे आज मंगलवार 10 अक्टूबर को लखनऊ किचन 8 नंबर चौराहा निरालानगर मे प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया।

अध्यक्ष अरविन्द्र अग्रवाल ने बताया कि प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से शुभकामना पद यात्रा का अयोजन श्री श्याम प्रेमी संघ ट्रस्ट लखनऊ द्वारा किया जा रहा है। यह यात्रा दशहरे के दिन मंगलवार दिनांक 24 अक्टूबर 2023 को विधायक डा नीरज बोरा के सहयोग व श्री राजेन्द्र पांडे गुरु जी के सानिध्य में सुबह 10.00 बजे श्री बालाजी मंदिर सेक्टर-क्यू अलीगंज से प्रस्थान करेगी और 30 अक्टूबर 2023 को श्री अयोध्या



धाम प्रभु श्रीराम के चरणों में पूर्ण होगी। महामंत्री जितेन्द्र गुप्ता ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग अपने घर के बच्चों से एक सुंदर शुभकामना संदेश प्रभु श्रीराम के लिए लिखवायें, जिस तरह वो अपने मित्रों के जन्मदिन, टीचर डे, फादर डे, मदर डे, पर ग्रीटिंग कार्ड बनाते हैं ठीक उसी तरह अपने बचों से प्रभु श्रीराम के लिए शुभकामना संदेश लिखवाएं आपके बच्चों के द्वारा लिखा हुआ यह संदेश पैदल पद यात्रा के माध्यम से प्रभु श्री राम के चरणों में अर्पित किया जाएगा ।

# एशियाई गेम्स भारत के लिए ऐतिहासिक रहा : अनुराग ठाकुर

## 19 मेडल पैरालंपिक गेन्स में, 20 मेडल डेफ ओलंपिक में, 21 मेडल कॉमनवेल्थ गेम में जीते

**प्रश्न :** इस बार के एशियाई गेम्स भारत के लिए ऐतिहासिक रहे। क्या आप ऐसे परिणाम की अपेक्षा कर रहे थे?

**उत्तर :** हमने कहा और हमने कर दिखाया! यह ऐतिहासिक परिणाम आने के पीछे कई कारक हैं - हमारे एथलीट्स की मेहनत और पदक लाने का जज़्बा, हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की समग्र स्पोर्ट्स इकोसिस्टम बनाने की दृष्टि, टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना की सहायता और सरकारी फंड्स ने ये ऐतिहासिक परिणाम मुमकिन किए हैं। हमने आपके कार्यकाल में ओलिंपिक में सबसे ज्यादा पदक जीते और अब एशियाई खेलों में 100 का आंकड़ा पार किया। भारत का प्रदर्शन एशियन गेम्स में आज तक का सबसे बेहतर प्रदर्शन रहा। 107 मेडल जीत कर जो हमने कहा था, अबकी बार 100 बार तो भारत के खिलाड़ी ने 100 पार भी किया। पहले सुनते थे क्रिकेट में सेंचुरी लगती है। अब तो एशियन गेम्स में भी सेंचुरी लगाने का काम हुआ। इससे खिलाड़ियों का मनोबल भी बढ़ा तो देश भर के लोगों में एक नई ऊर्जा और देश के जो युवा और उभरते खिलाड़ी हैं उनको एक नई प्रेरणा मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता, उनके द्वारा प्रदान की गई सुविधाएं और हमारे खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत एवं दृढ़ संकल्प से भारत ने 100 पदक का आंकड़ा पार किया। आने वाले समय में हम देखेंगे कि खेलों में और निवेश होगा। अभी तक माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो सोच देश को दी है और जो सुविधाएं खिलाड़ियों को दी है ये उसी का परिणाम है। आप देखिए इस बार ओलंपिक में हमने आज तक के सबसे ज़्यादा सात मेडल जीते थे। फिर 19 मेडल पैरालंपिक गेन्स में, 20 मेडल डेफ ओलंपिक में, 21 मेडल कॉमनवेल्थ गेम में जीते। आज तक थॉमस कप नहीं जीते थे उसमें भी गोल्ड मेडल जीते. यूनिवर्सिटी गेम्स में 60 साल में 18 मेडल जीते थे, इस बार हमने 26 मेडल जीते जिसमें से 10 गोल्ड मेडल है और अब एशियन गेम्स में 107 मेडल, 100 का आंकड़ा पार किया और इससे पहले हमारी महिला खिलाड़ी 4 बार वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियन बनी। एक के बाद दूसरी खेलों में आप देखोगे तो लगातार भारत ने शानदार प्रदर्शन किया है। एशियन गेम्स के 72 साल के इतिहास में इस बार हमारे एथलीट्स ने कई विश्व रिकॉर्ड तोड़े और कई एशियन रिकॉर्ड्स भी बनाए हैं। एथलेटिक्स में 29 मेडल, शूटिंग में 22 मेडल, आर्चरी में 9 मेडल्स आए हैं।

**प्रश्न :** 2018 के सापेक्ष, 2022 में ऐसा क्या हुआ जिसने ऐसे परिणाम सुनिश्चित किए?

**उत्तर :** 2018 में हमारे पास 70 पदक थे, 2022 में 107 हासिल हुए। यह 52 प्रतिषत की वृद्धि है और 75 पर्सेंट स्वर्ण पदक में वृद्धि है। 2020 में भी हमने अबतक का सबसे ऐतिहासिक ओलंपिक्स, पैरालिंपिक्स और डेफलिंपिक्स का प्रदर्शन किया है। यह हमारे एथलीट्स की मेहनत और स्पोर्ट्स इकोसिस्टम के कोच और सपोर्ट स्टाफ की वजह से मुमकिन हुआ है। यह बात भी सत्य है की एथलीट्स ने तो हमेशा ही मेहनत करी है, तो इस बार ऐसा क्या बदला? प्रधानमंत्री मोदी की दृष्टि और भारतीय खेल पर विशेष ज़ोर ने हमारे लिए नए कीर्तिमान के द्वार खोल दिए हैं। आज हमारे देश के स्पोर्ट्स इकोसिस्टम में एक पिरामिड संरचना है जो साधारण से एलीट वर्ग तक पूरे देश में प्रतिभा खोज और पोषण करता है। माननीय मोदी जी के विज़न से 2014 में टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना की शुरुआत हुई। वह चाहते थे की प्रतिभाशाली एथलीट्स को हर वो सुविधा मिले जिससे वह विश्वस्तरीय परिणाम ला सके। आज इस योजना ने अभूतपूर्व परिणाम दिए। टॉप्स योजना के तहत हमारे खिलाड़ियों के 2 वर्ग हैं विकासशील और एलीट। इन दोनो वर्गों के लिए सरकार ट्रेनिंग, आहार, विदेशी अनुभव, और उपकरण प्रदान करती है। इसके साथ इन दोनो वर्गों को मासिक खर्च मिलता है एलीट वर्ग को 50000 प्रतिमाह और विकासशील को

साक्षात्कार



25000 प्रतिमाह, और इससे वे अपने परिवार की देखभाल भी कर पाते हैं। 2018 में खेलो इंडिया योजना शुरू की गई जिससे देश के हर कोने से प्रतिभा की खोज और उनकी ट्रेनिंग का जिम्मा लिया गया। बहुत से खेलो इंडिया योजना के एथलीट्स आज हमारे एलीट वर्ग के खिलाड़ी हैं टॉप्स योजना के तहत। इस बार 124 खेलो इंडिया के एथलीट्स ने भारत का प्रतिनिधित्व किया जिसमे से ज्यादातर टॉप्स योजना से थे। हमारे एथलीट्स के खेल में और निखार आया है और हर स्तर से सबको सहायता भी है। खेलो इंडिया एथलीट्स न सिर्फ़ इस. ए. आई. ट्रेनिंग और खेलो इंडिया के पार्ट हैं पर उनको फ्री कोचिंग, रूम, आहार और 10000 का मासिक खर्च भी प्राप्त होता है। हमने देश के विभिन्न हिस्सों में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर भी बनाया है जिससे की हर खिलाड़ी को एक शुरुआती निरीक्षण मिल सके। 750 खेलो इंडिया सेंटर आज पूरे देश में स्थापित हैं और यह संख्या को हमे अगले साल तक 1000 तक पहुंचाना है। हमारे खेल बजट को तीन गुना बढ़ोतरी मिली है 2022-23 में 2013-14 के सापेक्ष। हमारी इन पहलों की वजह से हर खिलाड़ी को 360 डिग्री सपोर्ट मिला और यही मेहनत ने हमे यह फल ला के दिया।

**प्रश्न :** एशियन गेम्स के लिए एथलीट्स को किस तरह का सपोर्ट दिया गया?

**उत्तर :** कॉमनवेल्थ खेलों के बाद एशियन गेम्स के लिए ट्रेनिंग कैंपों का आयोजन किया गया। हमने 275 विदेशी एक्सपर्ट, जैसे कोच, निर्देशक, मैनेजर्स, फिजियो स्टाफ, मनोवैज्ञानिक की भी नियुक्ति की। इसके अलावा 75 बार विदेशी अनुभव भी प्रदान कराया गया। टीओपी योजना के तहत हर खिलाड़ी को विशेष सहायता भी प्रदान की जाती है। नीरज चोपड़ा, सात्विक, चिराग शेट्टी, शरथ कमल, विष्णु सरवणन जैसे खिलाड़ियों को इसका भरपूर फ़ायदा मिला है जिसकी वजह से उन्हें विदेशी अनुभव, स्पोर्ट्स यंत्र, ट्रेनिंग, कोच की नियुक्ति और सहायक स्टाफ भी मिले।

एथलीट्स की जरूरत के हिसाब से उन्हें विदेश में ट्रेनिंग भी मिली अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं के साथ। नीरज चोपड़ा को 586 दिन की ट्रेनिंग मिली यूरोप, दक्षिण अफ्रीका और यूएसए में। विदेशी कोच और फिजियो ने यह सुनिश्चित किया कि साल भर एथलीट उत्तम स्तर पर खेलता रहे। हमने नौकायन में भी अच्छा किया है और टॉप्स योजना के तहत 2.88 करोड़ रुपए तक की विदेशी ट्रेनिंग और प्रतियोगिताएं कराई गई हैं। अविनाश साबले को विदेशी ट्रेनिंग और यूएसए, स्विट्जरलैंड, हंगरी और मोरोक्को में प्रतियोगिताओं में भाग दिलाया गया और एक निजी कोच भी प्रदान किया गया । शूटिंग में हमने 4 करोड़ तक के उपकरण और विदेशी ट्रेनिंग कैंप प्रदान कराई हैं । ट्रेनिंग कैंप जर्मनी, इटली, फ्रांस और चेक रिपब्लिक जैसी जगहों पे कराया गया और 185 दिन के कोचिंग कैंप में उपकरण और बैरल टेस्टिंग भी कराई गई। बैडमिंटन में एच एस प्रनॉय को खास उपकरण उपलब्ध कराए गए जिससे वो जल्द से जल्द रिकवरी करें ट्रेनिंग के बाद और एक अच्छे स्तर पर खेलते रहें। निजी सहायता स्टाफ जैसे एसएंडसी ट्रेनर, आहार विशेषज्ञ, और मनोवैज्ञानिक भी उपलब्ध कराए गए।

**प्रश्न :** लगभग 30 प्रतिषत पदक एथलेटिक्स से आए हैं। क्या हम कह सकते हैं कि हमने एथलेटिक्स में अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है?

**उत्तर :** पहले एथलेटिक्स को एक ऐसे खेल की तरह देखा जाता था जो सिर्फ पश्चिमी देश और अफ्रीकन देश जीत सकते हैं। हम कई बार चौथे पायदान पर आके आगे नहीं बढ़ पाए। पर अब सब कुछ बदल चुका है । नीरज चोपड़ा के ओलंपिक स्वर्ण पदक ने हर खिलाड़ी को एक नई ऊर्जा और उम्मीद प्रदान करी है। अविनाश सबले ने कॉमनवेल्थ खेलों में 3000 मीटर स्टीपलचेज में पदक पाया, जिसमे उन्होंने केन्या के खिलाड़ियों को हराकर साबित कर दिया कि हम किसी से कम नहीं। इस बार के एशियाई खेल में पारुल चौधरी का गोल्ड 5000 मीटर में, एक विशेष उपलब्धि थी। ये इस लिए भी ऐतिहासिक था क्योंकि उनका आखरी 10 सेकंड में जापानी एथलीट को हराने का जज्बा सराहनीय है। अब हमारे खिलाड़ी खेलने नही, जीतने जा रहे हैं।

आज कई खिलाड़ी मुझे बताते हैं की उनको अपनी ट्रेनिंग सुविधाएं किसी देश से कम नहीं लगती और उनको देश के हर एक नागरिक का सपोर्ट महसूस होता है। माननीय प्रधानमंत्री की खिलाड़ियों से प्रतियोगिता के लिए निकलने से पहले और आने के बाद के बधाई और शुभकामना संदेश हर खिलाड़ी में नई ऊर्जा भरते हैं। ये है नई सोच! नया भारत! सपोर्ट की दृष्टि से, हर एथलीट को विदेशी अनुभव मिला। जंप, स्प्रिंट, रेसवॉक, मिडिल एवं लॉन्ग डिस्टेंस थ्रो जैसे खेलो में सबसे बेहतरीन विदेशी जानकार, यंत्र और इंजरी मैनेजमेंट प्रदान कराए गए।

**प्रश्न :** महिला एथलीटों ने एक खास योगदान दिया है पदकों में। क्या आपको लगता है कि ये भारत के खेल दृष्टिकोण में एक बड़ा बदलाव लाया है?

**उत्तर :** आज महिलाओं को हर क्षेत्र में उत्तम अवसर मिल रहे हैं चाहे वह संसद हो चाहे पोडियम। महिला खिलाडियों ने हमे 50.2 प्रतिषत पदक दिलाकर बेहद प्रफुल्लित किया है। कांस पदक महिलाओं ने पुरुषो से ज्यादा पाए हैं। यह दिखाता है कि आज उनका प्रदर्शन किसी से कम नहीं है। इस बार महिलाओं ने पहली बार क्रिकेट, टेबल टेनिस, गोल्फ, इक्वेस्ट्रियन जैसे खेलो में भी पदक लाया है। 3000 मीटर स्टीपलचेज और 50 मीटर राइफल में, महिला खिलाड़ियों ने स्वर्ण और कांस पदक दोनो पाए हैं और 10 मीटर पिस्टल में उन्होंने स्वर्ण और चांदी पदक दोनो पाए हैं। इससे एक बहुत बड़ा कीर्तिमान स्थापित हुआ है। महिलाओं ने खेलों के माध्यम से जेंडर इक्वालिटी का प्रमुख उद्धहरण दिया है। सरकार ने भी महिलाओं को खेलो में आगे बढ़ाने के लिए विशेष कदम उठाए हैं। पिछले वर्ष खेलो इंडिया वूमेन लीग का आयोजन कराया गया लगभग हर बड़े खेल में और इसमें डेढ़ लाख से भी अधिक महिला एथलीट्स ने भाग लिया। उनको प्रतियोगिता का अनुभव दिलाना सबसे मुख्य कदम था। इससे उनको आत्मविश्वास प्राप्त हुआ। पीवी सिंधु, मीराबाई चानू, निखत जरीन, लव बॉरगोहैन ने नई पीढ़ी की लड़कियों को अपने प्रदर्शन से बेहद प्रभावित किया है और सरकार उनकी हर तरह से सहायता करेगी।

**प्रश्न :** पेरिस ओलंपिक्स के लिए तैयारी किस स्तर की है?

**उत्तर :** पेरिस ओलंपिक्स के लिए खिलाड़ियों की ट्रेनिंग पिछले 2 वर्षो से जारी है और वह अच्छे स्तर की हो रही है। हमने 3 नेशनल सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस की सुविधाएं उन्नत करी हैं - पटियाला, बेंगलुरु और लखनऊ में - जहां पर खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिलेंगी। 200 विशेषज्ञ जैसे हाई परफोर्मेंस मैनेजर्स और हाई परफोर्मेंस डायरेक्टर्स भी नियुक्त किए गए हैं जो ट्रेनिंग में और निखार ले आयेंगे। हर एथलीट को टॉप्स योजना से सहायता मिलती रहेगी।

# नेताजी की प्रथम पुण्यतिथि पर सपा मुखिया ने पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

■ पिता मुलायम को याद कर अखिलेश ने लिखा...जो बसते है दिल में लोगों के वो जाकर भी कहीं न जाते हैं

**वहाज अली निहाल/बी पी यादव**



**इटावा, सैफई।** किसानों दलितों मजदूरों के मसीहा नेताजी मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर सपा मुखिया अखिलेश यादव नें परिवार के सदस्यों के साथ समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि।

सपा सस्थापक नेताजी मुलायम सिंह यादव की मंगलवार को पहली पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गांव सैफई में मेला ग्राउंड में बने समाधि स्थल को फूलों से सजाया गया था। वही एक विशाल पंडाल बनाया गया था। मंगलवार को सुबह से ही लेकर शाम तक समाजवादी पार्टी से जुड़े हुए लोग नेताजी को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए पहुंचते रहे। लोग नेताजी के प्रति अपने भाव अपने-अपने शब्दों में प्रकट किए। श्रद्धांजलि सभा से पहले सपा मुखिया अखिलेश यादव के आवास पर नेताजी की याद में शांति यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमे परिवार से सपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रो.रामगोपाल यादव, शिवपाल सिंह यादव, अभयराम सिंह यादव, राजपाल सिंह यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमलता यादव, सांसद डिंपल यादव, पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव, पूर्व सांसद तेजप्रताप यादव, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष आदित्य यादव, पूर्व सांसद अक्षय यादव, अनुराग यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक उर्फ अंशुल यादव, आर्यन यादव, कार्तिकेय यादव, आदि सदस्य शामिल हुए।

उसके बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव समाधि स्थल पर पहुंचे जहां उन्होंने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। समाधि स्थल के पास बनाए गए मंच पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक श्रद्धांजलि सभा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। श्रद्धांजलि सभा मंच से कई कलाकारों ने नेताजी से जुड़े हुए सांसदों को गायन विद्या के जरिए नेताजी के सांसदों को पेश करने वालों में कई नामी कलाकार और समाजवादी पार्टी से जुड़े हुए सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी रहे है। अंत में 2 मिनट का मौन रख करके नेताजी मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने श्रद्धांजलि देने के बाद अपने फेसबुक अकाउंट पर लिखा। ......

**जो बसते हैं दिल में लोगों के वो जाकर भी कहीं न जाते हैं**

आपके सिद्धांतों और प्रयासों को नमन करते हुए उन्हें और भी साकार और सार्थक करने की वचनबद्धता के साथ श्रद्धांजलि!

इस मौके पर पूर्व नेता विरोधी दल रामगोविंद चौधरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री रामजीलाल सुमन, पूर्व मंत्री नारद राय, पूर्व मंत्री ओम प्रकाश, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह, सोबरन सिंह यादव पूर्व विधायक, प्रदीप यादव विधायक, राजू यादव पूर्व विधायक, अशोक यादव मंत्री, विवेक यादव चेयरमैन एसएमजीआई, डॉ अरविंद यादव सदस्य जिला पंचायत, चंदगीराम यादव प्रधान, राजवीर बाबा संस्थापक रणवीर सिंह इंटर कॉलेज परासाना, बलवीर सिंह यादव प्रदेश अध्यक्ष यूपी जल निगम कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन, प्रदीप आढ़तिया महोला, भारत सिंह यादव राजकीय ठेकेदार खदरी, राजवीर सिंह यादव ठेकेदार नगला तेज, रामबाबू यादव प्रधान, सोनू यादव प्रधान झिगूपुर रामफल वाल्मीकि प्रधान सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## अड़ीग में देसी शराब के ठेका की चोरों ने ताला तोड़ने की कोशिश

**मथुरा/गोवर्धन।** जनपद मथुरा के थाना गोवर्धन अंतर्गत मथुरा गोवर्धन मार्ग स्थित खादी ग्राम उद्योग के सामने देसी शराब के ठेका के बीती रात्रि मैं ताला तोड़ने की अजात चोरों द्वारा कोशिश की गई प्राप्त जानकारी के अनुसार अज्ञात चोरों द्वारा गांव अड़ींग में देसी शराब के ठेका के ताले को तोड़ने की कोशिश की ठेका के सेल्समैन ने बताया कि वह 9 अक्टूबर की शाम को समय से ही ठेका को बंद करके अच्छी तरह ताले को चेक करके अपने घर चला गया जब वह सुबह घर से ठेका पर आया तो उसने ताले पर चोट के निशान लगे हुए देखे और ठेका पर बाहर की तरफ लगे हुए सीसीटीवी कैमरे को नहीं पाया सेल्समेन द्वारा इसकी सूचना अडिंग पुलिस चौकी को दी वहीं सेल्स मैंने बताया कि अज्ञात चोरों द्वारा रात्रि को घटना को अंजाम दिया तब दुकान स्वामी के मकान का भी बाहर से कुंदा लगाकर बंद कर दिया गया था सेल्समेन द्वारा दी गई सूचना के पश्चात अडिंग चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने जाकर कैमरा को खगाला कैमरा खंगालने के बाद भी पुलिस को कोई ठोस सबूत हाथ नहीं लगा सवाल यह उठता है कि पुलिस चौकी की जीप रात्रि में अधिकतर मथुरा गोवर्धन मार्ग पर ही गश्त लगाती हुई नजर आती है।

# मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर भाव पूर्ण स्मरण

**अवधनामा संवाददाता**

■ रक्षा मंत्री रहते हुए अनेकों अनुकरणीय कार्य किए: प्रदीप चौधरी

**मथुरा।** राधा पुरम् स्टेट स्थित समाजवादी पार्टी मथुरा वृन्दावन महानगर कैम्प कार्यालय पर समाजवादी किसान आंदोलन के माध्यम से सदैव दलितों पिछड़ों व गरीबों-मजदूरों, किसानों की लड़ाई लड़ने वाले महान नेता, पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय रक्षामंत्री, धरतीपुत्र श्रद्धेय नेताजी मा. मुलायम सिंह यादव जी की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन महानगर अध्यक्ष श्रीमती रितु गोयल की अध्यक्षता में आउट की गई श्रद्धांजलि सभा में सर्वप्रथम समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर धरतीपुत्र मुलायम सिंह जी के किए गए संघर्ष एवं विचारधारा रीति नीति को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया इस मौके पर पूर्व चेयरमैन रामधन गुज्जर, अल्पसंख्यक सभा के महासचिव डा राजन रिजवी,श्रीमती रितु गोयल एवं एवं महानगर अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग वर्ग मथुरा वृंदावन रमेश सैनी ने संयुक्त रूप से 2024 में चुनावी रूपी यज्ञ में समाजवादी विचारधारा की अग्नि प्रज्वलित करने के लिए वोट रुपी आहुति देने, दिलवाले के लिए तैयार रहना होगा समस्त वक्ताओं ने माननीय मुलायम सिंह सपनों को साकार करने का संकल्प लिया संचालन अभिषेक यादव ने किया श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से शिवकुमार यादव, पूर्व जेल विजीटर मनोज गोयल गोयल, डॉ. राजन रिजवी, वल्लभ भाई कुशवाहा उपाध्यक्ष, देवकीनंदन कश्यप महानगर सचिव, ओमपाल सैनी बनवारी लाल सविता, रामदयाल सैनी सचिव, भगवती चतुर्वेदी, दाऊदयाल शर्मा, बलवीर सैनी, मनीष सैनी, मुस्तफा आलम, आजाद कुरेशी, रानू यादव, हरिओम सिंह, इमरान अली, नेत्रपाल, अतुल शर्मा, अंकित छोटू ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## मुलायम सिंह की प्रथम पुण्यतिथि मनाई

**ओरन(बांदा)।** मंगलवार को सुबह सपा कार्यालय में समाजवादी पार्टी के संस्थापक देश के पूर्व रक्षा मंत्री, उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पद्म विभूषण मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नेताजी की प्रथम पुण्यतिथि पर याद किया। इस मौके पर सपा कार्यकर्ताओं ने नेताजी के बताए रास्ते पर चलते हुए समाजवादी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में राजेश शिवहरे(पूर्व जिला पंचायत सदस्य), कल्लू लंबरदार रामू यादव, विनय, आदि मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा को लेकर एआरटीओ प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित के नेतृत्व में मथुरा महानगर की सड़कों पर जरूरत से अधिक ई-रिक्शा ई-रिक्शा को लेकर 5 सूत्रीय ज्ञापन एआरटीओ प्रशासन प्रदीप कुमार को सौंपा गया।

जरूरत से अधिक ई-रिक्शा हर महीने मथुरा की सड़कों पर बिक रहा है जिससे पूरा मथुरा जनपद जाम से



करार है सबसे अधिक वृंदावन, गोवर्धन के साथ मथुरा महानगर यहां पर पूर्ण रूप से नये ई रिक्शा पर पूर्ण रूप से लगाई जाए रोक। ई-रिक्शा को अधिकतर नाबालिक चला रहे हैं जिससे आए दिन हो रहे हैं सड़क हादसे इनको लेकर चलाया जाए व्यापक अभियान। ई-रिक्शा ड्राइवरों के साथ इनकी नेम प्लेट अनिवार्य रूप से की जानी चाहिए ,ई-रिक्शा का रूट वाह किराया निर्धारित किया जाना चाहिए जिससे आए दिन किराए को लेकर श्रद्धालुओं से होने वाली घटनाओं पर लगेगा अंकुश , ई रिक्शा के लिए रोड पर पार्किंग की व्यवस्था की जाए जिससे आए दिन लगने वाले जाम से लोगों को मिलेगा छुटकारा ! हम इस ज्ञापन के माध्यम से आपसे मांग करते हैं कि आप जनता की समस्या को मध्य नजर रखते हुए इस पर तुरंत आवश्यक कार्यवाही करेंगे ! ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश महासचिव अर्जुन पंडित ,प्रदेश सचिव सुरेश चंद गुप्ता, विपिन ओझा, रमन लाल वर्मा, मुन्नालाल आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए उनका उत्साह वर्धन करना आवश्यक: जिला जज



**हरदोई।** जिला विधिक सेवा प्राविधिक के तत्वाधान में 02 से 08 अक्टूबर तक राजकीय इण्टर कालेज हरदोई में स्वच्छता जागरूकता अभियान के दौरान चित्रकला, वाद-विवाद, संवाद आदि प्रतियोताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि के रूप में मा0 जिला जज राजकुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी तथा सचिव विधिक प्राधिकरण सुधाकर दुबे के साथ स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला जज ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाये सामने आती है और ऐसी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए इनका उत्साह वर्धन आवश्यक है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जीआईसी सहित अध्यापक एवं छात्र-छात्राये उपस्थित रहें।

### तहसील पहुंचे बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष



**हरदोई।** आज एक दिवसीय दौरे पर तहसील बिलग्राम पहुंचे उत्तर प्रदेश के बार काउंसिल के उपाध्यक्ष अनुराग पाण्डेय का अधिवक्ताओं ने स्वागत किया। तथा सभी अधिवक्ताओं से सभी समस्याओं को लेकर चर्चा की और अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के समाज में योगदान मे भूमिका पर चर्चा की और उन्होंने अधिवक्ता हित के लिए हमेशा अग्रणी रहने की भी बात कही। इस दौरान बिलग्राम तहसील के सभी पदाधिकारी और अधिवक्तागण मौजूद रहे।

### अधिकारियों ने माता ब्रह्माणी देवी मंदिर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायज़ा



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार एवं अन्य प्रशासनिक/पुलिस अधिकारियों द्वारा नवरात्रि, रामनवमी के त्योहार की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना बलरई क्षेत्र अंतर्गत स्थित माता ब्रह्माणी देवी मंदिर पर लगने वाले मेले की सुरक्षा व्यवस्था एवं मंदिर में श्रद्धालुओं की दर्शन व्यवस्था का जायजा लिया गया साथ ही संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### नहीं रहे जनपद इटावा के वरिष्ठ पत्रकार जुनैद तैमूरी



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** जनपद के वरिष्ठ पत्रकार पूर्व ब्यूरो चीफ अमर उजाला, छ्रु वर्तमान में पंजाब केसरी के थे ब्यूरो चीफ जुनैद तैमूरी मंगलवार की शाम को अलीगढ़ में इंतकाल हो गया। उक्त जानकारी छोटे भाई मसूद तैमूरी ने दी। मरहूम का दफीना अलीगढ़ में होगा या इटावा में इसकी जानकारी अभी नहीं हो सकी। अल्लाह तआला मरहूम की मग़फिरत फरमाऐ, मरहूम को जन्नतुल फिरदौस में आला मक़ाम अता फरमाऐ और घर वालों को सब्र अता करे।

# चार प्रचार-प्रसार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**अवधनामा संवाददाता**

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से फसल अवशेष प्रबन्धन हेतु धान उत्पादक विकास खण्डों के लिए 04 प्रचार-प्रसार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जिसमें धान की टन धान की फसल अवशेष जलाने से 3.0 कि.ग्रा. कणिका तत्व, 60 कि.ग्रा. कार्बन मोनो आक्साईड, 1460 कि.ग्रा. कार्बन डाई आक्साईड, 199 कि.ग्रा. राख एवं 2 कि.ग्रा. सल्फर डाई-आक्साइड अवमुक्त होता है। इन गैसों के कारण सामान्य वायु की गुणवत्ता में कमी आती है, जिससे आँखों में जलन एवं त्वचा रोग तथा सूक्ष्म कणों के कारण जीर्ण ह्रदय एवं फेफड़े की बीमारी के रुप में मानव स्वास्थ्य प्रभावित होता है। एक टन धान की




पराली जलाने से लगभग 5.5 कि.ग्रा. पोटेशियम आक्साइड, 1.2 कि.ग्रा. सल्फर, धान के द्वारा शोषित 50-70 प्रतिषत सूक्ष्म पोशक तत्व एवं 400 कि.ग्रा. कार्बन की क्षति होती है। पोशक तत्वों के नश्ट होने के अतिरिक्त मिट्टी के कुछ गुण जैसे भूमि तापमान, पी.एच. नमी उपलब्ध फास्फोरस एवं जैविक पदार्थ भी अत्यधिक प्रभावित होते है। साथ ही मृदा में उपलब्ध लाभदायक जीवाणु नश्ट हो जाते है तथा जीवांश कार्बन की भारी क्षति हो जाती है जिससे भूमि अनुपजाऊ हो जाती है। पराली प्रबन्ध के अन्तर्गत आप सुपर एस.एम.एम. लगे कम्बाइन हार्वेस्टर से ही धान की मड़ाई कराये। पराली से कम्पोस्ट खाद बनाने हेतु राजकीय बीज भण्डार पर निःशुल्क वेस्ट डिकम्पोजर प्राप्त कर सकते है या अपनी पराली को निकटतम गौशाला में भी भेज सकते है जिसकी ढुलाई का खर्च मनरेगा या वित्त आयोग से वहन होगा। व्यक्तिगत तौर पर दो ट्राली पराली गौशाला ले जाने पर एक ट्राली खाद गौषाला से प्राप्त कर सकते है। माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण की धारा 24 एवं 26 के अनुसार 02 एकड़ तक पराली जलाने पर रुपया 2500, 02 से 05 एकड़ क्षेत्र हेतु रुपया 5000 तथा 05 एकड़ से अधिक क्षेत्र की पराली जलाने पर रुपया 15000 का जुर्माना का प्राविधान की जानकारी कृशकों गॉव गॉव जाकर दी गई। उक्त अवसर पर उप कृषि निदेशक आर.एन.सिंह उपस्थित रहे।

## वृंदावन में स्मार्ट सिटी परियोजना के कार्यो में तेजी लाने के निर्देश

**मथुरा।** स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत कराये जा रहे विकास कार्यो की वृंदावन जोन में नगर निगम मथुरा वृंदावन नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा समीक्षा बैठक ली गई। उन्होंने परियोजना के अंर्तगत छटीकरा से लेकर वृंदावन तक 1300 मीटर स्मार्ट रोड, मल्टीलेबल पार्किंग, रंगजी से लेकर बड़ी बगीची तक स्मार्ट रोड का कार्य समयंतर्गत पूर्ण कराने हेतु संबंधित अधिकारी एवम कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित किया गया। परियोजना में आर्किटेक्ट मयंक गर्ग द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी।इसके उपरांत मुख्यमंत्री योगी के बुधवार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर आगमन को देखते हुए नगर आयुक्त ने रामलीला मैदान से महाविद्या कुंड का निरीक्षण किया गया।

# निर्विवादित प्रकरणों में आवेदन प्राप्त कर वरासत आदेश पारित करायें: जिलाधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि शासन द्वारा निर्विवाद उत्तराधिकार/ वरासत के प्रकरणों को अभियान चलाकर खतौनी में दर्ज कराने के निर्देश दिये गये थे। उन्होंने ने बताया कि उक्त निर्देश के क्रम में विस्तृत निर्देश निर्गत किये गये थे। उक्त के पश्चात् 30 मई 2023 से 31 जुलाई 2023 तक अभियान में निर्विवाद वरासत के 6143 प्रकरणों में वरासत का अंकन अधिकार अभिलेखों में कराया गया। उक्त के बावजूद निर्विवाद वरासत के काफी पुराने पुराने प्रकरण संज्ञान में प्रकाश में आ रहे हैं। उन्होंने समस्त लेखपालों, राजस्व निरीक्षकों एवं नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि वह अपने क्षेत्र के समस्त राजस्व ग्रामों में खतौनियों को ग्रामवासियों के मध्य पढ़कर मृतक कृषकों तथा उनके वारिसानों को चिन्हित करें तथा प्राप्त सभी निर्विवादित प्रकरणों में आवेदन प्राप्त कर वरासत आदेश पारित करायें तथा खतौनियों में वरासत का अंकन करायें। पूर्व में भी राजस्व परिषद द्वारा यह निर्देश दिये जा चुके हैं कि खतौनियों में मृतक कृषकों के वारिसानों का अंकन मृत्यु तिथि से 13 दिन के अन्दर सुनिश्चित कराकर मृतक के वारिसानों को नकल खतौनियाँ वितरित करायी जायें। उक्त के अतिरिक्त यह भी सुनिश्चित करें प्रत्येक माह के अन्त में सभी लेखपाल व राजस्व निरीक्षकों से संयुक्त रूप से लेखपाल क्षेत्रवार इस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त करें कि उनके लेखपाल क्षेत्र के अन्तर्गत राजस्व ग्रामों में निर्विवादित वरासत का कोई भी प्रकरण शेष नहीं है। उक्त प्रमाण पत्र को सम्बन्धित नायब तहसीलदार प्रतिहस्ताक्षरित करेंगे। प्रमाण पत्र पर सम्बन्धित लेखपाल, राजस्व निरीक्षक व नायब तहसीलदार नाम भी अंकित करेंगे। उक्त प्रमाण पत्र को तहसील कार्यालय (रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय) में डिजिटल व मैनुअल रूप से संरक्षित किया जायेगा। चूंकि निर्विवाद वरासत माननीय मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से आच्छादित है, जिसमें शीर्ष स्तर से सतत समीक्षा की जा रही है। अतः उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुये निर्विवाद वरासत के शत-प्रतिशत प्रकरणों को त्वरित गति से निस्तारित कराना सुनिश्चित करें।

# जनपदवासी प्रर्दशनी का अवलोकन कर योजनाओं का लाभ उठायें: सांसद

■ सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त होने से लोग लाभान्वित होगें: अजीत सिंह

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** जिला सूचना विभाग की ओर से भारत एवं प्रदेश सरकार का ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास तथा सबका प्रयास'' अभियान के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं के तहत प्रदेश में हो रहे विकास कार्यो, उद्योग स्थापना, रोजगार परक योजनाओं के साथ पात्र गरीबों को दी जाने वाली लाभप्रद योजनाओं पर 10 से 12 अक्टूबर 2023 तक तीन दिवसीय लगायी गयी भव्य प्रर्दशनी का उद्घाटन मा0 सासंद जय प्रकाश रावत ने नगर पालिका



परिषद अध्यक्ष श्री सुखसागर मिश्र तथा जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के साथ संयुक्त रूप से फीता काट करने के बाद प्रर्दशनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर सांसद ने लगाया गयी प्रर्दशनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रर्दशनी के जन पदवासियों के अलावा विभिन्न योजनाओं से लाभ प्राप्त करने वाले पात्र लोग भी देखें और योजनाओं का लाभ उठायें। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि शहीद उद्यान में प्रर्दशनी के आयोजन से अधिक से अधिक लोग सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेगें। जिलाधिकारी ने जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार से कहा कि प्रर्दशनी देखने आने वाले लोगों को योजनाओं की जानकारी देने हेतु एक व्यक्ति प्रर्दशनी प्रारम्भ होने से शाम समाप्ति तक लगायें। इसके उपरान्त भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह बब्बन ने भी आकाश सिंह, अमित वर्मा, प्रदीप पाठक तथा जितेन्द्र सिंह के साथ प्रर्दशनी का अवलोकन किया। प्रर्दशनी के संबंध में भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारत एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त होने से आमजनमानस लाभान्वित होगा।

## नरेंद्र चौधरी को राज्य शिक्षक सम्मान मिलने पर जताया हर्ष

**मथुरा।** लखनऊ के लोक भवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य शिक्षक पुरस्कार 2022 एवम चौधरी केहर सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट बड़ौत, बागपत से डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन सम्मान 2023 से सम्मानित होने पर मथुरा जनपद के शिक्षक नरेन्द्र चौधरी का स्थानीय शिक्षकों व शुभचिंतकों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। सुजीत वर्मा ने कहा कि नरेंद्र चौधरी ने जनपद का नाम रोशन किया है।उत्तर प्रदेश राज्य शिक्षक पुरस्कार मिलना हम सबके लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर मथुरा वृंदावन नगर निगम के पार्षद चौधरी राजवीर सिंह का भी पटुका पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर दाऊजी मन्दिर सेवायत शिवम पांडे, शैलेंद्र प्रताप सिंह, मन्नू पुजारी, भानू ,ऋषभ वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# नेताजी की प्रथम पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

■ हम इटावा वासियों को पहचान नेता जी ने दिलाई है: ज्योति गुप्ता

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** पद्म विभूषण, पूर्व रक्षा मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश आदरणीय नेताजी मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि मंगलवार को नगर पालिका कार्यालय में श्रद्धापूर्वक मनायी गयी, नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति गुप्ता सहित समस्त सभासदों, अधिकारियों एंव कर्मचारियों ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, इसके उपरांत एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें नेताजी के व्यक्तित्व एंव कृत्तित पर चर्चा हुई, नगरपालिका अध्यक्ष ने कहा कि हम इटावा वासियों को पहचान नेता जी



ने दिलाई है, इटावा के विकास की जो नींव उन्होंने रखी है उस को पूरा करनें के लिए हम लोगों को तन-मन धन से जुटना होगा। इस अवसर पर ईओ नगर पालिका विनय कुमार मणि त्रिपाठी, स्वच्छता अभियान के ब्रांड ऐंबैसडर आलोक दीक्षित, सभासद अरबिंद यादव, हाशिम कुरैशी, मंजेश यादव, केशव यादव, सचिन कठेरिया, प्रदीप सोनी, शिवम पाल, राहुल यादव, धीरेंद्र यादव, श्री पत वर्मा, अरूण यादव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कर्मचारी नेता राजीव यादव ने किया।

## दीनदयाल मेले के उद्घाटन के बाद योगी करेंगे श्रीकृष्ण जन्म भूमि पर दर्शन

**मथुरा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मथुरा आ रहे है, वह दीनदयाल धाम फरह मेले का उद्घाटन करने के अलावा श्रीकृष्णजन्म स्थान पर दर्शन करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री वृन्दावन और गोवर्धन में चलने वाली गोल्फ कार्टो (बैटरी कार) का लोकार्पण करेंगे। सरकारी प्रवक्ता के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आगरा से हैलीकॉप्टर द्वारा नगला चन्द्रभान फरह पूर्वान्ह 11.25 बजे आयेंगे। इसके पश्चात पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्म भूमि स्मारक भवन पर दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। 12 बजे व ग्रामोद्योग केन्द्र का भ्रमण उसके बाद मेला और प्रर्दशनी का उद्घाटन तथा विराट किसान संगोष्ठी का करेंगे। दोपहर 1 बजे जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की बैठक लेंगे।

# पवन सहरावत बने प्रो कबड्डी लीग इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी

सीजन 10 की नीलामी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। दो दिन तक चलने वाली खिलाड़ियों की नीलामी में पहले दिन ही पवन सहरावत ने रिकॉर्ड कायम कर दिया है।

प्रो कबड्डी लीग के सीजन 10 की नीलामी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। दो दिन तक चलने वाली खिलाड़ियों की नीलामी में पहले दिन ही पवन सहरावत ने रिकॉर्ड कायम कर दिया है। उन्हें 2 करोड़ 60 लाख रुपये में तेलुगू टाइटंस ने अपनी टीम में शामिल किया है। वहीं बता दें कि, पवन अभी तक पीकेएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं।

9 अक्टूबर को हुई खिलाड़ियों की नीलामी प्रक्रिया काफी रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुकी है। वहीं इस नीलामी में ईरानी खिलाड़ी मोहम्मदरेजा शादलूई 2.35 करोड़ रुपये में बिके और पवन सहरावत का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया। लेकिन इसके कुछ देर बाद ही पवन सहरावत एक बार फिर से पीकेएल के सबसे महंगे खिलाड़ी के तौर पर बिकने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें तेलुगू टाइटंस ने 2.60 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ लिया। इसके अलावा शादलूई को पुनेरी पलटन ने खरीदा है।



# दिल्ली में होगा गेंदबाजों का हाल बेहाल, बल्लेबाज मचाएंगे धमाल

**नई दिल्ली,एजेसी।** आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 के अपने दूसरे मुकाबले में बुधवार को टीम इंडिया की भिड़ंत अपगानिस्तान के साथ होगी। पहले मैच में रोहित की पलटन का प्रदर्शन लाजवाब रहा था। गेंदबाजी में स्पिनर्स ने कमाल किया था, तो बल्लेबाजी में विराट कोहली और केएल राहुल महफिल लूटने में सफल रहे थे। दूसरी ओर, टूर्नामेंट का आगाज हार के साथ करने वाली अफगानिस्तान की टीम भारत के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करना चाहेगी।

भारत और अफगानिस्तान के बीच मुकाबला दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। दिल्ली के इस मैदान पर जमकर चौके-छक्कों की बारिश होती है और रनों का अंबार लगता है। ग्राउंड छोटा होने के कारण गेंद को बाउंड्री लाइन के पार पहुंचाना काफी आसान काम रहता है। इसी मैदान पर साउथ अफ्रीका ने शनिवार की शाम को विश्व कप इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया था। साउथ अफ्रीका ने 428 रन जड़े थे, तो श्रीलंका भी 326 रन बनाने में सफल रही थी।

अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम ने अब तक कुल 29 वनडे मैचों की मेजबानी की है। इसमें से 14 में जीत पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम के हाथ लगी है। वहीं, इतने ही मैचों में मैदान चेज करने वाली टीम ने मारा है। यानी टॉस का इस मैदान पर कोई खास रोल एकदिवसीय क्रिकेट में रहा नहीं है।

दरअसल, भारत और अफगानिस्तान के बीच मुकाबला दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। इस मैदान पर जमकर रनों की बरसात होती है। दिल्ली का यह मैदान काफी छोटा भी है और स्पिनर्स को पिच से ज्यादा मदद भी नहीं मिलती है। ऐसे में रविचंद्रन अश्विन को मोहम्मद शमी के लिए जगह बनानी पड़ सकती है।



टीम इंडिया के युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच भी मिस करेंगे। बीसीसीआई ने सोमवार को गिल की हेल्थ पर अपडेट देते हुए बताया था कि वह अभी पूरी तरह से ठीक नहीं हैं। गिल भारतीय टीम के साथ दिल्ली भी नहीं आए हैं और चेन्नई में रहकर अपना इलाज करा रहे हैं। शुभमन गिल के फिट ना होने की वजह से ईशान किशन के पास अपनी काबिलियत साबित करने का एक और मौका होगा।

# भारत और पाकिस्तान मैच में सुरक्षा के होंगे कड़े इंतजाम

**सुरक्षा**

**11,000 से ज्यादा पुलिस कर्मियों को किया जाएगा तैनात**

**नई दिल्ली,एजेसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच 14 अक्टूबर को होने वाले हाई वोल्टेज मुकाबले में गुजरात पुलिस, एनएसजी, आरएएफ और होम गार्ड्स सहित विभिन्न एजेंसियों के 11,000 से ज्यादा कर्मियों को नरेंद्र मोदी स्टेडियम और अहमदाबाद में तैनात किया जाएगा। एक सीनियर अधिकारी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी।

अधिकारी ने कहा कि भारत बनाम पाकिस्तान मैच को लेकर मिली धमकियों के मद्देनजर उच्च-स्तर के सुरक्षा इंतजाम किए जाएंगे। अहमदाबाद पुलिस कमीशनर जीएस मलिक ने कहा कि भले ही अहमदाबाद ने पिछले 20 साल में क्रिकेट मैच के दौरान कोई सांप्रदायिक हिंसा नहीं देखी हो, लेकिन एहतियात के रूप में कई सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों को तैनात किया जाएगा।




***मुख्यमंत्री ने की समीक्षा बैठक***

गुजरात के मुख्यमंत्री भुपेंद्र पटेल ने सोमवार की सुबह गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी, राज्य डीजीपी विकास सहाय, जीएस मलिक और अन्य सीनियर पुलिस अधिकारियों के साथ गांधीनगर में बैठक करके पुलिस एक्शन प्लान की समीक्षा की ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि बिना किसी परेशानी के हाई प्रोफाइल स्पोर्ट्स इवेंट का आयोजन हो सके। मलिक ने शाम के समय प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि मुख्यमंत्री ने सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की और पुलिस को निर्देश दिए कि ऐसे कदम उठाएं ताकि मैच के दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं हो। मलिक ने बताया कि स्टेडियम में एक लाख से ज?यादा दर्शकों के आने की उम्मीद है, जिसको ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। पता हो कि एक अनजान व्यक्ति ने ई-मेल के जरिये धमकी दी थी।

***सुरक्षा के कड़े इंतजाम***

मलिक ने कहा, 7,000 से ज्यादा पुलिस कर्मियों के अलावा हम 4,000 होम गार्ड तैनात करेंगे ताकि मैदान सुरक्षित रखें। मैदान के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में कानून का पालन बरकरार रहे। इसके अलावा हम तीन हिट टीम और एनएससी की एंटी-ड्रोन टीम भी तैनात करेंगे। हमारी 9 बम पता करने वाली टीमें और डिस्पोजल स्क्वाड का भी उपयोग किया जाएगा।

मलिक ने कहा, राज्य रिजर्व पुलिस (एसआरपी) की 13 कंपनियों के अलावा, हम अपनी सुरक्षा व्यवस्था के हिस्से के रूप में रैपिड एक्शन फोर्स की तीन कंपनियों को तैनात करेंगे। आरएएफ शहर के सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील इलाकों पर नजर रखेगी। भगदड़ की स्थिति में लोगों की मदद के लिए हमने पहले ही निकासी योजना तैयार कर ली है और स्टेडियम में रिहर्सल भी चल रही है।

***ई-मेल भेजने वाले की धमकी***

उन्होंने कहा कि कोई केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल और न्यूक्लीयर आपातकालीन स्थिति में एसडीआरएफ और एनडीआरएफ को भी शहर में तैनात किया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक मुंबई पुलिस को एक ई-मेल मिला, जिसमें नहीं पहचाने गए इंसान ने प्रधानमंत्री को नुकसान पहुंचाने और साथ ही अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी स्टेडियम को उड़ाने की धमकी दी। ई-मेल भेजने वाले व?यक्ति ने 500 करोड़ रुपये की मांग की और गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को जेल से रिहा करने की मांग की।

मलिक ने कहा, हमने इस तरह की धमकी का पता किया और अपनी तैनाती की योजना उसी मुताबिक बनाई है। जब मैच में एक लाख से ज्यादा दर्शक आ रहे हो तो सुरक्षा के ज्यादा इंतजाम करना जरूरी है। हम इस बात का भी ध्यान रख रहे हैं कि यह संवेदनशील मैच होगा और इससे सांप्रदायिक चिंता हो सकती है। शहर की पुलिस किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

# कार्तिक कुमार और गत चैंपियन संजीवनी जाधव वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में भारत की चुनौती का नेतृत्व करेंगे

**लखनऊ।** एशियाई खेल 2023 में 10,000 मीटर रेस के रजत पदक विजेता कार्तिक कुमार और गत चैंपियन संजीवनी जाधव विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रोड रेस - वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के 18वें संस्करण में पुरुष और महिला वर्ग में भारतीय इलीट एथलीटों की अगुवाई करेंगे। यह इवेंट रविवार, 15 अक्टूबर 2023 को भारत की राजधानी में नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। 10,000 मीटर के बेहद सफल धावकों में से एक कार्तिक कुमार ने पिछले साल वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय (1:04:00) का रिकॉर्ड बनाया था। वह टीसीएस वर्ल्ड 10के 2022 (बेंगलुरु) में 30:06 मिनट के समय के साथ उपविजेता भी रहे थे। कार्तिक 1998 में गुलाब चंद के बाद एशियाई खेलों में 10,000 मीटर स्पर्धा में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने हैं। कार्तिक के हमवतन गुलवीर सिंह ने इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। एक बार फिर दिल्ली में दौड़ने के बारे में बात कार्तिक ने कहा, वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन का




हिस्सा बनना हमेशा रोमांचक होता है। माहौल बिल्कुल शानदार रहता है और मेरे अंदर से सर्वश्रेष्ठ को बाहर लाता है। एशियाई खेलों में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद मैं दिल्ली में अच्छे प्रदर्शन को लेकर बहुत आश्वस्त महसूस कर रहा हूं। उम्मीद है कि मैं इस साल दिल्ली में जीतने में सफल होऊंगा। कार्तिक को हालांकि ढाका हाफ मैराथन 2023 के विजेता अभिषेक पाल, टाटा मुंबई मैराथन 2023 हाफ मैराथन के चैंपियन मुरली कुमार गावित और राष्ट्रीय मैराथन चैंपियन श्रीनु बुगाथा से कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ सकता है। अनुभवी मैराथन धावक कालिदास हिरावे और दुर्गा बहादुर भी भारतीय इलीट पुरुष वर्ग में पोडियम पर जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए नजर आएंगे। इस बीच, मौजूदा चैंपियन संजीवनी जाधव भारतीय इलीट महिला वर्ग की अगुवाई करेंगी। उन्होंने वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के पिछले संस्करण में 77¬53 मिनट का समय दर्ज किया था और इसके हबाद टीएसके 25के 2022 रेस भी जीता था। इसके अलावा, जाधव ने 2017 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 5000 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था और 2022 में नेशनल फेडरेशन कप में 10,000 मीटर स्पर्धा में जीत हासिल की थी।

# नए पोस्टर में रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना ने किया लिप किस



बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर ने एनिमल का एक नया पोस्टर साझा किया, जिसमें रणबीर और रश्मिका मंदाना लिप किस करते हुए देखा जा सकता है। रहे हैं। खैर, संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी फिल्म का गाना हुआ मैं कल रिलीज होगा।

बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर ने एनिमल का एक नया पोस्टर साझा किया, जिसमें रणबीर और रश्मिका मंदाना लिप किस करते हुए देखा जा सकता है। रहे हैं। खैर, संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी फिल्म का गाना हुआ मैं कल रिलीज होगा। यह फ़िल्म 11 अगस्त, 2023 को रिलीज़ होने वाली थी, लेकिन इसे 1 दिसंबर, 2023 तक बढ़ा दिया गया।

रश्मिका मंदाना ने पहले फिल्म के गाने के बारे में एक संकेत दिया था, और अब यह पुष्टि हो गई है कि संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित एनिमल का पहला गाना आने वाला है। इससे पहले एक नया पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें रणबीर कपूर और रश्मिका का चुंबन दिखाया गया है। फिल्म में अनिल कपूर, रश्मिका, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी सहित कई स्टार कलाकार हैं। इसके टीज़र का सितंबर में अनावरण किया गया था, जिसने इस एक्शन से भरपूर थ्रिलर को लेकर उत्साह को और बढ़ा दिया है।

गीतांजलि का किरदार निभाने वाली रश्मिका संकेत देती हैं कि उनके किरदार और रणबीर के बीच रोमांटिक संबंध के संकेत हैं। नए पोस्टर में दोनों कलाकार एक विमान के कॉकपिट में बर्फ से ढके पहाड़ों के ऊपर उड़ान भरते हुए एक-दूसरे को चूमते नजर आ रहे हैं। पोस्टर के साथ, अनिल कपूर ने फिल्म के पहले गाने की रिलीज की घोषणा की, जिसका नाम हुआ मैं है। दिलचस्प बात यह है कि गाने के विभिन्न भाषाओं में अलग-अलग शीर्षक हैं, जिनमें तेलुगु में अम्मायी, तमिल में नी वादी, मलयालम में पेन्नाले और कन्नड़ में ओह भाले शामिल हैं। यह गाना 11 अक्टूबर को रिलीज होने वाला है।

इससे पहले दिन में, रश्मिका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक गुप्त संकेत साझा किया, जिसने प्रशंसकों की उत्सुकता बढ़ा दी है। उन्होंने म्यूजिकल नोट्स के साथ एक दिल वाला इमोजी पोस्ट किया, इसके बाद डांसिंग और पार्टी इमोजी पोस्ट किए, जिससे पता चलता है कि फिल्म का एक नया गाना जल्द ही रिलीज हो सकता है। रणबीर कपूर के जन्मदिन पर जारी किया गया टीज़र एक गहन, रोमांचकारी और एक्शन से भरपूर फिल्म का वादा करता है। एनिमल एक डार्क और मनोरंजक कहानी प्रतीत होती है जो एक उच्च जोखिम वाले अंडरवर्ल्ड सेटिंग के भीतर पारिवारिक रिश्तों की जटिलताओं का पता लगाती है, जो दर्शकों के लिए एक सम्मोहक सिनेमाई अनुभव का वादा करती है।

झलक के आधार पर ऐसा लग रहा है कि रणबीर एक दुर्जेय और निर्दयी गैंगस्टर का किरदार निभा रहे हैं। उन्हें पुरुषों के खिलाफ एक-व्यक्ति की लड़ाई में शामिल होते देखा जाता है। फिल्म क्रूर अंडरवर्ल्ड की पृष्ठभूमि पर आधारित पिता-पुत्र के उथल-पुथल भरे रिश्ते पर आधारित है, जहां अत्यधिक हिंसा नायक को मनोरोगी बनने की ओर धकेलती है। टीज़र में फिल्म की दिलचस्प कहानी की झलक मिलती है। इसकी शुरुआत रश्मिका मंदाना और रणबीर के बीच बातचीत से होती है, जिसमें बच्चे पैदा करने की संभावना पर चर्चा होती है। जो बाद में रणबीर के किरदार और अनिल कपूर द्वारा निभाए गए उसके आक्रामक पिता के जटिल संबंधों की एक झलक प्रदान करता है। रणबीर का किरदार रश्मिका को उससे कुछ भी पूछने का मौका देता है, इस वादे के साथ कि वह कभी भी उसके पिता के बारे में नहीं बोल सकती। यह एक्शन, रक्तपात, तीव्र कार पीछा और रणबीर के दुर्जेय प्रतिद्वंद्वी के रूप में बॉबी देओल से भरी कहानी के लिए मंच तैयार करता है।

# इन गायिकाओं के हाथों में है भोजपुरी सिनेमा जगत की कमान

भोजपुरी फिल्मों के साथ-साथ भोजपुरी गानों की भी लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। भोजपुरी गाना रिलीज होते ही दर्शकों की जुबान पर चढ़ जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इन गानों को आवाज देने वाली गायिका कौन हैं। भोजपुरी सिनेमा और गानों को सफल बनाने में प्लेबैक सिंगर का बड़ा योगदान होता है। आज हम आपको उन पांच गायिकाओं से रूबरू करवाने जा रहे हैं, जिनके बिना भोजपुरी सिनेमा अधूरा है।

***शारदा सिन्हा***

इस लिस्ट में सबसे पहला नाम शारदा सिन्हा का है। जब भी भोजपुरी सिनेमा की सर्वश्रेष्ठ गायिकाओं का नाम लिया जाता है तो गायिका शारदा सिन्हा को सबसे पहले याद किया जाता है। भोजपुरी सिनेमा में कई गानों और गीतों को शारदा सिन्हा ने अपनी आवाज दीं। शारदा सिन्हा को उनके सुपरहिट गानों के लिए पद्मश्री पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। शारदा को सबसे ज्यादा उनके द्वारा गाए हुए छठ गीतों के लिए याद किया जाता है। आज भी छठ महापर्व पर करोड़ों लोग शारदा सिन्हा के छठ गीतों को सुनते हैं। छठ गीत पहले पहिल छठ मईया शारदा के लोकप्रिय गीतों में से एक है। शारदा के छठ गीतों के बिना महापर्व अधूरा माना जाता है।

***शिल्पी राज***

इस लिस्ट में अगला नाम शिल्पी राज का आता है। शिल्पी इन दिनों भोजपुरी इंडस्ट्री पर राज करती हैं। शिल्पी द्वारा गाए हुए गाने तुरंत वायरल हो जाते हैं। भोजपुरी जगत की अभिनेत्रियां भी शिल्पी राज के गानों पर अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरना पसंद करती हैं। कई सुपरहिट गानों को शिल्पी राज ने अपनी आवाज दी है, जिन्हें करोड़ों व्यूज मिले हैं।

***अंतरा सिंह प्रियंका***

अंतरा सिंह प्रियंका का भी नाम इस लिस्ट में शुमार है। अंतरा सिंह प्रियंका ने भी अपनी गायकी से भोजपुरी सिनेमा जगत में एक अलग पहचान बनाई है। अपने फिल्मी सफर में अंतरा सिंह ने कई सुपरहिट गाने गाए हैं। सोना के सिकड़ीया अंतरा के टॉप गानों की लिस्ट में शामिल है।



***इंदु सोनाली***


भोजपुरी सिनेमा जगत में इन दिनों इंदु सोनाली का नाम भी गायकी की दुनिया में छाया हुआ है। भोजपुरी अभिनेत्री आम्रपाली दुबे से लेकर मोनालिसा तक के लिए इंदू सोनाली ने कई सुपरहिट गाने गाए हैं। साथ ही, इंदू सोनाली ने भोजपुरी सुपरस्टार व गायक पवन सिंह और खेसारी लाल यादव के साथ मिलकर भी कई गानों को आवाज दी है।

***मालिनी अवस्थी***


मालिनी अवस्थी भोजपुरी सिनेमा की बेहतरीन गायिकाओं में से एक हैं। मालिनी ने भोजपुरी सिनेमा को एक से बढ़कर एक सुपरहिट गाने दिए हैं। मालिनी द्वारा गाए हुए गानों पर भोजपुरी की कई अभिनेत्रियों ने अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरा है। सुरीली आवाज के लिए मालिनी अवस्थी को पद्मश्री पुरस्कार से भी नवाजा गया है। अवध के रंग से लेकर बरसन लागी बदरिया जैसे कई सुपरहिट गानों को मालिनी अवस्थी ने अपने सुरों में पिरोया है।

# भोजपुरी सिनेमा इन अभिनेत्रियों का टीवी से है गहरा नाता

## इंडस्ट्री को छोड़ छोटे पर्दे पर आजमाई किस्मत









बॉलीवुड के बाद टीवी जगत ही दर्शकों के बीच सबसे ज्यादा सुर्खियां बरोरता है। टीवी के कलाकारों का उनके फैंस से बेहद गहरा रिश्ता होता है क्योंकि यह कलाकार हर रोज अपने फैंस का स्क्रीन पर मनोरंजन करते हैं। ऐसे में टीवी की कई हसीनाएं ऐसी हैं, जिन्होंने अपने करियर की शुरुआत में साउथ की फिल्मों में हाथ आजमाया था, लेकिन आज हम आपको उन टीवी हसीनाओं से रूबरू करवाएंगे, जिनका नाता भोजपुरी सिनेमा से है। इन अभिनेत्रियों ने भोजपुरी सिनेमा में भी अपनी किस्मत आजमाई है।

***रश्मि देसाई***

उतरन और बिग बॉस फेम रश्मि देसाई ने अपनी करियर की शुरुआत भोजपुरी सिनेमा से की थी। रश्मि को गब्बर सिंह से लेकर बलमा बड़ा नादान जैसी भोजपुरी फिल्मों में देखा गया है, लेकिन अभिनेत्री को उतरन की तपस्या बनकर ही लोकप्रियता हासिल हुई थी।

***छवि पांडे***

सीरियल अनुपमा से दर्शकों के बीच अपनी पहचान बनाने वाली छवि पांडे ने भी अपने करियर की शुरुआत भोजपुरी सिनेमा से ही की थी। उन्होंने निरहुआ के साथ फिल्म बिदेसिया और राउडी पुलिस फिल्म में काम किया है।

***मोनालिसा***

भोजपुरी सिनेमा में अपने अभिनय का लोहा मनवाने वाली मोनालिसा भी टीवी जगत का हिस्सा रह चुकी हैं। मोनालिसा ने अब अपना सारा ध्यान टीवी शो पर ही केंद्रित किया हुआ है। बता दें कि मोनालिसा नजर और बेकाबू जैसे सीरियल्स में नजर आ चुकी हैं।

***श्वेता तिवारी***

सीरियल कसौटी जिंदगी की से दर्शकों के बीच जबरदस्त पहचान बनाने वाली श्वेता तिवारी भी भोजपुरी फिल्मों का हिस्सा रह चुकी हैं। उन्होंने हमार सैंया हिंदुस्तानी और ऐ भौजी के सिस्टर जैसी फिल्मों में काम किया है।

# टीएमसी का यह धरना नहीं धंधा है: नेता सुकांत मजूमदार

**विरोध**

**मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य वरिष्ठ नेताओं की सलाह के अनुसार हम विरोध वापस ले रहे हैं।**



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के आश्वासन के बाद तृणमूल कांग्रेस ने राजभवन के सामने से अपने धरने को वापस ले लिया। इसपर बंगाल के बीजेपी अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने मंगलवार (10 अक्टूबर) को तंज कसते हुए कहा कि टीएमसी का यह धरना नहीं बल्कि धंधा है। मजूमदार ने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा, यह एक धंधा था, न कि धरना। अब क्योंकि घरना खत्म कर लिया गया है, तो धंधा भी बंद कर दिया जाएगा। बंगाल के लोग यह जानते हैं कि यह विरोध सिर्फ प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई जांच से ध्यान भटकाने के लिए था। बता दें कि तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के लिए मनरेगा और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए धन आवंटन पर केंद्र सरकार के खिलाफ अपना विरोध वापस ले लिया। बनर्जी ने कहा, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने 24 घंटे में हमारे सवालों का जवाब देने का वादा किया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य वरिष्ठ नेताओं की सलाह के अनुसार हम विरोध वापस ले रहे हैं। वहीं, कोलकाता के मेयर और पश्चिम बंगाल के मंत्री फिरहाद हकीम ने आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है।

इस आरोप पर मजूमदार ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लोगों ने मंत्री को कैमरे के सामने रिश्वत लेते देखा है। उन्होंने कहा, फिरहाद हकीम से पूछें कि बीजेपी उनसे क्या मांग कर रही है। पश्चिम बंगाल के लोगों ने उन्हें कैमरे के सामने रिश्वत लेते देखा है। वह जेल भी जा चुके हैं। सीबीआई ने पश्चिम बंगाल में नागरिक निकायों द्वारा की गई भर्तियों में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में कोलकाता में फिरहाद हकीम के घर की तलाशी ली है। अधिकारियों ने कहा कि केंद्रीय एजेंसी ने नगर निकायों की भर्ती में कथित अनियमितताओं से संबंधित एक केस में राज्य में लगभग 12 स्थानों पर तलाशी ली।

# सरकार की उदार आयात नीति किसानों के लिए बन गई चिंता



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी उदार आयात नीति देश में किसानों के लिए भारी संकट पैदा कर रही है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मध्य प्रदेश और राजस्थान में किसानों द्वारा सोयाबीन न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम कीमत पर बेचा जा रहा है और कई राज्यों में उन्हें दूध के भी अच्छे दाम नहीं मिल रहे हैं।

जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मोदी सरकार की उदार आयात नीति विभिन्न राज्यों में किसानों के लिए भारी संकट पैदा कर रही है। राजस्थान और मध्य प्रदेश में सोयाबीन एमएसपी से कम में बेचा जा रहा है, क्योंकि सस्ते आयात की अनुमति दी गई है। मोदी सरकार की उदार आयात नीति विभिन्न राज्यों में किसानों के लिए भारी संकट का कारण बन रही है। राजस्थान और मध्यप्रदेश में सोयाबीन स्व्स्क्र से नीचे बिक रहा है, क्योंकि सस्ते आयात की इजाज़त दी गई है। इन राज्यों में और अन्य राज्यों में भी सस्ते पाम ऑयल के आयात के कारण दूध की क़ीमतें कम हो रमेश ने कहा, इन राज्यों और अन्य राज्यों में भी सस्ते पाम तेल के आयात के कारण दूध की कीमतें गिर रही हैं, जिससे सस्ते शुद्ध घी में वनस्पति वसा की मिलावट को बढ़ावा मिल रहा है। दूध की कम कीमतों के कारण किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। मालूम हो कि मध्य प्रदेश और राजस्थान दोनों में अगले महीने चुनाव होने वाले हैं। चुनाव आयोग ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा की है कि राजस्थान में 23 नवंबर को और मध्य प्रदेश की 230 सीटों के लिए 17 नवंबर को चुनाव आयोजित किए जाएंगे।

# भारी बारिश के बाद बेंगलुरु में हुआ जलजमाव, कई किलोमीटर तक लंबा जाम

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी में कल हुई भारी बारिश के बाद मंगलवार को बेंगलुरु के कुछ हिस्सों में जलजमाव देखा गया है। वहीं, बेंगलुरु के बेलंदूर इलाके में भारी बारिश के कारण सड़कों पर गंभीर जलभराव हो गया है, जिसके कारण लगभग तीन किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया है।

इसके अलावा, शेषाद्रीपुरम के मान्यता टेक पार्क में भी जलभराव देखा गया। इस संबंध में बेंगलुरु ट्रैफिक पुलिस ने एक एडवाइजरी जारी की है और कहा है कि वह स्थिति को सुलझाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। एचएएल एयरपोर्ट ट्रैफिक पुलिस बीटीपी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, ÷बेलंडुरु कोडी के पास जलभराव के कारण वाहन और यात्री पानी के बीच फंस गए थे। एक ट्रैक्टर की सहायता से, हमारे इंस्पेक्टर और टीम ने सभी यात्रियों और पैदल यात्रियों को सफलतापूर्वक बचाया। यात्रियों को इस मार्ग से बचने की सलाह देते हुए ट्रैफिक पुलिस ने कहा, अभी भी यह मार्ग यात्रियों के लिए उपयोग करने की स्थिति में नहीं है, इसलिए कृपया इस मार्ग से बचें और विकल्प के रूप में आउटर रिंग रोड का उपयोग



करें। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि तटीय कर्नाटक और दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में कुछ स्थानों पर बारिश हुई, जबकि उत्तरी आंतरिक कर्नाटक में मौसम में नमी बनी रही। आईएमडी ने कहा, ÷सोमवारपेट (कोडागु जिला) में 9 सेमी बारिश; सीआर पटना (हसन जिला) में 8 सेमी बारिश; तुमकुरु, होसकोटे (बेंगलुरु ग्रामीण जिले) में 7 सेमी बारिश हुई है। आईएमडी ने भविष्यवाणी की है कि अगले 24 घंटों में बेंगलुरु के कुछ इलाकों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने अपने बयान में कहा, अगले 48 घंटों तक आसमान में बादल छाए रहेंगे। कभी-कभी शाम या रात में गरज के साथ हल्की से भारी बारिश होने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 29 और 21 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

# चुनावी बांड योजना को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पार्टियों की राजनीतिक फंडिंग के लिए चुनावी बांड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई के लिए मंगलवार को 31 अक्टूबर की तारीख तय की। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वकील प्रशांत भूषण की दलीलों पर ध्यान दिया कि 2024 के आम चुनावों के लिए चुनावी बांड योजना शुरू होने से पहले मामले पर फैसले की जरूरत है। गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से पेश प्रशांत भूषण ने कहा कि चुनावी बांड के माध्यम से गुमनाम फंडिंग से भ्रष्टाचार बढ़ता है और भ्रष्टाचार मुक्त राष्ट्र पाने के नागरिकों के अधिकार का उल्लंघन होता है। उन्होंने आगे कहा यह अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है और मामले में निर्णय न लेना समस्या को बढ़ा रहा है।पीठ ने कहा, हम यहां हैं और अभी इसकी सुनवाई कर रहे हैं। चुनावी बांड योजना पर कुछ प्रारंभिक प्रस्तुतियां सुनने के बाद, पीठ ने 31 अक्टूबर को अंतिम सुनवाई के लिए चार याचिकाएं रखीं और कहा कि यदि कार्यवाही आगे बढ़ती है तो वह 1 नवंबर को उन पर सुनवाई जारी रख सकते हैं। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने कहा था कि वह इस पर विचार कर सकती है कि क्या पार्टियों की राजनीतिक फंडिंग के लिए चुनावी बांड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को आधिकारिक फैसले के लिए संवैधानिक पीठ को भेजा जा सकता है। जनहित याचिका याचिकाकर्ताओं में से एक ने मार्च में कहा था कि चुनावी बांड के माध्यम से अब तक राजनीतिक दलों को 12,000 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है और दो-तिहाई राशि एक प्रमुख राजनीतिक दल को गई है।

# हीरो मोटोकार्प के सीईओ पवन मुंजाल के खिलाफ मुकदमा

**अधिकारी**

**एफआईआर में किसी भी अधिकारी का नाम नहीं लिया गया है।**



**नई दिल्ली।** वसंत कुंज नार्थ थाना पुलिस ने हीरो मोटोकार्प के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पवन मुंजाल सहित अन्य के विरुद्ध जालसाजी, धोखाधड़ी और पांच करोड़ रुपये से अधिक के झूठे बिल बनाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। ब्रेंस लाजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के रूप दर्शन पांडेय ने दर्ज कराई शिकायत में हीरो मोटोकार्प लिमिटेड (एचएमसीएल), पवन मुंजाल, विक्रम सीताराम, हरि प्रकाश गुप्ता व डेलाइट हैस्किन्स एंड सेल्स लिमिटेड में पार्टनर मंजुला बनर्जी को आरोपित बनाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2009-10 के 5.94 करोड़ रुपये के फर्जी मासिक बिल बनाए और उन पर 'हीरो मोटोकार्प लिमिटेड' की मुहर लगी है। आरोप है कि एचएमसीएल ने शिकायतकर्ता कंपनी के खिलाफ अपने खातों में 5.94 लाख रुपये का गलत डेबिट बैलेंस बनाया और फर्जी बिलों के खिलाफ 55.51 लाख रुपये का गलत सीईएनवीएटी (सेवा कर) क्रेडिट प्राप्त किया है और आयकर विभाग को धोखा दिया। ब्रेंस लाजिस्टिक्स ने 2009-10 में ये बिल कभी जमा नहीं किए थे।

हीरो मोटोकार्प ने भी दर्ज कराया था मामला हीरो मोटोकार्प ने कहा कि यह वर्ष 2009-10 से असंतुष्ट सेवा प्रदाता ब्रेंस लाजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित एक पुराना मामला है। ध्यान देने की बात है कि शिकायतकर्ता ने शिकायत में कंपनी के अधिकारियों का उल्लेख किया है, लेकिन एफआईआर में किसी भी अधिकारी का नाम नहीं लिया गया है। वर्ष 2013 में हीरो मोटोकार्प ने भी उनके खिलाफ मामला दर्ज कराया था, जो सक्षम अदालत में चल रहा है।

# विजयनगर में तीन वाहनों के बीच जोरदार भिड़ंत, सात लोगों की मौत

**विजयनगर।** कर्नाटक के विजयनगर जिले में सोमवार को एक ट्रक और एक यात्री वाहन की टक्कर में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और तीन गंभीर रूप से घायल हो गए।

मृतक होसपेट के रहने वाले हैं और वे हरपनहल्ली शहर के पास कूलाहल्ली में गोनी बसवेश?वर मंदिर में दर्शन करने गए थे। उनकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। घायलों को होसपेट के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।सूत्रों ने बताया कि मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

विजयनगर के एसपी श्रीहरि बाबू के मुताबिक, मृतकों की पहचान होसपेट सिटी निवासी उमा, केंचव्वा, भाग्य, अनिला, गोनी बसप्पा, भीमलिंगप्पा और बालाका युवराज के रूप में हुई है।

# सिक्किम के उत्तरी क्षेत्र में सेना ने तेज किया बचाव कार्य, फंसे पर्यटकों को सुरक्षित निकाला

**गंगटोक।** उत्तरी सिक्किम के लाचेन और लाचुंग में फंसे पर्यटकों को निकालने का काम सशस्त्र बलों ने मंगलवार को दूसरे दिन मौसम साफ रहने के साथ फिर से शुरू कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।अधिकारियों ने कहा कि हेलीकॉप्टर सबसे ज्यादा प्रभावित मंगन जिले के लाचुंग और लाचेन कस्बों में फंसे पर्यटकों को हवाई मार्ग से निकालने के लिए और उड़ानें भरेंगे। लाचुंग और लाचेन से लगभग 95 फंसे हुए लोगों को हेलिकॉप्टर से लाया गया। लाचुंग के पहले समूह में 17 पर्यटक और लाचुंग गांव के दो स्थानीय लोग शामिल थे। हेलिकॉप्टरों ने सुबह क्षेत्र के लिए दो उड़ानें भरीं। लाचुंग से लोगों को गंगटोक के पास पाकयोंग हवाई अड्डे पर लाया जा रहा था। दो बच्चों सहित 76 फंसे हुए लोगों के पहले बैच को तीन उड़ानों में हेलीकॉप्टरों द्वारा लाचेन से निकाला गया था। उन्हें मंगन के रिंगिम हेलीपैड में लाया गया। मंगन के जिला मजिस्ट्रेट हेम कुमार छेत्री ने कहा कि भारतीय वायुसेना ने वर्तमान में तीन हेलीकॉप्टरों को कार्रवाई में लगाया है, जिनमें से दो हेलीकॉप्टर लाचेन और एक लाचुंग के लिए उड़ान भर रहे हैं। छेत्री ने कहा कि फिलहाल पर्यटकों और बीमार लोगों को निकालना जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पर्यटकों को सिलीगुड़ी और गंगटोक की यात्रा में मदद के लिए एसएनटी बसों की व्यवस्था की है। वहीं सोमवार को लाचेन और लाचुंग से 360 से अधिक पर्यटकों को निकाला गया।

डीएम ने कहा कि अब तक कुल 700 से अधिक लोगों को बाढ़ प्रभावित इलाकों से निकाला गया है और सुरक्षित लाया गया है, इन लोगों में पर्यटक, स्थानीय लोग और मजदूर शामिल हैं जो चुंगथांग जैसे क्षेत्रों में फंस गए थे जहां निकासी के लिए आपातकालीन स्थिति के लिए एक बेली ब्रिज बनाया गया था।

# इजरायल के समर्थन में आया अमेरिका, फ्रांस और जर्मनी, ब्रिटेन के पीएम सुनक ने की हमास की निंदा

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इजरायल में जारी संघर्ष पर चर्चा के लिए अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी और इटली के नेताओं से बात की है। इसके कुछ समय बाद सुनक उत्तरी लंदन के एक यहूदी उपासनागृह में आयोजित प्रार्थना में शामिल हुए और देश के यहूदी समुदाय को आश्वस्त किया कि वह उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।

सुनक ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ अपने संयुक्त बयान में इजराइल के लिए दृढ़ता और एकजुटता के साथ समर्थन व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने आतंकवाद के भयावह कृत्यों के लिए हमास की निंदा भी की।

अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली के नेताओं ने संयुक्त बयान में कहा कि हम स्पष्ट करते हैं कि हमास की आतंकवादी कार्रवाइयों का कोई औचित्य नहीं है और इसकी सार्वजनिक रूप से निंदा की जानी चाहिए। बयान में कहा गया कि हमारे देश इस तरह के अत्याचारों के खिलाफ अपनी और अपने लोगों की रक्षा करने के प्रयासों में इजरायल का समर्थन करेंगे।

हम इस बात पर भी जोर देते हैं कि इजराइल के प्रति शत्रुता का भाव रखने वाले किसी भी संगठन



के लिए यह समय इन हमलों का लाभ उठाने का नहीं है।

## हमास का खुलकर साथ दे रहा ईरान?

**तेल अवीव।** हमास और ईरान एकजुट हैं। वो हमास को हथियार मुहैया करा रहे हैं अमेरिका ने यह दावा करते हुए ईरान को चेतावनी दी है कि वो इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध से दूरी बनाए रखे। ईरान ने खुलकर आतंकी संगठन हमास का समर्थन किया है। हालांकि, उसने ये भी कहा है कि वो इजरायल के खिलाफ युद्ध में हमास की मदद नहीं कर रहा है। शनिवार को ईरान के विदेश मंत्रालय ने हमास के हमले का समर्थन करते हुए इसे फलस्तीन के लोगों की सेल्फ-डिफेन्स (आत्मरक्षा के लिए लड़ने का अधिकार) की कोशिश बताया है। ईरान के मुताबिक, हमास की यह कार्रवाई जिहाद की अभिव्यक्ति है। इतना ही नहीं ईरान ने इस्लामिक देशों से अपील की कि वो फलस्तीनी लोगों के अधिकारों का समर्थन करें।

# ब्रिटेन में एक महिला के अपहरण के आरोप में भारतीय मूल के तीन लोगों को हुई जेल

**लंदन।** ब्रिटेन के लीसेस्टर शहर में पिछले साल एक महिला को अपनी कार में बैठने के लिए मजबूर करने वाले भारतीय मूल के तीन लोगों को 10-10 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। इस मामले में सभी आरोपियों की पहचान इस प्रकार है- अजय डोप्पलापुडी (27), वहार मनचला (24) और राणा येल्लामबाई (30) को 6 अक्टूबर को लीसेस्टर क्राउन कोर्ट में सजा सुनाई गई थी। इन्हें 11 सितंबर में महिला के अपहरण का दोषी पाया गया था। लीसेस्टरशायर पुलिस ने कहा कि वह यह सोचकर उनकी कार में बैठ गई कि यह एक टैक्सी है। अपहरण का दोषी पाए जाने पर तीन भारतीय मूल के लोगों को कुल 30 साल की कैद की सजा सुनाई गई है। पुलिस ने कहा कि बिना किसी संदेह के इस मामले में शामिल तीन लोग आरोपी थे।

# आम लोगों को बनाया जा रहा निशाना, बिजली-पानी की भी किल्लत, गाजा पट्टी में फंसी कश्मीरी महिला का छलका दर्द

**यरुशलम।** इजरायल और हमास आतंकियों के बीच जंग जारी है। इस दौरान गाजा में कई भारतीय भी फंस गए हैं जो अब वहां से निकालने की गुहार लगा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर की रहने वाली लुबना नजीर शब्बू भी गाजा पट्टी में फंस गई हैं। उन्होंने कहा कि गाजा में आम नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है। बिजली-पानी की आपूर्ति भी बाधित हो गई है। गाजा में हमास के ठिकानों को निशाना बनाकर इजरायल द्वारा लगातार की जा रही बमबारी के बीच वहां रह रहे भारतीयों को अपनी जान का डर सता रहा है। गाजा में अपने परिवार के साथ रह रही एक भारतीय महिला ने मंगलवार को युद्धग्रस्त हमास शासित इलाके से तत्काल सुरक्षित निकासी की मांग की।

**बमबारी**

**गाजा में हमास के ठिकानों को निशाना बनाकर इजरायल द्वारा लगातार की जा रही बमबारी के बीच वहां रह रहे भारतीयों को अपनी जान का डर सता रहा है।**

**हम संघर्ष की कीमत चुका रहे हैं**

गाजा में रह रहीं भारतीय लुबना नजीर शब्बू ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को फोन पर बताया कि हम यहां एक भीषण युद्ध में फंसे हैं। यहां कुछ ही सेकेंड में बमबारी में सब कुछ नष्ट हो जा रहा है। हम इस संघर्ष की कीमत चुका रहे हैं, क्योंकि आम नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है।



**बमबारी की आवाजें बहुत डरावनी होती हैं**

लुबना नजीर शब्बू मूल रूप से जम्मू-कश्मीर की रहने वाली हैं। उन्होंने कहा कि बमबारी की आवाजें बहुत डरावनी होती हैं और पूरा घर हिल जाता है। यह बहुत ही भयावह स्थिति है।

गाजा में अपने पति नेडाल टोमन और सबसे छोटी बेटी करीमा के साथ रह रहीं लुबना ने कहा कि बिजली और पानी की आपूर्ति काट दी गई है। उनके दो बच्चे मिस्र की राजधानी काहिरा में पढ़ाई करते हैं।

**हर तरफ से बंद है गाजा पट्टी**

लुबना ने कहा कि हम कहीं भी नहीं जा पा रहे हैं, क्योंकि हमारे लिए कहीं भी कोई सुरक्षित जगह नहीं है। गाजा पट्टी बहुत छोटी है और हर तरफ से बंद है। यहां से निकलने का कोई रास्ता नहीं है।

# गाजा में इजरायली सेना का तांडव, जहां जा रहे फलस्तीनी, वहां कर रही हमला

**गाजा सिटी।** इजरायल और हमास आतंकियों के बीच जंग जारी है। इजरायली सेना हमास का समूल नाश करना चाहती है। वह चुन-चुनकर आतंकियों पर हमला कर रही है। वहीं, गाजा पट्टी में स्थिति बद से बदतर हो गई है। एक लाख 80 हजार से अधिक फलस्तीनियों को संयुक्त राष्ट्र आश्रयों में रखा गया है। इजरायल की सेना गाजा में लगातार बमबारी कर रही है। फलस्तीनी हमलों से बचने के लिए लोग एक जगह से दूसरी जगह जा रहे हैं, लेकिन वे कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। हर जगह पर इजरायली सेना हमला कर रही है। इजरायल के हमलों से बचने के लिए जो आश्रय स्थल बनाए गए हैं, उनकी भी स्थिति बेहद खराब है। गाजा में फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी द्वारा संचालित स्कूलों में आश्रय बनाए गए हैं, लेकिन अब यहां भी पानी और भोजन खत्म हो गया है।

# रितेश मलिक ने भारत-कनाडा विवाद पर व्यक्त की चिंता

**भविष्य**

**मलिक ने आगाह किया कि अल्पकालिक लाभ के लिए राजनीतिक तुष्टीकरण कनाडा के भविष्य के हित में नहीं है।**



**टोरंटो।** भारत-कनाडाई समुदाय के एक प्रमुख सदस्य ने कनाडा में पारिस्थितिकी तंत्र पर गहरी चिंता व्यक्त की है, जिसने खालिस्तान चरमपंथियों को उनके नापाक एजेंडे का विरोध करने वालों को हिंसा करने, धमकी देने और धमकाने में सक्षम बनाया है। सरे में खालिस्तान समर्थक एक अलगाववादी की हत्या पर कनाडा और भारत के बीच राजनयिक गतिरोध के बीच, कनाडा इंडिया फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक रितेश मलिक ने एक विशेष साक्षात्कार में पीटीआई को बताया, एक देश के रूप में यह हमारे लिए बहुत चिंताजनक है। मलिक ने आगाह किया कि अल्पकालिक लाभ के लिए राजनीतिक तुष्टीकरण कनाडा के भविष्य के हित में नहीं है। कनाडा में खालिस्तान चरमपंथियों का जिक्र करते हुए मलिक ने कहा कि ये लोग समाज में मतभेद पैदा करते हैं और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ते हैं। वे एक नापाक एजेंडे के साथ काम करते हैं और दोनों देशों के बीच संबंधों को पटरी से उतार रहे हैं। मलिक ने कहा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हर किसी के लिए होनी चाहिए। हमने दुर्भाग्य से कनाडा में उस तरह का पारिस्थितिकी तंत्र बनाया है जहां ये लोग बहुत मुखर, बहुत हिंसक, बहुत आक्रामक हैं और वे किसी को भी अपने खिलाफ सामने नहीं आने देते। उन्होंने कहा, ये (बड़े मुद्दे) हैं जो कनाडा के दीर्घकालिक हित में, कनाडाई होने के नाते हमें चिंतित करते हैं। हम अपने बच्चों के भविष्य, समुदायों के बीच दरारों को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि सरकार में नेता और अधिकारी कनाडा के व्यापक हित के लिए नीति और वकालत को उन मुद्दों को उठाना चाहिए। पिछले महीने कनाडाई संसद में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद भारत और कनाडा एक राजनयिक गतिरोध में उलझ गए हैं कि कनाडाई सुरक्षा एजेंसियां ??भारत सरकार के एजेंटों और खालिस्तानियों की हत्या के बीच संभावित संबंध के विश्वसनीय आरोपों को सक्रिय रूप से आगे बढ़ा रही हैं। चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर 18 जून को कनाडा की धरती पर था। भारत ने इस आरोप को बेतुका और प्रेरित बताकर खारिज कर दिया है। मलिक ने 1985 में एयर इंडिया फ्लाइट 182 पर बमबारी का जिक्र किया और कहा कि पीड़ितों के परिवारों को आज तक लगता है कि उन्हें न्याय नहीं मिला है। मॉन्ट्रियल-दिल्ली एयर इंडिया फ्लाइट 182 में 23 जून 1985 को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने से 45 मिनट पहले विस्फोट हो गया, जिससे विमान में सवार सभी 329 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से अधिकांश भारतीय मूल के कनाडाई थे। 1984 में स्वर्ण मंदिर से आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए ऑपरेशन ब्लू स्टार के जवाब में सिख आतंकवादियों पर बमबारी का आरोप लगाया गया था।

# इस्राइल पर फिर दागे रॉकेट, हमास-हिज्बुल्ला ने मिलकर किया हमला, शहरों में बज रहे सायरन

**येरुशलम।** इस्राइल पर आतंकी संगठन हमास के हमले से दुनियाभर में हलचल मच गई है। जहां पश्चिमी देशों ने हमास के हमले को लेकर इस्राइल का समर्थन किया है, तो वहीं पश्चिमी एशिया के इस्लामिक देश फलस्तीन के समर्थन में साथ खड़े हैं। इस बीच इस्राइल में इन दर्दनाक हमलों में अब तक करीब 900 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, इस्राइल की ओर से गाजा पट्टी पर किए गए पलटवार में 690 की जान जाने की बात सामने आई है। इन हालात के बीच हमास ने धमकी दी है कि अगर गाजा पट्टी पर हमले नहीं रुकते हैं तो वह इस्राइली बंधकों की हत्या कर देगा।

चेतावनी जारी करने के कुछ घंटों बाद आतंकवादी समूह हमास ने मंगलवार को इस्राइल के दक्षिणी तटीय शहर अश्कलोन पर रॉकेट हमला किया। जैसे ही तटीय शहर पर रॉकेटों की बौछार हुई, शहर और



आसपास के अन्य शहरों में सायरन बजने लगे।

आतंकी संगठन ने पहले चेतावनी जारी की थी कि वह गाजा पट्टी पर इस्राइली हमलों का बदला लेने के लिए शाम पांच बजे अश्कलोन पर हमला करेगा। रिपोर्ट के अनुसार, हमास के के प्रवक्ता अबू ओबैदा ने आने वाले घंटों में इस्राइल के तटीय शहर अश्कलोन पर एक बड़े रॉकेट हमले की धमकी दी थी।

इस्राइल पर हमास के हमले में आतंकवादी समूह ने कम से कम 40 शिशुओं को मौत के घाट उतार दिया है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, कुछ सैनिकों ने बताया कि उन्हें ऐसे बच्चे मिले जिनके सिर कटे हुए थे। पूरे परिवारों को उनके बिस्तर पर गोलियों से भून दिया गया था। अब तक लगभग 40 शिशुओं और छोटे बच्चों के शवों को बाहर निकाला जा चुका है।

इस्राइली सैन्य अधिकारी के मुताबिक, हमास के हमले में मरने वालों की संख्या 1,000 से ऊपर हो गई है। पश्चिमी गैलिली और दक्षिणी तटीय शहर अश्कलोन में रॉकेट से हमले की खबर है। यहां रॉकेट रॉकेट सायरन फिर से बज रहे हैं। इस्राइल पर गाजा पट्टी और लेबनान दोनों से रॉकेट हमले किए जा रहे हैं।

# युवाओं में कौशल विकास की सही समझ विकसित करना समय की मांग: कुलपति

**अवधनामा संवाददाता**

**राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने प्रतिष्ठित कंपनियों से किया करार**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने मंगलवार को सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत यूनिवर्सिटी इंडस्ट्री समिट 2023 का आयोजन किया। इस अवसर पर 25 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। जिनमें से अधिकांश के साथ परस्पर सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। समारोह में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय व उद्योग जगत के साझा प्रयास से युवाओं में व्यवसायिक प्रशिक्षण तथा कौशल विकास की सही समझ विकसित की जाएगी जिससे राष्ट्रीय हित में उनका समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि भारतीय युवाओं में कौशल अभाव विकास के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इसलिए कौशल परिवेश का निर्माण करने के साथ ही उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है।



उन्होंने बताया कि आज विश्वविद्यालय ने ग्रेटर नोएडा में आकर 25 कंपनियों के साथ इंटरेक्शन किया है। जिनसे एमओयू की कार्यवाही के साथ ही युवाओं के लिए रोजगार एवं कौशल विकास का रास्ता साफ होगा। उन्होंने कहा कि जब शिक्षार्थियों को एक ही समय में एक ही स्थान पर औपचारिक शिक्षा और कौशल विकास के अवसर मिलेंगे तो निश्चित रूप से वह अपने सपनों को साकार कर सकेंगे। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय इस दिशा में सतत प्रयत्नशील है और राष्ट्र के विकास में उद्योग जगत के सहयोग से नवीन कौशल परिवेश बनाने को प्रतिबद्ध है।

विश्वविद्यालय के रोजगार एवं सेवायोजन प्रकोष्ठ के प्रभारी डी पी सिंह ने प्रारंभ में कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह एवं कंपनी के प्रतिनिधियों का स्वागत किया। श्री सिंह ने बताया कि युनिवर्सिटी इंडस्ट्री समिट- 2023 में सिद्धि इन्फोटेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, डिजिटल माइन्ड टेक्नोलॉजी, एनिक्स सिस्टम, सिद्धि विनायक, लीड एग्रीवेनचर, इनप्राइस इन लिस्टिंग आदि कंपनियों ने प्रतिभाग किया। जिनमें कई कंपनियों के प्रतिनिधियों ने विश्वविद्यालय के साथ परस्पर सहमति पत्र एमओयू पर हस्ताक्षर किए। प्रारम्भ में प्रोफेसर जे पी यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय के बारे में विस्तृत जानकारी तथा कौशल विकास के क्षेत्र में उठाए गए कदमों की जानकारी दी। इंडस्ट्री समिट में आई कंपनी के प्रतिनिधियों ने विश्वविद्यालय के साथ मिलकर कार्य करने में काफी रुचि दिखाई। कुलपति प्रोफेसर सिंह ने इस अवसर पर कंपनी के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। यूनिवर्सिटी इंडस्ट्रीज समिट का संचालन डॉ दिनेश सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने किया। इस अवसर पर राजीव कुमार यादव, उपनिदेशक, सेवायोजन निदेशालय, विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार, वित्त अधिकारी शशि भूषण सिंह तोमर, परीक्षा नियंत्रक देवेंद्र प्रताप सिंह, प्रोफेसर जेपी यादव, डॉ दिनेश सिंह, अवनीश चन्द्र एवं डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# बृहद रोज़गार मेले का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**1853 बेरोजगार योग्य अभ्यार्थियों का चयन**

**आजमगढ़।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में आज राजकीय आई0टी0आई0 परिसर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन सांसद, दिनेश लाल यादव द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। रोजगार मेले में कुल 36 विभिन्न कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग कर लगभग 4500 बेरोजगार अभ्यर्थियों में से 1853 योग्य अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया गया। रोजगार मेले में उपस्थित बेरोजगार अभ्यर्थियों एवं नियोजकों को मुख्य विकास अधिकारी, श्रीप्रकाश गुप्ता एवं जिलाध्यक्ष आजमगढ़ श्री कृष्णपाल द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार हेतु प्रोत्साहित किया गया। इसी के साथ ही समस्त चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। रोजगार मेले के सफल क्रियान्वयन में राजकीय आई0टी0आई0 के प्रधानाचार्य, श्री अरूण कुमार एवं उनके समस्त स्टाफ, सहायक निदेशक सेवायोजन श्री राममूर्ति एवं उनके समस्त स्टाफ, जिला सेवायोजन अधिकारी मऊ एवं बलिया सहित उनके स्टाफका योगदान सराहनीय रहा।

# पिता और चाचा की कब्र से लिपटकर रोये अतीक के बेटे

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** बालगृह से बाहर आने के बाद अतीक अहमद के बेटे एहजम (18) और अबान (15) सोमवार को हटवा स्थित रिश्तेदार के घर में रखा गया है। वह दोनों छूटने के बाद रात करीब नौ बजे दोनों कसारी-मसारी कब्रिस्तान पहुंचकर पिता व चाचा की कब्र से लिपटकर फूट-फूटकर रोए। इस दौरान लोगों ने उन्हें अतीक और अशरफ की हत्या का वीडियो भी दिखाया।

24 फरवरी को उमेश पाल हत्याकांड के बाद दो मार्च को अतीक के पांच में से दोनों नाबालिग बेटों को बाल गृह में आवासित किया गया था। हालांकि, इन्हें पुलिस कहां ले गई है, इसे लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं थी। इसके लिए अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन ने जिला अदालत से दोनों बच्चों का पता लगाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की गुहार लगाई थी। जवाब में धूमनगंज पुलिस ने कोर्ट को बताया था कि दोनों चकिया में लावारिस हाल में घूमते मिले थे, जिन्हें बालगृह में रखा गया है। नाबालिग एहजम चार अक्तूबर को 18 साल का होते ही बालिग हो गया। इस बीच, इनकी रिहाई का प्रकरण सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया। सुप्रीम कोर्ट से रिपोर्ट मांगे जाने के बाद सोमवार को सुबह बाल कल्याण समिति की बैठक हुई, जिसमें दोनों को छोड़े जाने का निर्णय लिया गया। शाम करीब 5:30 बजे अतीक की दूसरी नंबर की बहन परवीन कुरैशी अपने अधिवक्ता व परिवार के तीन लोगों के साथ राजरूपपुर में 60 फीट रोड स्थित राजकीय बाल गृह पहुंचीं। करीब आधे घंटे में औपचारिकताएं पूरी होते ही दोनों उनके सुपुर्द कर दिए गए।

सफेद रंग की कार में भतीजों को लेकर निकलीं परवीन ने हलफनामा देकर बाल कल्याण समिति को बताया है कि दोनों बच्चे पूरामुफ्ती के हटवा गांव में रह रहे रिश्तेदार अंसार अहमद के मकान में रखे जाएंगे। समिति ने उस मकान का सत्यापन भी कराया है। परवीन ने बच्चों के खानपान और सुरक्षा का पूरा ख्याल रखने की शपथ भी ली है। वह समिति के बुलाने पर उप स्थित होंगी और बच्चों के बारे में पूरी जानकारी भी देंगी।

# रसूलाबाद के निवासियों ने किया पीडीए अधिकारियों का घेराव

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** रसूलाबाद मोहल्ले की निवासियों ने सभासद मुकुंद तिवारी और अभिषेक निषाद के नेतृत्व में आज बारह मीटर सड़क चौड़ी करने के विरोध में पीडीए के सचिव अजीत कुमार सिंह तथा जोनल अधिकारी संजीव कुमार उपाध्याय से मिला और उन्हें क्षेत्र की आर्थिक व भौगोलिक स्थिति से अवगत कराया। उन्हे यह भी बताया कि रसूलाबाद घाट पर जाने के लिए चार और रास्ते भी है। जहां से घाट तक आया जाया जा सकता है, तीन मार्ग अवतार टॉकीज, तेलियरगंज चौराहा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया तेलियरगंज के सामने से मेहदौरी कॉलोनी होते हुए घाट की तरफ जाता है। एक मार्ग ज्वाला देवी विद्यालय से मेहदौरी और न्यू मेहदौरी होते हुए संगम वाटिका पर निकलता है। श्री तिवारी ने यह जानकारी भी अधिकारियों को दी की उक्त मार्ग के दोनो तरफ चौड़ीकरण के चलते कई परिवार छत विहीन हो जायेंगे। अभिषेक निषाद ने कहा कि उक्त मार्ग पर अधिक तर कमजोर वर्ग के लोग रहते हैं जो प्रतिदिन कमाते खाते हैं। सड़क का चौड़ीकरण नौ मीटर तक किया जाय जिससे लोगों को परेशानी न हो तथा आवागमन में सुचारू रूप से हो सके। प्रतिनिधि मण्डल में रसूलाबाद दाधिकांधो कमेटी के संरक्षक अमर सिंह राठौर, बालमुकुंद मिश्र, बच्चा कुशवाहा, अनुराग जैसवाल, मनीष यादव, सिराज अली, संजय कुशवाहा, शिव माली, दिनेश यादव, कृष्णा चौहान नाजिम, कल्लू स्टूडियो, अरविंद लाला, जफर, समीर मलिक, मोहम्मद खालिक, माया देवी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



# भाजपा सनातन की ठेकेदार बनती है लेकिन सनातन के लिए लड़ने वाले उन्हें पसंद नहीं

**आजमगढ़।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी जनपद आज़मगढ़ के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय जी के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय के पुरोधा मान्यवर कांशीराम जी के पुण्यतिथि पर जिला व शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं पदाधिकारी ने मान्यवर कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तत्पश्चात कार्यकर्ताओं ने मान्यवर कांशीराम को सामाजिक न्याय के पुरोधा हितैषी एवं उत्प्रेरक बताया गोष्ठी के बाद कार्यकर्ताओं ने जुलूस के शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुच कर जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन सौपा गया जिसमें उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदरणीय अजय राय जी के ऊपर भेदभाव का आरोप वर्णित था! कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नजम शमीम ने कहा कि भाजपा सनातन की ठेकेदार बनती है लेकिन सनातन के लिए लड़ने वाले उन्हें पसंद नहीं सनातन का उपयोग भाजपा राजनीतिक हथियार के रूप में करती हैं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सम्मानित अध्यक्ष अजय राय जी बनारस में अन्याय प्रतिकार यात्रा सनातन के रक्षा के लिए निकाल रहे थे यह भाजपा की सरकार ने 82 लोगों के ऊपर मुकदमा कायम किया यही नहीं एक साजिश के तहत 82 में से 81 लोगों के ऊपर से मुकदमा वापस कर लिया गया लेकिन हमारे क्रांतिकारी अध्यक्ष अजय राय जी के ऊपर से मुकदमा नहीं हटाया गया स कांग्रेस कार्यकर्ता इसकी लड़ाई सदन से सड़क तक लड़ने के लिए तैयार हैं। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और प्रदेश की सरकार केवल विपक्षी नेताओं को हर तरह से फ्साने की कोशिश कर रही है।

# सपाइयों ने हवन पूजन कर मनाई नेताजी की प्रथम पुण्यतिथि

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पूर्व मुख्यमंत्री स्वं मुलायम सिंह यादव की प्रथम पूण्यतिथि के अवसर पर निवर्तमान जिलाअध्यक्ष डां अवधनाथ पाल के नेतृत्व में विधि-विधान से हवन पूजन कर श्रधांजलि अर्पित कर गोष्ठी का आयोजन किया गया। वहीं गोष्ठी मे नेताजी के जीवन पर चर्चा करते हुए पूर्व एमएलसी लंलन प्रसाद यादव ने कहा कि नेताजी उत्तर भारत के बडें समाजवादी और किसान नेता रहें।एक साधारण किसान परिवार में जन्म लेने वाले मुलायम सिंह ने अपना राजनीतिक जीवन उत्तर प्रदेश में विधायक के रूप में शुरू किया।और बहुत कम समय में ही मुलायम सिंह यादव का प्रभाव पूरे उत्तर प्रदेश में नजर आने लगा मुलायम सिंह ने उत्तर प्रदेश में अन्य पिछड़े वर्ग सामाजिक स्तर को ऊपर करने में महत्वपूर्ण कार्य किया वे सदा कमजोर गरीब की आवाज बने रहे। मुलायम सिंह यादव पहली बार 1967 में विधानसभा के सदस्य चुनें गयें और मंत्री बनें वे कई बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहें इसके अतिरिक्त वे केंद्र में रक्षा मंत्री के रूप भी रह चुके है मुलायम सिंह यादव जब भी पद पर रहे दलित पिछड़े अल्पसंख्यक, किसान नौजवान के लिए बेहतर काम करके दिखाने का काम किया है। मुलायम सिंह यादव सदा राष्ट्रवाद, लोकतंत्र, समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों में अटूट आस्था रही थी भारतीय भाषाओं, भारतीय संस्कृति और शोषित पीडित वर्गो के हितों के लिए उनका अनवरत संघर्ष जारी रखा। गोष्ठी में मुख्य रूप से पूर्व विधायक लालबहादुर यादव, राजबहादुर यादव, राहुल त्रिपाठी,राजेश यादव हिरालाल विश्कर्मा, श्रवण जयसवाल, राजेन्द्र टाइगर,डां मनोज यादव, इर्शाद मंसूरी, शुशील,विवेक रंजन, दीपचंद राम,मेवालाल गौतम,अमित यादव,डां जंग बहादुर यादव, संजीव साहू,अजमत अली,साजिद अलीम, लाल मोहम्मद रायनी, राजदेव पाल, अनवारुल गुड्डू, शर्मिला यादव,शकील मंशूरी, विकास सभासद, मनोज मौर्या, दिनेश फौजी,अनील दूबे,रामू मौर्या,धर्मेंद्र सोनकर डां जग बहादुर,अखिलेश यादव, हरिचंद प्रभाकर, शबनम नाज, अन्नू, लक्ष्मी शकर, आंनद मिश्रा आदि गोष्ठी का संचालन नि0 महासचिव अंखड प्रताप यादव ने किया।





# बाईकों की आमने सामने टक्कर में महिला की गई जान

**जौनपुर (खुटहन)** गुलरा बजरडीहा गांव के एक निजी स्कूल के पास मंगलवार की देर शाम दो बाईकों की हुई आमने सामने टक्कर में महिला की मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहे उसके पति को हल्की चोटें आई। मौके पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पीएम हेतु भेज दिया। इसी गांव निवासी जमुना निषाद अपनी 43 वर्षीय पत्नी शीला देवी को बाइक से गौसपुर बाजार किसी काम से लिवाकर जा रहे थे। स्कूल के पास सामने से बाइक पर सवार दो युवक तेज गति से आकर टक्कर मार दिए। जमुना मार्ग के बायें तथा शीला दाहिनी तरफ गिर गई। टक्कर मारने के बाद बाइक शीला के गले के ऊपर से पार हो गई। अंधेरे का फायदा उठा दोनों युवक बाइक सहित भाग गए।

# मंगल क्लीनिक पर मनाया गया मेंटल हेल्थ डे

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** मेंटल हेल्थ डे के अवसर पर वाजिदपुर तिराहा, जौनपुर स्थित मंगल क्लीनिक (न्यूरो -साईकियाट्रिस्ट सेंटर) द्वारा एक मानसिक स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें मानसिक एवं न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ0 उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे प्रत्येक साल 10 अक्टूबर को मनाया जाता है, इसकी शुरुआत 1992 में हुई थी तब से लेकर कर आज तक 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस साल विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का थीम है आवर माइंड अवर राइट्स इस थीम पर इस साल वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे मनाया जा रहा है।



मानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानव अधिकार है। डॉक्टर ने विभिन्न मानसिक बीमारियों के बारे में बताया और उनसे कैसे बचाव किया जाता है इस पर विस्तृत चर्चा हुई इस परिचर्चा में मंगल क्लीनिक का स्टाफ त्रिलोकी यादव, रमाकांत यादव, अखिल उपाध्याय, अजय साहू, दीपक यादव, सुमित, आशीष, मैनेजर शशिभूषण पांडे एवं नर्सिंग स्टाफ रवीना, आरुषि, मौसम और कुमकुम इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**मुबारकपुर, आजमगढ़।** सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी की कार्यकर्ता बैठक मुबारकपुर के राज पैलेस में की गई जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र राजभर बतौर और मुख्य अतिथि के रूप में रहे उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठित सदस्य बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को आह्वान किया कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने के लिए हर कार्यकर्ता मन लगाकर हर राजभर बस्ती मे जाकर अभियान चलाएं और लोगों को इकट्ठा कर सभा करें पार्टी के नीति के बारे में लोगों को बताएं आगे उन्होंने प्रकाश राजभर पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आने वाले 2024 के चुनाव में उनकी हैसियत का पता चल जाएगा की राजभर समाज ओमप्रकाश राजभर के साथ कितना है इतना ही नहीं उन्होंने घोसी के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की हार ओम प्रकाश राजभर की हार बताई महेंद्र राजभर ने कहा कि घोसी के उपचुनाव में हम लोगों ने इन्डिया गठबंधन के साथ समर्थन कर प्रत्याशी को जिताया वही डॉक्टर चिंतामणि राजभर को राष्ट्रीय सलाहकार की घोषणा भी की तथा डॉक्टर घनश्याम राजभर को आजमगढ़ जिला का प्रभारी की घोषणा की इस बैठक में मुख्य रूप से अबू साले प्रदेश कोषाध्यक्ष के साथ-साथ संजय राजभर प्रदेश प्रभारी बृजेश यादव प्रदेश सचिव दीपक राजभर जिला अध्यक्ष आजमगढ़ आदि लोग भी बैठक में मौजूद रहे।



# नए थानाअध्यक्ष ने कार्यभार ग्रहण किया

**सरायमीर, आज़मगढ़।** सरायमीर थाने नये थानाध्यक्ष के रूप यिदवेन्द्र पांडे ने कार्यभार संभालने के बाद आज शाम थाने प्रांगण में पुलिस ,व यस0आई0के साथ क्षेत्रीय पत्रकारों की मिटिंग कर क्षेत्र में अमन चौन कायम रखने ,अपराध पर अंकुश के साथ साथ क्षेत्र की आमजन मैं पुलिस की छवी में बेहतरी लाने और पुलिस स्टाफ से जनभावनाओं का आदर करने,अपराध पर नियन्त्रण, और अपने अन्दर एक अच्छे पुलिस के रूप में छवि को बेहतर करने व जनता का आदर करने,शासन प्रशासन की नीतियों के तहत कार्य करने पर बल दिया। पत्रकारों से सहयोग की अपेक्षा की अपेक्षा के साथ साथ आपसी संवाद पर जोर दिया।क्षेत्रीय जनता बे हिचक अपनी समस्याओं को लेकर आऐं न्याय मिलेगा मैं समस्याओं के निवारण के लिऐ तत्पर मिलूंगा।



# निबंध में लायेबा नाज़ व चित्रकला में प्रियांशु मौर्य ने पाया प्रथम स्थान

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** दिनांक 02-10-2023 से 08-10-2023 तक चलने वाले स्वक्षता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत जनपद स्तरीय चित्रकला एवं निबन्ध प्रतियोगिता में मोहम्मद हसन इण्टर कॉलेज कि छात्रा लायेबा नाज़ को निबन्ध लेखन में प्रथम तथा चित्रकला में प्रियांशु मौर्य को प्रथम स्थान ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर के द्वारा प्रदान किया गया। छात्र छात्रा की इस उपलब्धि पे विद्यालय के प्रबन्धक डॉक्टर अब्दुल क़ादिर ख़ान साहब ने एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद नासिर ख़ान ने दोनों छात्र छात्रा को आशीर्वाद दिया एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय को ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर के द्वारा सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का पुरस्कार प्रदान किए जाने पे समस्त विद्यालय परिवार को प्रबन्धक महोदय ने बधाई दी। इस अवसर पर धर्मेंद्र यादव ,शहज़ाद आलम .अनवर अलवी ,सलमान अहमद ,प्रदीप मिश्रा , अनुपम सिंह,रुश्दी ,आज़म, सलाहुद्दीन ,जैस ख़ान , सुशील सिंह आदि शिक्षक गण उपस्थित थे।



# सपा संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक देश के पूर्व रक्षामंत्री उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर आज जिले भर में ब्लाक, विधानसभा एवं नगर पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित कर सपा जनों ने अपने नेता को श्रद्धांजलि दी।

सपा के जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों को आत्म सात करते हुए पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर आयोजित गोष्ठी में सपा के गंगापार जिलाध्यक्ष अनिल यादव एवं यमुनापार जिलाध्यक्ष पप्पूलाल निषाद ने स्व. मुलायम सिंह यादव को समाजवाद का पुरोधा बताते हुए कहा कि किसानों, गरीबों एवं समाज के कमजोर वर्गों की लड़ाई को परिणाम तक पहुँचाने में नेताजी का बहुत बड़ा योगदान रहा। विधायकगण डॉ मान सिंह यादव, श्रीमती विजमा यादव, संदीप पटेल, श्रीमती गीता शास्त्री आदि ने नेताजी को याद करते हुए कहा कि नेताजी ने समाज में एक लकीर खिंचा जिसमें दलितों, शोषितों, वंचितों के साथ महिलाओं को भी अधिकार मिलने का रास्ता साफ हुआ। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए प्रदेश सचिव नरेंद्र सिंह ने कहा कि नेता जी युग परुष थे। नेताजी को भारत रत्न देने कि मांग को लेकर पूर्व ब्लाक प्रमुख संदीप यादव ने हस्ताक्षर अभियान भी चलाया।

कार्यक्रम में धर्म राज पटेल, राधेश्याम पटेल, कमल सिंह यादव,सत्य वीर मुन्ना,प्रदेश सचिव रविन्द्र यादव, शांति प्रकाश पटेल,राम सुमेर पाल, इंजी जगदीश यादव, मंसूर आलम, प्रतिमा रावत, सत्यभामा मिश्रा, गीता भारतीय, पद्मा यादव, डॉ राजेश यादव, दीनानाथ यादव,के. के. यादव,दान बहादुर मधुर, नाटे चौधरी, कुलदीप यादव, कमलेश गुप्ता, प्रशांत यादव,नसीम खां, कृष्ण राज यादव,आसुतोष तिवारी, पप्पू इजराइल, हरिश्चन्द्र,पप्पू यादव,केशव देव विश्व कर्मा, सुमन शर्मा, राजवंत पटेल,मेराज आरिफ, इम्तियाज शमी,जाहिद खां, जीतलाल, भोलायादव, प्रभाकर कृष्णा, योगेश पाल, बेला सिंह,चौधरी देवीलाल यादव, सुरेश यादव,आदि मौजूद रहे।



**सपा के जिला कार्यालय में गोष्ठी कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर की गई चर्चा**

## सपा महानगर कार्यालय पर अश्रुपूरित नेत्रों से अर्पित किया पुष्प

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय चौक में सपा नेताओं ने सपा संस्थापक, संरक्षक पूर्व रक्षामंत्री व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धांजलि अर्पित की। महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन की अध्यक्षता व महानगर महासचिव रवीन्द्र यादव रवि के संचालन में संगोष्ठी में उनके ग़रीबों पिछड़ों दलितों अल्पसंख्यकों व समाज के दबे कुचलों की आवाज़ के ओझल होने पर नम आंखों से उनको याद किया। वक्ताओं ने कहा सात बार सासंद और आठ बार विधायक रहे मुलायम सिंह यादव केन्द्र सरकार में रक्षामंत्री रहते हुए सैनिकों का हौसला बढ़ा दुर्गम इलाकों में पहुंच कर सैनिकों जो सम्मान दिया ऐसे वह पहले रक्षामंत्री हुए।साधारण परिवार में जन्म लेकर जहां पहलवानी में विरोधियों को पछाड़ते रहे वहीं शिक्षक के रुप में युवाओं को शिक्षा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शहर पश्चिमी विधान सभा प्रभारी अमरनाथ मौर्य ने अपने सम्बोधन में उनके बताए रास्ते पर समाजवादी पार्टी के लोगों से चलने और ही निम्न से निम्न स्तर के लोगों के दुख दर्द समझने और उसका समाधान करने का आह्वान किया। इसी क्रम में शहर पश्चिमी में शहर पश्चिमी विधान सभा उपाध्यक्ष कमलेश प्रजापति के नेतृत्व में तो युवा नेता जोंटी यादव के नेतृत्व में धरमवीर चौराहे पर शहर दक्षिणी के नैनी में मोहम्मद अज़हर व शहर उत्तरी में विधानसभा अध्यक्ष ओ पी यादव के नेतृत्व में मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए याद किया गया। नगर कार्यालय पर हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सैय्यद इफ्तेखार हुसैन, रवीन्द्र यादव रवि, अमरनाथ मौर्य, इसरार अन्जुम , मोहम्मद ग़ौस, महेंद्र निषाद, अभिमन्यु सिंह पटेल, तारिक सईद अज्जू , मोहम्मद अज़हर, ओ पी यादव, मंजू यादव, सविता कैथवास, सैय्यद मोहम्मद अस्करी, मोहम्मद युसुफ कुरैशी, राजेश कुमार सोनकर आदि शामिल रहे।



## विश्वविद्यालय में भी छात्रों ने दी श्रद्धांजलि



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी संस्थापक, पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व रक्षामंत्री कई बार के सांसद विधायक रहे आदरणीय मुलायम सिंह यादव जी की छात्रों ने पहली पुण्यतिथि छात्रसंघ भवन पर मनाई। छात्र नेता हरेंद्र यादव ने कहा कि आदरणीय नेताजी के संघर्ष से प्रेरित अवश्य हूं, उनकी संघर्ष यात्रा का स्मरण करने मात्र से मेरे जैसे तमाम उन युवाओं के मन में एक अद्भुत शक्ति का संचार होता है जो आम किसान, मजदूर परिवारों से ताल्लुक रखते हैं और राजनीति और जनसेवा के क्षेत्र में एक आला मुकाम हासिल करने का स्वप्न देखते हैं नेताजी उनके लिए एक आदर्श थे। इस मौके पर छात्र नेता क्रांतिकारी सुधीर, गोलू पासवान, आकाश, अमरजीत पटेल, शैलेंद्र, ललित सिंह, प्रशांत, विकास कौर, अभिषेक, मंजीत पटेल, गौरव गौंड, यशवंत, सचिन, आनंद सांसद, राहुल सरोज, आदि लोग उपस्थित रहे।

# सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक में कई बातों पर बनी सहमति

**प्रयागराज।** आगामी पर्व दशहरा व दुर्गापूजा को सकुशल संपन्न कराने की उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन व सेंट्रल पीस कमेटी के मध्य आहूत किया गया। बैठक का प्रशासनिक संचालन एसीपी प्रथम सतेंद्र तिवारी ने किया वहीं दूसरी तरफ अध्यक्ष सेंटर पीस कमेटी चाँद मियां ने सामाजिक संस्थाओं और कमेटियों की ओर से प्रतिनिधित्व किया। बैठक की अध्यक्षता अनिल गुप्ता और मोहन जी टंडन के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मुख्य रूप से कमेटियों द्वारा कान फाडू म्यूजिक शोर शराबा अश्लील संगीत और चौकिया को देर तक रोक रहने की समस्या उठाई गई। इसके अतिरिक्त अन्य उठाई गई समस्याओं और सुझावों को प्रशासन ने बिंदुवार नोट किया समाधान के पूर्ण आश्वासन दिए। सत्येंद्र तिवारी एसीपी प्रथम ने समस्या पर बनी आम सहमति पर समर्थन करते हुए सभी थानाध्यक्ष को निर्देश दिए इस पर कड़ा अंकुश और अनुशासन बनाए रखा जाए। सिटी मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह ने कहा दशहरा दुर्गा पूजा कमेटी की समस्याएं व्यापक रूप से सुनी गई और संबंधित विभागों को त्वरित उचित आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

# कुशीनगर में शर्मसार हुई मानवता: दो मुसहर महिलाओं को पीटकर बाल मुंडवाया

अवधनामा ब्यूरो



- पुलिस मामले में पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज की, तीन गिरफ्तार
- कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के एक गांव का मामला, सार्वजनिक स्थल पर दिए घटना को अंजाम

**कुशीनगर।** कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के एक गांव की मुसहर बस्ती की युवती और महिला की सार्वजनिक जगह पर पिटाई कर बाल मुंडवाने के आरोप में पुलिस ने पांच व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस तीन को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य दो की तलाश कर रही है। पुलिस ने पीड़ित युवती और महिला सहित दूसरे पक्ष के लोगों को थाने बुलाकर पूछताछ की। पीड़ित महिलाओं ने बताया कि विरोध करने पर आरोपियों ने उनकी पिटाई की थी तथा बाल मुंडवाने के बाद गांव से भगाने की धमकी भी दी थी।

कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के एक गांव की मुसहर बस्ती की रहने वाली महिला के घर दूसरे गांव का युवक आता था। नाराज गांव वालों ने महिला और पड़ोस की युवती से युवक का अवैध संबंध होने का आरोप लगाया। गांव वालों और महिला के बीच कहासुनी भी हुई। गांव के कुछ युवक एकजुट होकर महिला और युवती को गांव के एक सार्वजनिक स्थान पर लेकर गए और सिर का बाल मुंडवा दिया। विरोध करने पर पिटाई भी किए। गांव वाले दोनों मुसहर परिवार को गांव से जाने के लिए दबाव बना रहे थे। सोमवार की शाम को युवती की मां कुबेरस्थान थाने पर पहुंची और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। उसके बाद सक्रिय हुई पुलिस ने गांव के तीन युवकों को हिरासत में ले लिया है। इन युवकों के मोबाइल में बाल मुड़वाते हुए वीडियो पुलिस के हाथ लग गया है। इस आधार पर घटना में शामिल युवक और अन्य लोगों की पहचान पुलिस करने में जुट गई थी। पुलिस तक मामला पहुंचने के बाद घटना में शामिल युवक गांव छोड़कर फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि इस मामले में युवती की मां की तहरीर पर गांव के पांच व्यक्तियों नरसिंह, बिंदू, ब्रह्मा, सुखदेव और राजेश के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर गांव के पांच व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दोनों पक्ष सजातीय है। पुलिस तीन को गिरफ्तार की हैं। अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

### डीएम ने किया निर्वाचन कार्यालय वेयरहाउस में ईवीएम एवं वीवीपीएटी का निरीक्षण

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने आज विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निर्वाचन कार्यालय वेयरहाउस में रखे ईवीएम तथा वीवीपीएटी मशीन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ईवीएम का रखरखाव निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को इस कक्ष में प्रवेश न करने दिया जाये। डीएम ने सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से की जा रही निगरानी के विषय में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि कक्ष के भीतर प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था होना आवश्यक है। कक्ष में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों का अंकन अनिवार्य रूप से पंजिका में किया जाए। इस दौरान एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी शंकर मिश्रा, बीजेपी से गंगा शरण पांडेय, सपा से छेदी लाल यादव, कॉग्रेस से अशोक कुशवाहा, आप से नरेंद्र सिंह, अपना दल (एस) से रविशंकर पटेल तथा माकपा से उदयभान यादव मौजूद थे।

# शमशान घाट पर भरा पानी देख ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



- शमशान घाट पर कमर तक था पानी, देखते ही आक्रोशित हो गए ग्रामीण

**कुशीनगर।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के करमैनी गांव के रामकोला टोला स्थित श्मशान घाट पर कमर तक पानी भरा होने की वजह से शव का दाह संस्कार करने आए लोग नाराज हो गए। शव को सड़क पर रखकर करीब एक घंटा तक धरना प्रदर्शन किया। इनका कहना था कि श्मशान घाट पर मिट्टी न भरवाने के कारण यह स्थिति हुई है। अब शव का दाह संस्कार कहां करें। पटहेरवा थाने के प्रभारी निरीक्षक व अन्य पुलिसकर्मियों ने लोगों को समझा-बुझाकर धरना प्रदर्शन समाप्त कराया। उसके बाद लोगों ने एक खेत में शव का अंतिम संस्कार किया।

करमैनी गांव के रामकोला टोला निवासी शिव प्रसाद की पत्नी कइलेश्वरी देवी (60) का सोमवार की शाम सात बजे निधन हो गया था। मंगलवार की सुबह दस बजे ग्रामीण अंतिम संस्कार करने के लिए श्मशान घाट पर ले गए। वहां कमर तक पानी भरा हुआ था। यह देख ग्रामीणों ने मृतका के परिजनों संग मिलकर सड़क पर शव को रखकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। इनका आरोप था कि श्मशान घाट पर पूरे गांव के लोग शवों का अंतिम संस्कार करने आते हैं, लेकिन वहां के गड्ढों को नहीं भरा जा रहा है। इससे बारिश होने पर जलभराव हो जा रहे हैं। ग्रामीणों की सूचना पर पटहेरवा थाने के प्रभारी निरीक्षक अनिल उपाध्याय, उप निरीक्षक दशरथ मांझी, श्याम सिंह, हरिकिशुन ने ग्रामीणों की समस्या सुनी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि श्मशान घाट पर ग्राम प्रधान की ओर से 15 ट्राली मिट्टी डलवाने का आश्वासन दिया गया है। तब ग्रामीणों ने शिव प्रसाद की पत्नी कइलेश्वरी देवी का अंतिम संस्कार खेत में किया।

## बेरोजगारों को रोजगार देने का माध्यम है रमा टेक्निकल कालेज: मंतोष




अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** देश में बेरोजगारी जिस कदर से बढ़ी है उससे युवाओं में काफी रोष है, लेकिन कुछ संस्थाएं ऐसी भी हैं जो युवाओं को भटकने से रोकती हैं उन्हें अच्छी शिक्षा दे कर आगे बढ़ाने का कार्य करती है। उसमें से पहले स्थान पर रमा टेक्निकल कालेज का नाम आता है। उक्त बातें सोमवार को रमा टेक्निकल के महानिदेशक मंतोष कुशवाहा ने फरेंदा में वार्षिक उत्सव में कही। उन्होंने कहा कि यह संस्था सैकड़ो बच्चों को देश के बड़े बड़े पदों पर भेजने का कार्य किया है। मुख्य अतिथि जनाब रहमान ने कहा कि रमा टेक्निकल आज पूर्वांचल में ही नहीं देश के कई राज्यों में संचालित है। इन कालेजों से बच्चे टेक्निकल कर टेक्नोलॉजी क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कप्तानगंज में संचालित कालेज के डायरेक्टर राजगोपाल मिश्र को पहला स्थान दिया जाता है। इसके अलावा राजगोपाल मिश्र, परवेज आलम, राकेश यादव, सरवन सिंह, शमशेर, सच्चिदानंद मिश्र, रामगोपाल मिश्र, जय गोपाल मिश्र, राजन मधेशिया, नीलेश, आकाश, आदित्य, प्रेम लता, अनामिका, शालू, रूबी, वैष्णवी, सविता आदि मौजूद रहे।

# स्वस्थ शरीर के लिए तनावमुक्त रहना जरूरी

अवधनामा संवाददाता



- विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर वाद विवाद और पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**देवरिया।** सीएमओ कार्यालय के धनवंतरि सभागार में मंगलवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर वाद विवाद और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजन किया गया। जिसमे 12 विद्यालयो के बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने पुरस्कृत किया। इंदिरा गाँधी बालिका इंटर कालेज की कक्षा 12 की छात्रा सोनाली को प्रथम, राजकीय इंटर कालेज की कक्षा 9 की छात्रा शालिनी को द्वितीय और सनबीन इंटर कालेज की कक्षा 9 की छात्रा तनिष्का अग्रवाल को तृतीय पुरस्कार देकर जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने सम्मनित किया।

इस दौरान जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय जीवन पद्धति सकारात्मकता से परिपूर्ण है। संयुक्त परिवार प्रथा में डिप्रेशन जैसी बीमारी का कोई स्कोप नहीं था। परिवार के सदस्य एक दूसरे के लिए खड़े रहते थे और लोगों का मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता था। जैसे-जैसे एकाकी परिवार और लाइफस्टाइल में परिवर्तन हो रहा है, वैसे-वैसे अवसाद के केस बढ़ रहे हैं। जीवन में कई रंग होते हैं। कहीं किसी एक जगह नहीं रुकना चाहिए। मेंटल स्ट्रैंथ से बड़े से बड़े लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। स्वस्थ शरीर के लिए तनाव मुक्त रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि तनाव मुक्त रहने के लए निरंतर योग करना चाहिए। एसीएमओ डॉ उमा रावत ने कहा कि हर साल विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जागरूक करना और मानसिक बीमारियों के बारे में जानकारी देना है। मानसिक स्वास्थ्य की सही देखभाल व्यक्ति को खुश और समृद्ध जीवन जीने में मदद करती है। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. राजेश झा ने कहा कि वर्तमान समय में सभी लोगों के लिए मेंटल हेल्थ का ख्याल रखना बड़ी जरूरत बन गयी है। भाग-दौड़ भरी जिंदगी में युवाओं को इसका खास ख्याल रखना होता है। लोग स्ट्रेस और डिप्रेशन के शिकार होते जा रहे हैं।

### रंगदारी करने के मामले में तरकुलवा के एक सिपाही की बल्ले-बल्ले

अवधनामा संवाददाता

**तरकुलवा।** जनपद देवरिया अंतर्गत थाना तरकुलवा में आजकल सिपाही की कमाई ना होने के कारण अब वह चाय की दुकान से लेकर के गरीब तबके के लोगों के दुकान तक झूठ में चिकनी की दुकान बात करके रंगदारी वसूलने में सिपाही ढास दिखा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक से पता चला कि तरकुलवा थाने में कार्यरत पंकज यादव नाम का सिपाही आजकल नीली बत्ती लगाकर के बोलोरो या बाइक से सड़कों पर चल रही दुकानों को टारगेट बना लेता है।और हर दुकानों से दो 200 की सूली करने पर आतुर हो चुका है। यह सिपाही पंकज यादव अपने आप में दरोगा ही नहीं कप्तान बनना चाहता है। अगर इस प्रकार के सिपाही प्रत्येक थाने में काम करते रहे तो गरीबो तबके के लोगों को दुकान चलाने पर मजबूरी पैदा हो जाएगी। कप्तान साहब उक्त सिपाही के विषय में आप कौन सी कार्यवाही करेंगे तरकुलवा थाने के अंतर्गत आम जनमानस आपसे पूछना चाहती है।

## नेताजी के विचारों पर चलकर अन्याय के खिलाफ सपा आवाज उठाती रहेगी: राकेश

### सपाइयों ने मुलायम सिंह के पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व रक्षा मंत्री व उप्र में तीन बार पूर्व मुख्यमंत्री रहे स्व. मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर कस्बे में समाजवादी पार्टी के नेताओं ने श्रद्धांजलि दी। इनके चित्र पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखकर नेता जी के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किए।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए सपा नेता राकेश उर्फ भोला यादव ने कहा कि नेता जी भारतीय राजनीति के महत्वपूर्ण स्तंभ रहे, नेताजी के विचारों ने और उनके संघर्षो ने कमजोर और वंचितों को समाज से जो अपेक्षित लोग थे, उनको लड़ने की ताकत दी और सत्ता के दरवाजे तक पहुंचाया। समाजवादी पार्टी उनके विचारों पर चलकर जो अन्याय हो रहा है उसके खिलाफ संघर्ष अवश्य करेगी। उन्होंने कहा कि नेताजी के शासनकाल में तमाम जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित थी जैसे कन्या विद्याधन, बेरोजगारी भत्ता, समाजवादी पेंशन, मुफ्त शिक्षा, चिकित्सा, सिंचाई आदि शामिल है। श्रद्धांजलि सभा को परवेज आलम, छठ्ठु यादव, रामसूरत यादव ने संबोधित किया। इस मौके पर वरुण शर्मा, नगीना गुप्ता, सरफराज अहमद, प्रेम यादव, सुनील यादव, आंनद जायसवाल, शंकर साहनी, बैजु यादव, मोनु शर्मा आदि मौजूद रहे।

## जनपद न्यायाधीश ने निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया पुरस्कृत

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** मुख्य न्यायामूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद / सरंक्षक उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री देवेंद्र सिंह के कुशल मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वाधान में दिनांक 02 अक्टूबर 2023 से दिनांक 08 अक्टूबर 2023 तक चलाये जा रहे स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जनपद देवरिया के समस्त प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता आयोजित कराई गयी।

चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री देवेंद्र सिंह द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत श्री संजय सिंह अपर जिला जज प्रथम श्रीमती इन्दिरा सिंह एवं तथा निर्वाचन मडल के सदस्य अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अशोक कुमार दूबे, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी , जिला सूचना अधिकारी उपस्थित रहे। माननीय जनपद न्यायाधीश एवं निर्वाचन मडल द्वारा निम्न छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किया गया प्राथमिक विद्यालय स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता में अब्दुल रहमान ने प्रथम, अंशिका ने द्वितीय, व अनुष्का ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। उच्च प्राथमिक विद्यालय स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता में श्रेया ने प्रथम, सत्यम ने द्वितीय व अंशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। माध्यमिक विद्यालय स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता में अभय पाल ने प्रथम, अदिति ने द्वितीय व कु0 वंदना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। उच्च प्राथमिक विद्यालय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता में अमोली ने प्रथम, अनुष्का ठाकुर ने द्वितीय व आंचल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। माध्यमिक विद्यालय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता में कु0 प्रिया ने प्रथम, अमन सिंह ने द्वितीय व संजू विश्वकर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जूनियर प्राथमिक स्तर पर निबंध प्रतियोगिता में रवि कुमार ने प्रथम, धीरज यादव ने द्वितीय व अमर कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती इन्दिरा सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संजय सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अशोक कुमार दूबे जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी , न्यायालय कर्मी, सुरक्षा कर्मी, आमजन मानस इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

### गोरखपुर अहमदाबाद एक्सप्रेस का स्टॉपेज होगा भटनी में

**देवरिया।** लोकसभा क्षेत्र देवरिया की जनता के बेहद मांग पर सांसद डा.रमापति राम त्रिपाठी ने रेल मंत्रालय से गोरखपुर अहमदाबाद एक्सप्रेस को भटनी जंक्शन पर ठहराव हेतु मांग किया था, अथक प्रयासों से रेल मंत्रालय द्वारा इसकी स्वीकृति मिल गई है। यह ट्रेन भटनी जंक्शन पर अब रुकेगी। 16 अक्टूबर को 3:30 बजे सदर सांसद डा.रमापति राम त्रिपाठी भटनी जंक्शन पर ट्रेन को हरी झंडी रवाना करेंगे। इसके लिए सदर सांसद डॉ.त्रिपाठी लंबे समय से लगे थे। रेल मंत्रालय में बार-बार पत्र के माध्यम से जनमानस की इस मांग को अवगत कराते रहे। इस खबर से क्षेत्र की जनता में हर्ष व्याप्त है। इस पर डॉ.रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार जनमानस की यातायात संबंधी सुख सुविधा के लिए संकल्पित है। वंदेमातरम एक्सप्रेस, इसका एक उदाहरण है। आने वाले दिनों में अन्य ट्रेनों के भी ठहराव होंगे। क्षेत्र के स्टेशनों का सुंदरीकरण, स्वचालित सीढियां, स्वच्छता, लोगों की सुविधा मेरी प्राथमिकता में है।

## मुलायम की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा




**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय विधायक महाराजी प्रजापति के आवास विकास कालोनी स्थित जनसंपर्क कार्यालय पर मंगलवार को नेता जी मुलायम सिंह यादव की पहली पुण्यतिथि मनाई गई। विधायक महाराजी प्रजापति के साथ सपा नेताओं ने नेता जी के जीवन दर्शन का स्मरण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक ने कहा कि नेता जी ने हमारे परिवार को सबसे अधिक स्नेह दिया है वे पूर्व मंत्री जी को अपने पुत्र के समान मानते थे। प्रोफेसर रूदल यादव ने कहा कि जमीन से जुड़े रहकर राजनीति में आगे बढ़ने और मुख्यमंत्री तथा रक्षामंत्री का पद सुशोभित करने वाले नेता जी डा राम मनोहर लोहिया के सच्चे अनुयायी थे। समाजवादी आन्दोलन को मजबूती प्रदान करने के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए उन्होंने जीवन पर्यन्त संघर्ष किया। उन्होंने पाखंड और साम्प्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने वाली शक्तियों का जीवन भर विरोध किया। शोषित वंचित समाज को सत्ता की मुख्य धारा में लाने के क्रम में ही उन्होंने पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति को राजनीति में आगे बढ़ाया और उन्हें पुत्रवत स्नेह और सम्मान दिया। जिला पंचायत सदस्य रेनू प्रजापति के प्रतिनिधि अरुण प्रजापति ने कहा कि नेता जी हमारे परिवार के अभिभावक थे। कमजोर और पिछड़े वर्ग के लोगों के उत्थान में उन्होंने महान योगदान किया है। वरिष्ठ सपा नेता महावीर कश्यप ने कहा कि नेता जी गरीबों वंचितों और पिछड़ों के मसीहा थे। श्रद्धांजलि सभा का संचालन श्री नाथ यादव ने किया। इस मौके पर धर्मराज पाल बजरंग श्रीवास्तव बलराम यादव राम प्रताप वनवासी अवधेश यादव पिंटू यादव धीरज पाल डी के यादव ओम प्रकाश सिंह बख्शीश खान राजेश प्रजापति हरी लाल अशोक यादव आदि ने भी नेता जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मंडलायुक्त और आईजी ने किया स्थल का निरीक्षण



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 13 अक्टूबर को प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम को लेकर मंडलायुक्त अयोध्या मंडल अयोध्या गौरव दयाल और आईजी प्रवीण कुमार ने मंगलवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र व पुलिस अधीक्षक डा इलामारन जी के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हेलीपैड जनसभा स्थल पार्किंग इत्यादि व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बताया गया है की मुख्यमंत्री 13 अक्टूबर को रामगंज कौहार स्थित मैदान में दोपहर 12 बजे आयेंगे। उनके साथ कई मंत्री और सांसद भी रहेंगे। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह अधिशासी अभियंता लोनिवि शैलेंद्र कुमार अधीक्षण अभियंता विद्युत ललित कृष्णा जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### त्योहारों के दृष्टिगत बैठक कल

**अमेठी।** अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने अवगत कराया है कि जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत आयोजित होने वाले पर्व-नवरात्रि दशहरा मूर्ति विसर्जन को सकुशल व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में 12 अक्टूबर को अपरान्ह 4.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय बैठक का आयोजन किया जायेगा।

## डबल इंजन की सरकार में बिछ रहा सड़को की जाल: मोहन वर्मा

अवधनामा संवाददाता



**हाटा, कुशीनगर।** पीएम मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में देश व प्रदेश का चहुमुखी विकास हो रहा है। सबका साथ, सबका विकास के तर्ज पर डबल इंजन की सरकार में विकास की इबारत लिखी जा रही है। उक्त बाते हाटा विधायक मोहन वर्मा ने क्षेत्र में 96.62 लाख रुपए की लागत से 5.6 किमी लंबी सड़क की स्वीकृति मिलने के बाद सीएम योगी और शीर्ष नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव मिल रहा है। मेरे प्रयास से विधान सभा क्षेत्र में सड़को की जाल बिछ रही है। डबल इंजन की सरकार में विकास का कीर्तिमान स्थापित किया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र के विकास खण्ड सुकरौली में 21 लाख की लागत से पिपरही से विजयीकाफ सम्पर्क मार्ग पर 800 मीटर सड़क, 17.45 लाख की लागत से सुक्खड़ नहर से अकटहा सम्पर्क मार्ग पर 1.100 किमी सड़क, 23.61 लाख की लागत से खागी मुण्डेरा सम्पर्क सम्पर्क मार्ग पर 1.500 किमी सड़क व 34.58 लाख की लागत से हाटा पिपराईच सहजौली चौराहे से सुक्खड़ सम्पर्क मार्ग पर 2.2 किमी विशेष मरम्मत का कार्य कराया जाएगा। स्वीकृति मिलने पर हाटा विधायक मोहन वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, धर्मेंद्र प्रधान, स्वतंत्र देव सिंह, धर्मपाल सिंह, सुनील बंसल, बृजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य, भूपेंद्र सिंह का विशेष आभार प्रकट किया गया है।

# ज्योति प्रथम, तमन्ना खातून द्वितीय व रागिनी को मिला तृतीय स्थान

**पोस्टर चित्रकला**

- मोतीचक के कम्पोजिट विद्यालय मंगलपुर के छात्रों ने जिले पर लहराया परचम
- जिला जज ने सभी छात्रों को सम्मानित कर हौंसला अफजाई की

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 2 अक्टूबर 2023 को गांधी जयंती के शुभ अवसर पर कुशीनगर में स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत जनपद के तमाम परिषदीय विद्यालयों में पोस्टर चित्रकला तथा निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमे समस्त विजयी प्रतिभागियों को जिला सत्र न्यायालय सभागार में सम्मानित किया गया।

पोस्टर चित्रकला विषय में कम्पोजिट विद्यालय भटवलिया बनकट विकास क्षेत्र रामकोला की छात्रा कु0 ज्योति कक्षा 6 ने जनपद में प्रथम स्थान, कुश तमन्ना खातून कक्षा 8 कम्पोजिट विद्यालय-मंगलपुर क्षेत्र मोतीचक ने जनपद में द्वितीय स्थान तथा कन्या पूश माश विद्यालय कप्तानगंज की छात्रा रागनी रावत कक्षा 6 द्वारा जनपद में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही स्वच्छता पर निबन्ध प्रतियोगिता में कुश रिया कक्षा 7 कम्पोजिट विद्यालय- मंगलपुर, क्षेत्र मोतीचक ने जनपद में प्रथम स्थान तथा कुश नीलम कक्षा 6 कम्पोजिट विद्यालय भटवलिया बनकट ने जनपद में द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा कु. शीतल प्रजापति कक्षा 8 कन्या पू. मा. विद्यालय विकास क्षेत्र- कप्तानगंज द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय व माता- पिता का गौरव जनपद स्तर पर बढ़ाया है। सभी विजयी प्रतिभागियों को जिला सत्र न्यायाधीश श्री अशोक सिंह, सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण रविकांत यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक रविन्द्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर राम जियावन मौर्य, जिला समन्वयक विष्णु प्रभाकर पांडेय, जिला समन्वयक सतेंद्र कुमार मौर्या, जिला स्काउट मास्टर, नीरज बंका तथा संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की गरिमामयी उपस्थिति के क्रम में राज्य पुरुस्कार से सम्मानित शिक्षक सूर्यप्रताप, मोलई प्रसाद प्रजापति, बलराम चौहान आदि शिक्षक उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा निश्चित रूप से आज बच्चे इस सम्मान को पाकर बहुत प्रसन्न दिखाई दे रहे थे सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाओं के साथ सभी कर्मठी शिक्षकों को साधुवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। **शिक्षक व संगठन के लोगों ने दी बधाई:** जनपद में स्वच्छता जागरूकता अभियान में चित्रकला एवं निबन्ध प्रतियोगिता में सम्मानित हुए छात्रों के शुभ अवसर पर क्षेत्र मोतीचक से राजेन्द्र सिंह, दिनेश कुमार सिंह, मार्कण्डेय नाथ त्रिपाठी, राधेश्याम वर्मा, श्रीधर पाण्डेय, आलोक शाही, ओमप्रकाश सिंह, मदन सिंह, शम्भू कुशवाहा, बाल गोविन्द सिंह, सुनील कुमार सिंह, प्रवीण कुमार मल्ल, दिवाकर मणि त्रिपाठी, मुन्ना सिंह, राहुल कुमार, हारून रशीद, दिपेश सिंह, अभय कुमार सिंह, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, नागेन्द्र सिंह, शीला मल्ल, रंजू सिंह मुनीब गुप्ता, रामगोपाल सिंह, सत्यवन्त सिंह आदि शिक्षकों ने सम्मानित छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### अन्तर्महाविद्यालयीय बैडमिन्टन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**अमेठी।** नगर स्थित रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या की क्रीडा परिषद् द्वारा आयोजित दो दिवसीय अन्तर्महाविद्यालयीय वैडमिन्टन पुरूष एवं महिला वर्ग की प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। जिसमें विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों की पुरुष वर्ग में नौ टीमों ने एवं महिला वर्ग की छः टीमों ने प्रतिभाग किया। पुरूष वर्ग फाइनल डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या कैम्पस की टीम ने शिवसावित्री महाविद्यालय की टीम को 3-1 से हराकर विजेता का खिताब अर्जित किया। वहीं महिला वर्ग में डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या कैम्पस की टीम ने रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी को 2-0 से पराजित कर विजेता बनी। विश्वविद्यालय क्रीडा परिषद् द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक डॉ कपिल राना डॉ मनोज कुमार की देखरेख में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ । महाविद्यालय द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को शील्ड एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर वक्ताओं ने डाला प्रकाश

अवधनामा ब्यूरो




**सोनभद्र।** नगर स्थित राजकीय मेडिकल कालेज / जिला संयुक्त चिकित्सालय लोढ़ी के प्रांगण में 10 अक्टूबर 2023 को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका थीम विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस था। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती रूबी प्रसाद एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अश्वनी कुमार द्वारा सम्मिलित रूप से किया गया। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया गया। आज के कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य चिकित्साधिकारी ने जीवन शैली के ऊपर विस्तृत प्रकाश डाला और उन्होंने कहा कि मानसिक रोगों की जननी हमारी जीवनशैली है, इसे ठीक कर हम बहुत हद तक मानसिक रोगों पर नियंत्रण प्राप्त कर सकते है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग निरन्तर प्रयत्नशील है। मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ के द्वारा पूरे जनपद में जगह-जगह पर शिविर लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप जिला संयुक्त चिकित्सालय स्थित मन कक्ष में लोग बिना संकोच के अपनी काउंसलिंग करा रहे है। मुख्य अतिथि मा. नगर पालिका अध्यक्षा रूबी प्रसाद ने बालिकाओं का आवाह्न किया कि आप लोगों की जागरूकता से समाज में मन से उपजे हुए रोगो के रोकथाम में मदद मिलेगी। स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में बालिकाओं का शिक्षित होना बहुत जरूरी है, मैं सदैव स्वास्थ्य विभाग के सहयोग के लिए तत्पर हूँ। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. डी.के. सिंह ने कहा कि आज के परिवेश में स्वस्थ रहें, मस्त रहें का फार्मूला अपनाना होगा, परेशानियां तो आती-जाती रहती हैं। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आर.जी. यादव ने कहा कि कार्यक्रम की सार्थकता तभी सिद्ध होगी जब जन-समूह की भागीदारी सुनिश्चित होगी। उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सुमन जायसवाल ने कहा कि शरीर और मन का स्वास्थ्य दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। जिले के वरिष्ठ होम्योपैथिक मनोरोग चिकित्सक डा. संजय सिंह ने कहा कि दवाओं के साथ-साथ योग एवं ध्यान को भी अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ÷मन के हारे हार है, मन के जीते जीत। इसलिए अपने मन को इतना मजबूत बनाइये कि कोई भी समस्या आपको विचलित न कर सके। मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. एस.के. सिंह ने सॉई कालेज के नर्सिंग के छात्र-छात्राओं एवं जन समुदाय के साथ मनोरोग सम्बन्धी समस्याओं पर संवाद स्थापित किया एवं लोगों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर दिया। इस अवसर पर विनय श्रीवास्तव, पुष्पेन्द्र शुक्ला, अवनीश मिश्रा, राहुल पाण्डेय, दीपक परिहार, आलोक मिश्रा, प्रवेश पाण्डेय व समस्त स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रही कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ चिकित्सक, एन.सी.डी. डा. गणेश प्रसाद द्वारा किया गया। शिविर में 174 व्यक्तियों का स्कीनिंग एवं उपचार किया गया।

# अन्तर्राज्यीय मानव तस्करी का खुलासा टीम महिला सहित तेरह गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** एसओजी/एएचटीयू/जिला प्रोबेशन टीम व थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस को मिली बड़ी सफलता, अन्तर्राज्यीय मानव तस्करी मे संलिप्त 09 पुरुष व 04 महिलाओं को किया गिरफ्तार, रु0 80,000/- हजार नगद , एक अदद कार व 06 अदद मोबाईल बरामद- पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में मानव तस्करी के अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 09.10.2023 को एसओजी/ एएचटीयू /जिला प्रोबेशन टीम सोनभद्र व थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग तथा महिला संबंधी अपराध एवं मानव तस्करी बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम हेतु थाना रॉबर्ट्सगंज अन्तर्गत लोढ़ी पर चेकिंग की जा रही थी कि सूचना मिली की कुछ व्यक्ति चण्डी तिराहे पर है जो बालिग एवं नाबालिग लड़कियों की तस्करी करते है । इस सूचना पर गठित टीम द्वारा चण्डी तिराहे पर पहुचकर देखा गया तो कुछ महिलाएं एवं पुरूष खड़े थे कि पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्तियो से पूछताछ करते हुए मानव तस्करी गैंग के महिलाओं एवं पुरूषों में कुल 13 नफर सक्रिय सदस्यों को समय लगभग 19.15 बजे गिरफ्तार किया गया। मौके से भीड़ का फायदा उठाकर 03 व्यक्ति फरार हो गये जिनकी तलाश जारी है। गिरफ्तार अभियुक्तगण की जामातालाशी से कुल 06 अदद मोबाईल फोन व रू0 80,00./- हजार नगद व एक अदद कार बरामद हुई।

# सीसी रोड का नपा अध्यक्ष ने किया लोकार्पण



- लोढी स्थित एसपी आवास के पीछे बना सीसी रोड
- नगर पालिका क्षेत्र में सड़क निर्माण को लेकर चल रहा है अभियान

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** नगर पालिका रावटसगंज क्षेत्र में सड़क निर्माण को लेकर हुई बोर्ड के बैठक में पास वित्तीय वर्ष 2023 24 में कलेक्ट स्थित एसपी ऑफिस के पीछे संपर्क मार्ग सीसी रोड निर्माण कार्य का मंगलवार को नपा अध्यक्ष द्वारा लोकार्पण कर शुभारंभ किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र के विकसित क्षेत्रों में सड़क नाली आवास शौचालय सहित अन्य योजनाओं को लेकर नगर पालिका विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें जहां भी यह सुविधा उपलब्ध नहीं है वहां की लिस्ट बनाकर समुचित सभासद से प्रस्ताव पारित कराकर संबंधित विकास कार्य कराया जा रहा है जिस क्रम में आज सभासद वार्ड 2 हीरावती देवी के नेतृत्व में 19 लाख 95 हजार रुपए से सीसी रोड का लोकार्पण हुआ आगे भी सड़क निर्माण शिलान्यास लोकार्पण कार्य किए जाएंगे इस मौके पर राजकुमार , संजय जायसवाल , अमित दुबे, विनय दुबे, अनवर अभिषेक श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद।

# श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद किए गए पूर्व मुख्यमंत्री

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** मंगलवार को समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने बताया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार जनपद सोनभद्र के जिला पार्टी कार्यालय और विधानसभा घोरावल विधानसभा रावटसगंज विधानसभा ओबरा विधानसभा दूधी नगर पालिका रावटसगंज नगर पंचायत घोरावल नगर पंचायत ओबरा नगर पंचायत डाला नगर पंचायत चोपन नगर पंचायत चुर्क नगर पंचायत दूधी नगर पंचायत अनपरा नगर पंचायत रेणुकूट के साथ तमाम जगहों पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए मुलायम सिंह यादव का पूर्ण तिथि मनाई गई। श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के जनक समाजवादी योद्धा किसानों मजदूरों गरीबों पिछड़ों और अल्पसंख्यक की आवाज बुलंद कर उनका हक दिलाने वाले और तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर रहे एवं रक्षा मंत्री रहते हुए देश की सेवा को मजबूत करने वाले आदरणीय नेता जी एक ऐसे नेता थे जो हमेशा सभी लोगों को साथ लेकर चलने का काम किया और अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में संविधान को लागू कर कर इतिहास रचने का काम किया। कार्यक्रम को संबोधित करने वाले लोकसभा प्रभारी राज नारायण उर्फ निराला कोल ने कहा कि माननीय नेता जी का ही देन है कि आज हम लोग चुनाव लड़ रहे हैं। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा जितेंद्र कुमार परमेश्वर दयाल ने कहा कि माननीय नेताजी हमेशा कमजोर एवं किसानों को सम्मान देने का काम किया और उनकी लड़ाई हमेशा सदन तक लड़ने का काम किया।



- समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित की गोष्टी वक्ताओं ने डाला जीवन पर प्रकाश

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करती हुई समाजवादी महिला सभा की जिला अध्यक्ष गीता गौर अनीता कोल कुमारी मंदाकिनी पांडे कुमारी निधि पांडे ने कहा कि माननीय नेताजी का ही देन है कि आज लोग महिलाओं को आरक्षण देने के लिए परेशान है। नेताजी हमेशा महिलाओं के हक की लड़ाई लड़ने का काम किया। लेकिन जबसे केंद्र एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से चारों तरफ महिलाओं पर अत्याचार चरम सीमा पर है।

# नगर में अघोषित बिजली कटौती से परेशान लोगों ने सब स्टेशन पर डाला डेरा

अवधनामा संवाददाता

- अघोषित बिजली कटौती से पेयजल की हो जाती है समस्या



**चोपन/ सोनभद्र।** नगर में इन दिनों विधुत कटौती को लेकर लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है सुबह से लेकर रात तक कई कई बार घंटो आपूर्ति बंद कर दिया जा रहा है जिससे लोगबाग परेशान हो जा रहे हैं। उपभोक्ता जब सब स्टेशन बिजली आने जाने के बारे में पूछने जाता है तो उसे कोई सही जबाव नहीं मिलता जिससे लोगों में बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। लोगों का आरोप है कि बिना सूचना के कई-कई घंटे बिजली कटौती की जा रही है।इसी क्रम में मंगलवार को अक्रोशित लोगों ने मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में सुबह हाइडिल कालोनी स्थित सब स्टेशन पहुंच गये और बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों से नगर में अघोषित कटौती को लेकर बातचीत किया उधर काफी देर तक इंतजार करने के पश्चात बिजली विभाग के जेई अक्षय यादव सब स्टेशन पहुंचे जहां पर मौके पर मौजूद चेयरमैन उस्मान अली ने कटौती को लेकर अपना गहरा रोष व्यक्त किया। वहीं जिला महामंत्री रामसुंदर निषाद एवं भाजपा नेता संजीव तिवारी ने कहा कि बिजली विभाग की मनमानी रवैया से लोग परेशान हैं यहां पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, इंटर कालेज, इंजीनियरिंग कॉलेज के साथ साथ छोटे मोटे औद्योगिक संस्थान है जो की बिजली के भरोसे चलते है जहां बिजली न रहने से तमाम प्रकार की दिक्कतें होती है वही बिजली न रहने से लोगो के साथ साथ स्थानीय नगर पंचायत को भी पानी की सप्लाई देने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सब स्टेशन पहुंचे लोगो की एक ही मांग थी की नगर में जितनी बिजली मिलती है उतना किसी भी कीमत पर बिजली मिलनी चाहिए। वही विद्युत अधिकारियों और कर्मचारियों ने लोगों को किसी तरह आपूर्ति नियमानुसार बहाल करने का आश्वासन देकर शांत कराया। इस मौके पर सत्यप्रकाश तिवारी, राजेश अग्रहरी, रोहित बिंद, तीर्थराज शुक्ला, रामनरेश चौधरी, सुशील पांडेय, घनश्याम चौधरी , रिजवान अहमद, राकेश बिंद, सुसील निषाद, मनीष तिवारी, मित्तू निषाद, इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# 6 घंटे की अघोषित कटौती से कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हाहाकार

अवधनामा संवाददाता

**भरुआ सुमेरपुर।** बीती रात कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में 6 घंटे की अघोषित कटौती से हाहाकार मच गया। अचानक कटौती शुरू हो जाने से किसानों का पलेवा कार्य प्रभावित हो रहा है। इससे किसानों में आक्रोश पनप रहा है।

सोमवार को शाम 7 बजे से गुल हुई बिजली के दर्शन रात के 1 बजे हो सके। इस कटौती का सीधा असर कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों के विद्युत सब स्टेशनों पर पड़ा। अचानक 6 घंटे की कटौती से लोगों ने हड़कंप मच गया। सर्वाधिक परेशानी किसानों को हुई। मौजूदा समय में रबी की फसलों को बोने के लिए किसानों का पलेवा कार्य चरम पर है। अचानक अघोषित कटौती शुरू हो जाने से पलेवा कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। किसान राजू यादव, परशुराम यादव, सुरेश यादव, पप्पू शर्मा, अनूप श्रीवास, सुरेंद्र कुमार आदि ने बताया कि रात के अलावा दिन में भी बिजली कटौती होने से पलेवा कार्य समय पर नहीं हो पा रहा है। किसानों का कहना है कि सरकार का दावा है कि वह 20 घंटे की आपूर्ति दे रहे हैं लेकिन सरकार का यह दावा झूठा है। महज 10 घंटे आपूर्ति ही बामुश्किल मिल रही है।

विद्युत वितरण उपखंड के अवर अभियंता नरेंद्र पाल ने बताया कि रात में 132 केवी से ही कटौती की गई थी। उनके स्तर से किसी तरह की कटौती नहीं की जा रही है।

## सपाइयों ने नेताजी की पुण्यतिथि मनाकर लिया संकल्प

**हमीरपुर।** समाजवादी पार्टी व सपा व्यापार सभा के पदाधिकारियों ने मुख्यालय सहित अन्य क्षेत्रों में देश के रक्षामंत्री व कई बार मुख्यमंत्री रहे सपा के संरक्षक मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करके उनके बताए गए मार्गों पर चलने का संकल्प लेकर 2024 फतह करने की शपथ ली। समाजवादी पार्टी, महिला सभा व्यापार सभा के पदाधिकारियों ने सुमेरपुर में व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष शिवगोपाल यादव के व्यापारिक प्रतिष्ठान में एकत्र होकर स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नेता जी के बताए गए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। पूर्व प्रदेश सचिव नंदकिशोर शिवहरे ने कहा कि नेताजी हमेशा कहते थे सपा युवाओं, महिलाओं, छात्रों, किसानो, अल्पसंख्यकों की पार्टी है। जिस दिन यह सभी एकत्र होकर संघर्ष की राह पकड़ लेंगे। सपा को कोई हरा नहीं सकता है। हमें नेताजी के इसी सपने को पूरा करने के लिए मिशन 2024 की तैयारी में जुट जाना है।

# प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन तक पहुंचेगी सरकार की योजनाएं: सांसद

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा मुख्यालय स्थित चौरा देवी मंदिर प्रांगण में लगायी गयी प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं पर आधारित तीन दिवसीय (10से12अक्टूबर) विकास प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि मा0 सांसद राज्यसभा श्री बाबूराम निषाद जी ने फीता काटकर भव्य शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद भाजपा के पदाधिकारी गणेश यादव, मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला ,जिला विकास अधिकारी अजीत श्रीवास्तव, सूचना अधिकारी रूपेश कुमार नें प्रदर्शनी में योजनाओं से सम्बन्धित लगाये गये किटों/स्लाइड्स का अवलोकन करते हुये उपस्थित लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने एवं उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। सांसद राज्यसभा ने इस तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी का शुभारम्भ करते हुए कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार अपनी योजनाओं ,नीतियों, कार्यक्रमों के माध्यम से विकास के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी विकास की मुख्य धारा में लाने का कार्य कर रही है।

## आयुष मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष ने पेश इमाम के भाइयों पर दर्ज कराया मुकदमा

**भरुआ सुमेरपुर।** सामाजिक छबि खराब करने व पुलिस की दलाली करने का पोस्टर गैलरी में चस्पा करने से आहत आयुष मेडिकल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष ने कस्बे के पेश इमाम के दो सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कस्बे के मैथिलीशरण गुप्त मार्ग निवासी डा. इमादुद्दीन आयुष मेडिकल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष है। कस्बे के पेश इमाम हाजी सैफुल्ला के भाई एबादउल्ला, जियाउल्ला उर्फ गुड्डू से पारिवारिक विवाद है। पेश इमाम से उनके नजदीकी रिश्ते हैं और उनका घर आना जाना है। इससे नाराज होकर एबादउल्ला, जियाउल्ला उनके खिलाफ दुष्प्रचार करते हैं और गैलरी में पुलिस की दलाली करने का पोस्टर चिपकाकर उनकी सामाजिक छवि खराब करते हैं। पुलिस ने वादी की तहरीर पर पेश इमाम के भाइयों के खिलाफ सामाजिक छवि खराब करने का मुकदमा दर्ज किया है।

# सचिव ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

अवधनामा संवाददाता

- ग्राम चौपाल के दौरान हुआ था सचिव व पूर्व डीडीसी के बीच विवाद
- ग्राम प्रधान के ससुर है पूर्व जिला पंचायत सदस्य

**भरुआ सुमेरपुर।** बीते छह अक्तूबर को ग्राम चौपाल के दौरान सचिव और प्रधान के ससुर के खिलाफ हुए विवाद के मामले में आखिरकार पुलिस ने ग्राम पंचायत विकास अधिकारी संघ के दबाव में आकर सरकारी कार्य में बाधा डालने, सामान तोड़फोड़ कर गाली गलौज करने का मुकदमा दर्ज किया है। गत छह अक्तूबर को पंधरी के पंचायत भवन में सचिव साधना सिंह एवं प्रधान आरती कबीर के ससुर पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमलेश कोरी के मध्य विवाद हो गया था। सचिव का आरोप है कि प्रधान के ससुर ने मेरे सहयोगी का मोबाइल तोड़ दिया और गाली गलौज करके जमकर अभद्रता की थी। घटना की तहरीर सचिव ने चौपाल के बाद पुलिस को जाकर दी थी। पुलिस जांच के नाम पर टरकाती रही थी। लेकिन सोमवार को ग्राम पंचायत विकास अधिकारी संघ ने थाने पहुंचकर पुलिस पर मुकदमा पंजीकृत करने का दबाव बनाया। लेकिन बात न बनती देख संघ ने मुख्यालय जाकर पुलिस अधीक्षक व सीओ सदर से मुलाकात कर घटना से अवगत कराया। उधर मंगलवार को जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर कार्यवाही करने का अनुरोध किया। मंगलवार को भी ग्राम पंचायत विकास संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश प्रजापति अपने साथियों के साथ थाने में जमे रहे और जब तक मुकदमा दर्ज नहीं हो गया तब तक बैठे रहे। इसके बाद पुलिस ने प्रधान के ससुर पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमलेश कोरी के खिलाफ धारा 332, 504, 427 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर प्रधान के ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने पर प्रधान संघ में आक्रोश पनप गया है।

# महिला किसानों ने सीखे आधुनिक खेती के गुर

## लो टनल व हस्तचालित कृषि यंत्रों का हुआ परीक्षण, जैविक ग्राम बिसंडा में हुआ शैक्षणिक भ्रमण

- श्रमिक भारती व सीएफएलआई चला रहा परियोजना

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** श्रमिक भारती व सीएफएलआई संस्था द्वारा महिला किसानों को आधुनिक तरीके से जैविक खेती करना सिखाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत महिला किसानों का जैविक ग्राम बिसंडा में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कराया। यहां उन्हें लो टनल पाली हाउस बनाने की विधि बताई गई। संस्था द्वारा दिए गए कृषि यंत्रों को खेती में उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। मंगलवार को प्रगतिशील किसान रोहित श्रीवास्तव के बिसंडा स्थित जैविक ग्राम में महिला किसानों को भ्रमण कराया गया। कानपुर से आए रावेंद्र द्विवेदी ने कृषि, बागवानी व पशुपालन के जरिए किसानों को अपनी आमदनी बढ़ाने के तरीके बताए। उन्होंने कहा कि किसान तकनीक अपनाएं और उत्पादन बढ़ाकर खेती को लाभपरक बनाएं। जैविक पद्धति से खेती की लागत और आधुनिक पद्धति से मेहनत को कम किया जा सकता है। संस्था द्वारा बड़ोखर ब्लाक के गांवों में 30 डेमो फार्म बनाए जा रहे हैं। जिन्हें महिलाएं तैयार कर रही हैं। प्रशिक्षक जय नारायण ने कहा कि महिला किसानों को लो टनल बनाने की विधि बताई और बनाकर भी दिखाया। उन्होंने कहा कि टनल (सुरंग) में सब्जियां पैदा की जाती हैं। लोहे या प्लास्टिक का स्टिक और पालीथिन शीट से छोटी व लंबी टनल बनाई जाती है। कम लागत में टनल को तैयार हो जाती है। टनल की मदद से फसल को ज्यादा गर्मी और सर्दी से बचाया जा सकता है। मौसम फसल के अनुकूल होने पर टनल को हटा दिया जाता है। कानपुर से आए प्रशिक्षक राम शर्मा व अमन सिंह ने हस्तचालित कृषि यंत्रों का खेत में उपयोग करके महिला किसानों को प्रशिक्षण दिया। पहिया बीडर, पैडी बीडर, नार्मल बीडर चलाकर बताया गया। प्रशिक्षकों ने कहा कि कृषि यंत्रों का प्रयोग करके समय को बचाया जा सकता है। राजाभइया ने संगठन से जुड़ने के फायदे बताए। संचालन परियोजना समन्वयक इमरान अली ने किया। इस मौके पर बामदेव एफपीओ के सीईओ मनोज यादव, राजेंद्र कुमार, पूनम त्रिवेदी, वेद द्विवेदी, किसान बोधगम्य के अकाउंटेंट अमन तिवारी, किसान कमलेश देवी, खैरुननिशा, आशा देवी, सुनीता, सुशीला, शशि प्रभा, सिल्लो, शिव कुमारी, संगीता, उमा देवी, शिवप्यारी, प्रीती, रईसा बानो, रामदेवी, लक्ष्मी देवी सहित महिलाएं शामिल रहीं।

## समाजवादियों ने मुलायम सिंह यादव को पुण्य तिथि पर किया याद

**बांदा।** समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में आज पार्टी कार्यालय बांदा में श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि तिथि पर वैचारिक गोष्ठी हुई।नेता के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी,नेता जी के प्रथम पुण्यतिथि में नेता जी के द्वारा बताए गए सामाजिक कार्यो और आदर्शो पर चलने का दृढ़ संकल्प लिया। जिसमे समाजवादी पार्टी के विभिन्न नेता मौजूद रहे। समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय सचिव महिला सभा नीलम गुप्ता ने नेता जी द्वारा किए गए कार्यो और सामाजिक परिपेक्ष में उनके दिए योगदान को भुलाया नही जा सकता,नीलम ने कहा नेता जी हम लोगों के प्रेरणास्त्रोत थे आज वो हमारे बीच नहीं लेकिन उनकी विचारधारा को हम लोग जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे यही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# नगर आयुक्त ने सुनी समस्याएं

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** नगर निगम कार्यालय में जनसुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन-सामान्य द्वारा जन सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति,प्रकाश बिन्दू,नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायते आई।जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया व जन समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। जन सुनवाई दिवस में 04 समस्यायें/शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर ही 03 समस्या/शिकायत का त्वरित निस्तारण किया गया। संबन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त समस्याओं शिकायतों का निस्तारण शीघ्र ही कराया जायें। समस्त नगरवासियों से अपील की गई कि प्रत्येक मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित होने वाले जन सुनवाई दिवस में सक्रिय प्रतिभाग कर नगर निगम शाहजहाँपुर द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं से सम्बन्धित समस्याओं को रख सकते हैं, जिनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जायेगा। जन सुनवाई दिवस में अपर नगर आयुक्त एस.के. सिंह, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, मुख्य अभियंता सिविल एस.के. अम्बेडकर, महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मनोज कुमार मिश्रा,अधिशासी अधिकारी आशीष त्रिवेदी, कर अधीक्षक सदानंद एवं नगर निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा नगर के जन-सामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया।

# उप मुख्यमंत्री ने ब्लाक प्रमुखों से किया सीधा संवाद

## ब्लाक प्रमुख व खण्ड विकास अधिकारी तारतम्य व समन्वय बनाकर विकास योजनाओं की गति तेज करें: केशव प्रसाद मौर्य

- संवादहीनता समाप्त हो, विकास की रफ्तार तेज होगी गांवों में विकास के नये प्रतिमान स्थापित करें
- पीएम आवास योजना के पात्रों व अपात्रों की सूची पंचायत भवनों पर लिखाई जाए: केशव प्रसाद मौर्य

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि ब्लाक प्रमुख व खण्ड विकास अधिकारी आपसी तालमेल व समन्वय बनाकर विकास योजनाओं को धरातल पर उतारें। कहा कि विकास कार्य धरातल पर नजर आने चाहिए। कहा कि ब्लाक प्रमुख, गरीब कल्याण और गांव-गरीब के लिए संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में सहभागी बने। कहा कि ब्लाक प्रमुख, खण्ड विकास अधिकारी, प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रत्येक महीने के पहले सप्ताह में ब्लाक मे बैठक अनिवार्य रूप से करें, और विकास योजनाओं को अमली जामा पहनाने में अपनी सकारात्मक भूमिका का निर्वहन करें, समस्याओं का समाधान भी करें, जो मसले ब्लाक की मीटिंग में न हल होने वाले हो, उन्हें जिला स्तर पर होने वाली बैठक में रखें। महीने के अन्तिम सप्ताह में जिला अधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी, ब्लाक प्रमुखों के साथ मीटिंग करेंगे।केशव प्रसाद मौर्य आज इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में



आयोजित लखनऊ मंडल के ब्लॉक प्रमुखों व खंड विकास अधिकारियों की कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

उप मुख्यमंत्री ने लखनऊ मंडल के सभी जिलों के ब्लॉक प्रमुखों से सीधे संवाद करते हुए ग्राम विकास की योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करने के लिए सुझाव के लिए और उनकी समस्याएं भी सुनी और कहा कि उनके सुझावों का संज्ञान लेकर नियमानुसार यथोचित करवाई की जाएगी। मौर्य ने कहा कि अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच संवादहीनता समाप्त होगी, तो विकास की रफ्तार और तेज होगी। अधिकारी/ कर्मचारी और जनप्रतिनिधि मिलकर गांव में विकास के नये कीर्तिमान और नये प्रतिमान स्थापित करें। उन्होंने कहा कि हम सबकी जिम्मेदारी है, कि गरीब कल्याण की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को हर हाल में मिले। उपमुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण व मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के पात्र लाभार्थियों तथा अपात्र लोगों की सूची पंचायत भवनों पर स्पष्ट रूप से लिखाई जाए, जिससे किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति ना रहे। ब्लॉक प्रमुखगण, ग्राम विकास की योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रबलता के साथ सहभागी बने और योजनाओं की पहरेदारी भी करें।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोक भवन, लखनऊ में नवचयनित होम्योपैथिक फार्मासिस्ट के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोक भवन, लखनऊ में नवचयनित होम्योपैथिक फार्मासिस्ट के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के अवसर पर

# दादा मियां की दरगाह पर प्रदेश की खुशहाली के लिए चढ़ाई चादर

- कई धर्मों के लोग रहे मौजूद, एकता अखंडता के लिए हुई विशेष दुआ
- पूरी शानो शौकत से हुई बुजुर्ग हस्ती की चादर पोशी



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आज माल एवेन्यू स्थित हजरत ख्वाजा मोहम्मद नबी रजा शाह (दादा मियां) की दरगाह शरीफ पर समाजसेवियों और पत्रकारों के राष्ट्रीय संगठन प्रिन्ट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन तथा उ.प. ज़िला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश की खुशहाली के लिए चादर पोशी की गई।इसी के साथ ही पत्रकारों तथा देश वासियों के खैर मकदम के लिए व दुनिया तथा मुल्क में अमन शान्ति के लिए व्यवस्थापक फरहत मियां और खादिम आरिफ़ मियां ने इज्तिमाई दुआ कराई। इस रूहानी महफ़िल में शहर की नाम चीन हस्तियों में रॉयल ग्रुप के हेड मुरलीधर आहूजा, डॉक्टर आदर्श त्रिपाठी, भाजपा की वरिष्ठ नेता फरहा रिज़्वी, समाजसेवी महेश चंद्र दीक्षित,सरदार राजू, प्रिन्ट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अज़ीज़ सिद्दीकी,मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के महामंत्री अब्दुल वहीद, सचिव जुबेर अहमद, एन.आलम,जमील मलिक, मोहम्मद इमरान,परवेज अख्तर,शबाब नूर, शादाब अहमद, नवाज़ खान,जावेद बेग, आरिफ़ मुकीम, वसी अहमद सिद्दीकी,नौशाद बिलग्रामी, इकराम गुड्डू व सैकड़ों पत्रकार मौजूद थे। इस मौके पर समाजसेवियो के साथ ही वाराणसी के मशहूर शहनाई वादक बिस्मिल्ला खां के दामाद ने शहनाई बजाकर चादर की अगुवाई की।

# जाट रेजिमेन्टल सेन्टर में 4 दिसंबर से सेना भर्ती रैली

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** यूनिट हेडक्वार्टस कोटा (यूएचक्यू) के तहत अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, अग्निवीर ट्रेड्समेन, अग्निवीर खिलाड़ी (जो अभ्यर्थी जाट रेजिमेंटल सेन्टर में स्पोर्ट्स ट्रॉयल में भाग लिए थे) और अग्निवीर लिपिक पदों हेतु भर्ती रैली आगामी 04 दिसंबर से 16 दिसंबर 2023 तक जाट रेजिमेन्टल सेन्टर (जेआरसी), बरेली में आयोजित की जायेगी।

यह भर्ती रैली युद्ध विधवाओं के पुत्रों, जाट रेजिमेन्ट के भूतपूर्व एवं सेवारत सैनिकों, युद्ध के दौरान शहीद एवं घायल सैनिकों के पुत्रों तथा सगे भाइयों के लिये आयोजित की जायेगी। इसके अतिरिक्त इस भर्ती रैली में अन्य रेजिमेन्टों के भूतपूर्व एवं सेवारत सैनिको, युद्ध के दौरान घायल सैनिकों के भाई, पुत्र तथा कानूनी रूप से गोद लिये हुए बच्चों सहित सर्वश्रेठ खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थियों को प्रारम्भिक जॉच हेतु समस्त वांछित प्रमाण पत्र एवं दस्तावेजों के साथ प्रातः 04.00 बजे भर्ती स्थल जाट रेजिमेन्टल सेन्टर के जाट गेट पर पहुँचना होगा। 08.00 बजे बाद आने वाले अभ्यर्थियों को भर्ती में सम्मिलित होने की अनुमति नही दी जायेगी।

यूनिट हेडक्वार्टस कोटा के तहत आयोजित होनेवाली रैली में 04 दिसंबर को अग्निवीर सामान्य ड्यूटी पद हेतु उत्तराखंड और किसी भी राज्यों के अभ्यर्थियों के लिए (उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा को छोड़कर) जिन खिलाडियों को खेल परीक्षण के दौरान चयनित किया गया था।05 दिसंबर - को अग्निवीर सामान्य ड्यूटी पद हेतु उत्तर प्रदेष के आगरा, अलीगढ, इलाहाबाद, अंबेडकर नगर, अमेठी (छत्रपति शाहूजी महाराज नगर), अमरोहा (जे पी नगर), औरैया, आजमगढ, गोंडा, गोरखपुर, हमीरपुर, हरदोई, हाथरस, जौनपुर, झांसी, कनौज, कानपुर नगर, कांशीराम नगर (कासगंज), कौशाम्बी, लखीमपुर खेरी, कुशीनगर (पडरौना), ललीतपुर, लखनऊ, महराजगंज, महोबा, मैनपुरी, मऊ और मेरठ के अभ्यर्थियों के लिए भर्ती रैली आयोजित की जायेगी।

## विभिन्न जनपदों के नेताओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

**लखनऊ।** कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा में आस्था और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी व महासचिव प्रियंका गांधी के देश और संविधान की रक्षा के लिए किये जा रहे संघर्ष से प्रेरित होकर विभिन्न जनपदों के नेताओं ने कांग्रेस का हाथ थामा। कांग्रेस में शामिल होने वालों में सहारनपुर से समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व विधायक मोहम्मद फिरोज आफताब और सपा नेता मिस्बाहुल हक, लखनऊ से श्याम बली, दुलीचंद, बिजनौर से मुनेन्द्र सिंह, कुशीनगर से रामलाल आदि ने प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और कांग्रेस सचिव प्रदीप नरवाल के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर पार्टी में शामिल होने वालों का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल ने कहा कि कांग्रेस की सोच और नीतियों से प्रभावित होकर लोग लगातार कांग्रेस से जुड़ रहे हैं।

# एलडीए ने चलाया अवैध निर्माण और प्लाटिंग के खिलाफ अभियान

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर शहर में लगातार अवैध निर्माण और अवैध प्लाटिंग के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को प्राधिकरण अधिकारियों ने प्रवर्तन जोन-3 के पारा और कृष्णानगर में अभियान चला कर अवैध निर्माणों को सील कराया। अभियान के दौरान दो शॉपिंग कॉम्पलेक्स, गोदाम और रो-हाउसेस भवनों को सील किया गया। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि कृष्णानगर के अलीनगर सुनहरा स्थित जे.के. सिटी में वीरू राय की ओर से लगभग 2500 वर्गफिट क्षेत्रफल में पूर्व में बने भवन में नये सिरे से निर्माण करा कर गोदाम बनाया जा रहा है। इसके अलावा सविता यादव व अन्य की ओर से पारा के प्रदीपन खेड़ा में लगभग 2500 वर्गफिट क्षेत्रफल में भूतल व प्रथम तल पर चार दुकानें व द्वितीय तल पर हॉल का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं रेशमा व अन्य की ओर से प्रदीपन खेड़ा में भाई-भाई हार्डवेयर एवं सेनेट्री के बगल में लगभग 2800 वर्गफिट क्षेत्रफल में भूतल, प्रथम तल और द्वितीय तल पर 6 दुकानों और तीसरे तल पर ममटी का निर्माण कराया जा रहा है। इसी तरह देशराज सिंह व अन्य की ओर से पारा में सेंट मैरी स्कूल रोड पर मोनार्क सिटी में लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल में 3 रो-हाउसेस भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। मानचित्र स्वीकृत कराए बिना हो रहे निर्र्माण के सभी प्रकरणों में विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश दिये थे। मंगलवार को सहायक अभियंता वाई.पी. सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता भरत पाण्डेय, भानु प्रताप वर्मा और प्रमोद कुमार पाण्डेय ने प्राधिकरण व स्थानीय थाने की पुलिस की मदद से निर्माणों को सील कराया।

### सभी विवादित पत्रावलियों की जांच एक सप्ताह में पूरी करने के निर्देश

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने मंगलवार को ट्रांसपोर्ट नगर योजना के सभी विवादित पत्रावलियों की जांच एक सप्ताह में पूरी करने के निर्देश दिये। उन्होंने योजना में ग्राउण्ड सर्वे का काम कर रही टीम को भूखण्डों और स्थल पर मौजूद निर्माणों की वीडियोग्राफी कराने के भी निर्देश दिये। डॉ. त्रिपाठी मंगलवार को प्राधिकरण भवन में ट्रांसपोर्ट नगर योजना के संबंध में बैठक कर रहे थे। योजना का सर्वे कर रही कंसल्टेंसी कम्पनी के प्रतिनिधियों की बैठक में ग्राउण्ड सर्वे की रिपोर्ट पेश की गयी, जिसमें बताया गया कि ले-आउट के आधार पर फेज-1 और फेज-2 में कुल 1925 भूखण्ड चिन्हित किये गये हैं। इनमें से प्राधिकरण के पास कुल 1554 भूखण्डों का विवरण है जबकि शेष 371 भूखण्डों की पत्रावली नहीं मिल रही। इस पर उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को 1554 भूखण्डों जिन की पत्रावलियां उपलब्ध हैं का ब्यौरा दो दिन में कम्पनी को देने और शेष पत्रावलियों के संबंध में रिकार्ड से जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का निर्देश दिया। समीक्षा में मिला कि प्राधिकरण स्तर से 985 सम्पत्तियों का रिकार्ड कंप्यूटरीकृत किया गया है जबकि 568 पत्रावलियों का विवरण कंप्यूटर पर उल्लिखित नहीं है। इस पर उपाध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को तीन दिन के भीतर शेष पत्रावलियों को कंप्यूटरीकृत करने का समय दिया। उपाध्यक्ष ने कह कि जिन 1554 भूखण्डों की फाइलें उपलब्ध हैं उनमें संदेहास्पद दिखने वाली फाइलों की बारीकी से जांच करें। उन्होंने इसके लिए ट्रांसपोर्ट नगर योजना का काम देख रहे कर्मचारियों के साथ सम्पत्ति अनुभाग के 10 अनुभवी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर एक सप्ताह में जांच पूरी करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि जांच में जो पत्रावलियां विवादित पायी जाती हैं उनमें नियमानुसार कार्रवाई होगी। बैठक में अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, मुख्य अभियंता ए.के. सिंह, नजूल अधिकारी अरविंद त्रिपाठी, विशेष कार्याधिकारी रामशंकर, उपसचिव अतुल कृष्ण सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## मुलायम सिंह यादव को अजाय राय ने दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** देश के पूर्व रक्षामंत्री और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की पहली पुण्यतिथि पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वर्गीय यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अजय राय ने कहा कि स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने गरीबी से निकल कर प्रदेश के मुख्यमंत्री और देश के रक्षामंत्री तक का सफर तय किया। मुलायम सिंह यादव ने जहां पिछड़ों को ताकत दी वहीं अन्य समाजों को भी अपने साथ जोड़े रखा। वह एक व्यवहार कुशल नेता थे, जिनका सभी राजनैतिक दलों के साथ मधुर सम्बंध रहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की राजनीति में मुलायम सिंह यादव की कमी पूरा करने वाला पिछड़े वर्ग का कोई नेता आज दूर-दूर तक दिखाई नहीं देता।

# हर घर नल से जल पहुंचाने की जमीनी हकीकत का लिया जायजा



### जल जीवन मिशन ने दिलाई बीमारी से मुक्ति

मोहनलालगंज के उदयपुर गांव की महिलाओं ने एक-एक करके उन्हें बताया कि उनके लिए यह योजना सुविधाओं का खजाना है। इसके पहले उन्हें पानी लेने के लिए हैंडपंप या कुओं तक जाना होता था। गर्मियों में हैंडपंप पानी छोड़ देते थे तो भरी दोपहरी में उन्हें कुएं से पानी निकालना होता था। खुला कुआं एक तरह से बीमारी का घर था। उदयपुर गांव की प्रधान श्यामा देवी ने गांव में आए बदलाव की कहानी विनी महाजन और उनकी टीम को सुनाते हुए कहा कि टंकी बनने और घर तक पानी आने की यह यात्रा बेहद सुखद और आश्चर्यजनक है। विनी महाजन ने लोगों से पानी की आपूर्ति के बारे में भी जानकारी ली। यही नहीं, उन्होंने घरों में आए पानी की गुणवत्ता खुद यहां सप्लाई होने वाला पानी को पीकर जांची।

### सरथुआ व गोदौली गांव भी पहुंची केन्द्र सरकार की टीम

डिपार्टमेंट ऑफ ड्रिंकिंग वॉटर एंड सेनिटेशन के एडिशनल सेक्रेटरी और मिशन डायरेक्टर विकास शील और जल जीवन मिशन के निदेशक प्रदीप सिंह ने मोहनलालगंज के सरथुआ और सरोजनीनगर के गोदौली गांव पहुंचकर योजना की प्रगति की जानकारी ली और लोगों से बातचीत की, जिसमें लोगों ने घरों में नल से पानी आने पर खुशी जाहिर की और सरकार को इसके लिए धन्यवाद दिया। विनी महाजन बुधवार को भी कुछ गांवों में जाकर योजना की जमीनी हकीकत जानेंगी।

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की सचिव विनी महाजन की अगुआई में पांच सदस्यीय दल जल जीवन मिशन की जमीनी हकीकत जानने के लिए उत्तर प्रदेश के दौरे पर है। मंगलवार को लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से सीधे सचिव विनी महाजन की अगुवाई में यह टीम मोहनलालगंज के उदयपुर गांव पहुंची। यहां उन्होंने हर घर नल से जल पहुंचाने की जमीनी हकीकत का जायजा लिया। क्लोरीनेशन प्लांट से लेकर ओवरहेड टैंक तक का मुआयना किया। इसके बाद जब विनी महाजन गांव की महिलाओं से मुखातिब हुई तो उन्होंने घरों में नल से पानी पहुंचने के बाद जीवन में आए बदलाव की कहानी सुनाई।

### कई और जिलों में योजना की हकीकत जान रही केन्द्रीय टीम

केन्द्रीय सचिव के अलावा केन्द्र सरकार के कई अधिकारी पहले से यूपी के अलग-अलग जिलों में हर घर नल योजना की थाह ले रहे हैं। केन्द्र सरकार की अलग-अलग टीमें राजधानी लखनऊ के अलावा बाराबंकी, सीतापुर और हरदोई समेत अन्य जिलों में पहुंचकर योजना की जमीनी हकीकत परख रहे हैं। उन्होंने हर जगह योजना के अमल में आने से लोगों के जीवन में आया बदलाव महसूस किया है।

**यूपी के प्रयासों को सराहा:** विनी महाजन की अगुआई में मंगलवार शाम को जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक भी हुई। इसमें केंद्रीय टीम के अलावा यूपी के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, एपीसी मनोज कुमार सिंह, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव, जल निगम ग्रामीण के प्रबंध निदेशक डॉ बलकार सिंह, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के निदेशक बृजराज सिंह यादव समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। वहीं, जिलों के डीएम, सीडीओ व विभाग के इंजीनियर आदि इस वर्चुअली बैठक में शामिल हुए। सबसे अधिक नल कनेक्शन देने की श्रेणी में उत्तर प्रदेश के नंबर एक राज्य बनने पर विनी महाजन ने यूपी के अधिकारियों की तारीफ की। उन्होंने हर घर जल पहुंचने से बुंदेलखंड में आए परिवर्तन और वहां हो रहे काम की निरंतर प्रगति पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि देश भर में चल रही जल जीवन मिशन की हर घर नल से जल योजना में उत्तर प्रदेश एक रोल मॉडल बनकर सामने आया है। यूपी ने चार साल में जल जीवन मिशन में बड़े मुकाम तय किए हैं।

# गरवी गुजरात यात्रा: दिल्ली-सफदरजंग रेलवे स्टेशन से सेवा शुरू




भारत गौरव डीलक्स वातानुकूलित पर्यटक रेलगाड़ी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत गौरव पर्यटक ट्रेन भारत सरकार की ष्देखो अपना देशष् पहल के तहत चलाई जा रही है। जिसका उद्देश्य भारत गौरव ट्रेनों के माध्यम से भारत और दुनिया के लोगों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और शानदार ऐतिहासिक स्थानों को प्रदर्शित करना है। लोकप्रिय मांग के कारण, रेलवे ने वडोदरा-चंपानेर, केवडिया (स्टैच्यू ऑफ यूनिटी) सोमनाथ, द्वारका, अहमदाबाद, सिद्धपुर, मोढेरा और पाटन को कवर करने के लिए भारत गौरव एसी टूरिस्ट ट्रेन के माध्यम से एक और विशेष रूप से डिजाइन किए गए टूर गरवी गुजरात को संचालित करने का निर्णय लियाए जो यात्रा कार्यक्रम में प्रमुख आकर्षण है।ट्रेन अपनी 7 रातों 8 दिनों की यात्रा के लिए आज 13:45 बजे दिल्ली सफदरजंग रेलवे स्टेशन से रवाना हुई। अत्याधुनिक एसी रेकए आधुनिक सुविधाएंए दो डाइनिंग रेस्तरांए आधुनिक किचन काराए पर्यटकों के लिए फुट मसाजरए सुरक्षा गार्ड के साथ साथ लघु पुस्तकालयए स्वच्छ शौचालयए सीसीटीवी कैमरों की उन्नत सुरक्षा सुविधाओं आदि के साथ पर्यटक ट्रेन में विकल्प हैं। यात्रा में गुड़गांवए रेवाडीए रींगसए फुलेरा और अजमेर स्टेशनों से ट्रेन में सफर किया जा सकता है।

### ट्रेनों को मार्ग परिवर्तन, रिशिड्यूलिंग एवं नियंत्रण करके चलाया जायेगा

**लखनऊ।** ऐशबाग लखनऊ सिटी स्टेशनों के मध्य ब्रिज पर गर्डर लगाये जाने के लिए ब्लॉक दिये जाने के कारण ट्रेनों को मार्ग परिवर्तन, रि.शिड्यूलिंग एवं नियंत्रण करके चलाया जायेगा। यशवन्तपुर गोरखपुर एक्सप्रेस 13 अक्टूबर को परिवर्तित मार्ग मानकनगर, लखनऊ व मल्हौर के रास्ते चलायी जायेगी। ओखा गोरखपुर एक्सप्रेस 17 अक्टूबर को मानकनगर, लखनऊ व मल्हौर के रास्ते चलायी जायेगी। लखनऊ जंक्शन गोरखपुर एक्सप्रेस 13, 14 एवं 15 अक्टूबर को लखनऊ जंक्शन से 35 मिनट एवं 20 अक्टूबर को 85 मिनट रिशिड्यूल कर चलायी जायेगी। ऐशबाग गोरखपुर एक्सप्रेस 13, 14 एवं 15 अक्टूबर को ऐशबाग से 25 मिनट तथा 20 अक्टूबर को 80 मिनट रि.शिड्यूल कर चलायी जायेगी। लखनऊ जंक्शन बरौनी एक्सप्रेस 13, 14 एवं 15 अक्टूबर को लखनऊ जंक्शन से 105 मिनट एवं 16, 17, 18, 19 अक्टूबर को 145 मिनट तथा 20 अक्टूबर को 165 मिनट रि.शिड्यूल कर चलायी जायेगी। छपरा मथुरा एक्सप्रेस 13 अक्टूबर को छपरा से 205 मिनट एवं 16, 18, 20 अक्टूबर को 255 मिनट रि.शिड्यूल कर चलायी जायेगी। 12107 लोकमान्य तिलक टर्मिनस सीतापुर एक्सप्रेस 15 अक्टूबर को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 90 मिनट तथा 17 एवं 19 अक्टूबर को 150 मिनट रि.शिड्यूल कर चलायी जायेगी। वहीं गोमतीनगर जयपुर एक्सप्रेस 16 एवं 18 अक्टूबर को मार्ग में 15 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी।

# लखनऊ मण्डल से होकर गुजरने वाली रेल गाड़ियों का मार्ग परिवर्तित




**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल पर बुढ़वल सीतापुर खंड पर स्थित बुढ़वल व सुढिया मऊ स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य के चलते 7 से 15 अक्टूबर तक प्री.नॉन इंटरलॉक एवं 16 से 19 अक्टूबर तक नॉन इंटरलॉक कार्य तथा 19 अक्टूबर को रेल संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण के कारण उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल से होकर गुजरने वाली रेल गाडियों को निरस्त, मार्ग परितर्वन, रि.शिड्यूलिंग एवं शार्ट टर्मिनेशन, शार्ट आरिजिनेशन किया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे के जनसम्पर्क अधिकारी ने बताया कि अहमदाबाद से 12 एवं 14 अक्टूबर को चलने वाली 19409 अहमदाबाद गोरखपुर एक्सप्रेस गोमतीनगर में यात्रा समाप्त करेगी। गोरखपुर से 16 एवं 14 अक्टूबर को चलने वाली 19410 गोरखपुर अहमदाबाद एक्सप्रेस गोमतीनगर से चलायी जायेगी।बरौनी से 17 अक्टूबर को चलने वाली 15203 बरौनी लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस गोण्डा में यात्रा समाप्त करेगी। लखनऊ जंक्शन से 18 अक्टूबर को चलने वाली 15204 लखनऊ जंक्शन बरौनी एक्सप्रेस गोण्डा से चलायी जायेगी। हैदराबाद से 13 अक्टूबर को चलने वाली 02575 हैदराबाद गोरखपुर स्पेशल ट्रेन गोमतीनगर में यात्रा समाप्त करेगी। गोरखपुर से 15 अक्टूबर को चलने वाली 02576 गोरखपुर हैदराबाद स्पेशल ट्रेन गोमती नगर से चलायी जायेगी। कटिहार अमृतसर स्पेशल ट्रेन, गोरखपुर लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस, छपरा कचहरी गोमतीनगर एक्सप्रेस, नकहा जंगल गोमतीनगर एक्सप्रेस, जयनगर अमृतसर एक्सप्रेस, जयनगर अमृतसर एक्सप्रेस, ग्वालियर बरौनी एक्सप्रेस, गोरखपुर मैलानी एक्सप्रेस, ऐशबाग गोरखपुर एक्सप्रेस, अमृतसर सहरसा एक्सप्रेस, ग्वालियर बलरामपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

### रेलवे 15083 व 15084 गुरसहायगंज स्टेशन पर दो मिनट का ठहराव

**लखनऊ।** रेलवे 15083 व 15084 छपरा फर्रुखाबाद छपरा एक्सप्रेस का गुरसहायगंज स्टेशन पर अगले आदेश तक प्रायोगिक आधार पर दो मिनट का ठहराव देगा। छपरा से 17 अक्टूबर से चलने वाली 15083 छपरा फर्रुखाबाद एक्सप्रेस गुरसहायगंज स्टेशन पर 11:33 बजे पहुंचकर 11:35 बजे प्रस्थान करेगी। वापसी में फर्रुखाबाद से 17 अक्टूबर से चलने वाली 15084 फर्रुखाबाद छपरा एक्सप्रेस गुरसहायगंज स्टेशन पर 3:20 बजे पहुंचकर 3:22 बजे प्रस्थान करेगी।

### पीआरएस सेवाएं अस्थाई रूप से रहेंगी स्थगित

**लखनऊ।** 10 व 11 अक्टूबर की मध्यरात्रि 11:45 बजे से तड़के 1:15 बजे तक दिल्ली पीआरएस सेवाएं अस्थाई रूप से स्थगित रहेगी। स्थिर और गतिशील डेटाबेस संपीडऩ कार्य के चलते दिल्ली पीआरएस की सभी सेवाएं जैसे कि आरक्षण, निरस्तीकरण, चार्टिंग, पूछताछ सेवा 139 तथा काउंटर सेवा, इंटरनेट बुकिंग तथा ईडीआर सेवाएं 10 अक्टूबर की मध्यरात्रि 11:45 बजे से 11 अक्टूबर को तड़के 1:15 बजे तक लगभग 1:30 घंटे तक उपलब्ध नहीं रहेंगी।